

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 2 अंकः 07 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# मारी परीक्षा न लें... ईरान को इजरायल की धमकी

## दुनिया का सपोर्ट मांगकर बोले नेतन्याहू- यह युद्ध आपका भी युद्ध है

**तेल अवीव**. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और हिजबुल्ला को चेतावनी देते हुए कहा कि वे उत्तर में 'हमारी परीक्षा' नहीं लें. नेतन्याहू ने सोमवार को इजरायली संसद 'नेसेट' में दिए भाषण में कहा कि हमास को हराने के लिए दुनिया को एकजुट होने की जरूरत है. उन्होंने कहा, "यह युद्ध आपका भी युद्ध है."

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूहों के खिलाफ इजरायल का चल रहा युद्ध अंधेरे की ताकतों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई है. उन्होंने नेसेट (इजरायली संसद) के शीतकालीन सत्र के उद्घाटन सत्र में कहा, "75 साल बीत जाने के बाद भी, स्वतंत्रता का युद्ध समाप्त नहीं हुआ है."



बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ विश्व एकता का आह्वान किया और कहा, "हमारा युद्ध आपका युद्ध है. यदि हम पूरी तरह से एकजुट नहीं हुए, तो यह कल आपके साथ होगा." नेतन्याहू ने कहा, "हम जीतेंगे, क्योंकि यहां हमारा अस्तित्व दांव पर है." उन्होंने हमास की तुलना नाजी जर्मनी से की और संघर्ष को "प्रकाश की ताकतों और अंधेरे की ताकतों के बीच, मानवता और पशुता के बीच युद्ध" करार दिया.

पीएम बेंजामिन ने फिर से दोहराया कि "हमास पर जीत, उसे उसके शासन से उखाड़ फेंकना हमारा लक्ष्य है." आतंकवादी समूह हमास द्वारा बीते 7 अक्टूबर को हमला करने के बाद से अब तक इजरायल के 1300 से अधिक लोगों की हत्या की जा चुकी है और 4000 के करीब घायल हैं, जबकि लगभग 200 बंधकों का अपहरण करके उन्हें गाजा पट्टी में कैद रखा गया है.

दूसरी ओर, हमास-नियंत्रित क्षेत्र में स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में मौतें बढ़कर 2,670 हो गई हैं, जबकि 9,600 से अधिक घायल हुए हैं. मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा में 455 लोगों की मौत और 856 लोगों के घायल होने की खबर है.

# PM सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल की रख सकते हैं नींव, बेहतर होगी चिकित्सा सुविधा




समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को काशी आ सकते हैं। उस दौरान पीएम अपने संसदीय क्षेत्र काशी में सुपर मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल की आधारशिला रख सकते हैं। सुपर मल्टीस्पेशिएलिटी अस्पताल बनने से वाराणसी में चिकित्सा सुविधा और सुदृण होगी। शासन ने मल्टी सुपर स्पेशिएलिटी हास्पिटल के लिए करीब 388 करोड़ का प्रस्ताव बनाया है। इसमें 215.62 करोड़ रुपये स्वीकृत भी हो चुके हैं। वहीं प्रोजेक्ट को तकनीकी मंजूरी भी मिल चुकी है। वर्तमान में जिले में किसी भी अस्पताल में सुपर स्पेशिएलिटी सेवाएं नहीं हैं। इससे प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरोलाजी, यूरोलाजी, सर्जिकल आंकोलाजी, नेफ्रोलाजिस्ट, हृदय रोग, गैस्ट्रोलाजी समेत अन्य मरीजों को बीएचयू रेफर करना पड़ता है। इस बाबत सीएमओ डा. संदीप चौधरी ने बताया कि मंडलीय चिकित्सालय में बनने वाले सुपर मल्टी स्पेशिएलिटी हास्पिटल के लिए सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। डीपीआर की मंजूरी मिल गई है। तीन साल में अस्पताल के बनकर तैयार होने की योजना है।

# राम जन्म से अयोध्या मे खुशी की लहर

समाज जागरण



नोएडा । श्रीराम मित्र मण्डल नोएडा द्वारा सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला मंचने के दूसरे दिन मुख्य अतिथि मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष नोएडा भारतीय जनता पार्टी, अतिथि गणेश जाटव जिला महामंत्री, उमेश त्यागी जिला महामंत्री भाजपा एवं राजीव त्यागी भाजपा नेता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। प्रथम दृश्य में रावण और अन्य राक्षसों के अत्याचार से कराह रही पृथ्वी को अत्याचार मुक्त करने के हेतु देवतागण भगवान विष्णु से अवतार लेने की प्रार्थना करते हैं। राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ जी के पास जाना, वशिष्ठ जी द्वारा श्रृंगी ऋषि द्वारा शुभ पुत्र कामेष्ठि यज्ञ करवाना। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर खीर प्रदान करना। राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर प्रदान करना और खीर खाकर तीनों रानियों का गर्भवती होने की लीला हुई। भगवान राम के साथ तीनों भाईयों के जन्म लेते ही राजा दशरथ और रानी कौशल्या बड़े ही उत्साहित थे। अवध में चारों ओर बधाई गान गाए गए। कौशल्या जायो लल्ला, अवध में मचो हल्ला, अवध में जनमे रघराई, कौशल्या रानी दे दो बधाई। बाल स्वरूपे भगवान राम से मिलने शंकर जी योगी का भेष बनाकर आते हैं और इसके बाद चारों भाइयों का नाम करण गुरू वशिष्ठ द्वारा किया जाता है। तत्पश्चात भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन गुरु वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा दीक्षा के प्रस्थान करते हैं। भगवान राम की बाल लीला का मंचन देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो जाते हैं। अगले दृश्य में विश्वामित्र का राजा दशरथ के दरबार में आगमन होता है और वह अपने यज्ञ की राक्षशों से रक्षा के लिए राम लक्ष्मण को साथ ले जाने के लिए कहते हैं। वशिष्ठ जी के समझाने पर दशरथ जी राम लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। रास्ते में जाते समय विश्वामित्र भगवान राम को राक्षसी ताड़का, मारीच और सुबाहु को दिखाते हैं। ताड़का, मारीच एवं सुबाहु क्रोध कर के विश्वामित्र व राम लक्ष्मण के ऊपर आक्रमण कर देते है ।भगवान राम धनुष उठाकर सुबाहु और तड़का का वध कर देते हैं और मारीच को दूर दक्षिण किनारे समुद्र में फेंक देते हैं। भगवान की आरती के साथ दूसरे दिन की रामलीला का समापन होता है। ।

कल 17 अक्टूबर को ऋषि विश्वामित्र के आश्रम में जनक दूत का आगमन, सीता स्वंवर मे आने का निमंत्रण,अहिल्या उद्धार, सीता जन्म कथा, जनक द्वारा शिव धनुष भंग करने की प्रतिज्ञा, जनक बाजार में राम लक्ष्मण भ्रमण, पुष्प वाटिका में राम सीता साक्षात्कार एवं गौरी पूजन आदि लीलाओं का मंचन किया जायेगा।इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सलाहकार मनोज शर्मा, सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, पवन गोयल, बजरंग लाल गुप्ता, एस एम गुप्ता, अजीत चाहर, गौरव मेहरोत्रा, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल,मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, गिरिराज बहेडिया, शांतनु मित्तल, सुधीर पोरवाल, मोतीराम गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, आर के उप्रेती सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

# वाराणसी : कैंट स्टेशन पर बना देश का सबसे लंबा फ्लाईओवर,


## 10 मीटर चौड़ा और 140 मीटर लंबा है फुट ओवरब्रिज

समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो

वाराणसी। कैंट रेलवे स्टेशन की कायाकल्प करने के लिए चलाए जा रहे 45 दिन के महा अभियान ने कैंट रेलवे स्टेशन के नाम एक नया खिताब दिया है। कैंट पर देश का सबसे चौड़ा फुटओवर ब्रिज बना है। कैंट रेलवे स्टेशन पर तैयार तीसरा फुट ओवरब्रिज देश का सबसे चौड़ा फुट ओवरब्रिज माना जा रहा है। इसकी चौड़ाई 10 मीटर और लंबाई लगभग 140 मीटर है।

कैंट स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज की खासियत यह कि अब तक पूरे देश में इतनी चौड़ाई वाला कोई भी फूट ओवर ब्रिज तैयार नहीं किया गया है। अब बात चल रही है कि 12 फुट चौड़ा भी फुट ओवर ब्रिज तैयार करने की। इससे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सुविधा मिल सके।

लखनऊ डीआरएम डा. मनीष सप्रियल की मानें तो कैंट रेलवे स्टेशन पर लगातार यात्रियों की भीड़ का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसको



देखते हुए यार्ड मॉडलिंग का काम कराया गया। उसके तहत रेलवे स्टेशन पर नया एफओबी को तैयार किया गया है। ये तीसरे नंबर का एफओबी है, जहां आधुनिक सुविधाओं संग और इसके इसकी चौड़ाई को भी बढ़ाया गया है, ताकि बड़ी संख्या में यात्री रेलवे स्टेशन के अलग-अलग छोर पर जा सकें।

# श्री राम जन्म महोत्सव के साथ हुई रामलीला का शुभारंभ

## रामलीला एक ऐसा धार्मिक कार्यक्रम है जिसे प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के साथ, एक साथ बैठकर देख सकता है: डॉ महेश शर्मा

नोएडा। सोमवार को सेक्टर 46 के रामलीला मैदान में श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी नोएडा के दूसरे दिन का शुभारंभ पूजा पाठ के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा द्वारा किया गया।

रामलीला पूजन एवं राम जन्म वशिष्ठ द्वारा नामकरण, विश्वामित्र आगमन ताड़का वध, आदि लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ महेश शर्मा ने रामलीला के दूसरे दिन रामलीला मैदान में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामलीला एक ऐसा धार्मिक कार्य है ,जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों के साथ एक साथ बैठकर देख सकता है।

उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को भी सीख मिलती है ,कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य करने चाहिए, जिससे उसे कभी भी परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी ।

गलत कार्यों को अंजाम देने वालों को हमेशा परेशानी उठानी पड़ती है, डॉ महेश शर्मा ने कहा कि



प्रत्येक वर्ष रामलीला में यह दिखाया जाता है कि हमेशा सच्चाई का साथ देना चाहिए। और बुराई का विरोध करना चाहिए। इसी के चलते शक्तिशाली रावण को भी बुराई के रास्ते पर चलने पर हर का मुंह देखना पड़ा था। इसलिए उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अच्छाई के रास्ते पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पीयूष द्विवेदी, रविकांत मिश्रा, नरेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ पत्रकार एस एस अवस्थी, रामाअवतार सिंह, मदन शर्मा ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर महेश शर्मा को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर समिति के अध्यक्ष विपिन



अग्रवाल ,वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, और समिति के सदस्यों ने सम्मानित किया ।

इस अवसर पर पंडित कृष्ण स्वामी ने श्री राम जन्म, वशिष्ठ जी द्वारा नामकरण, तथा विश्वामित्र आगमन, ताड़का वध और शुभांशु वध की लीला का आयोजन किया।

अलावा आयोजन समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल, वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिरजा, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, कृष्ण स्वामी,संजय गोयल, आलोक गुप्ता ,गौरव कुमार, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल, संदीप अग्रवाल, बलराज गोयल , कुलदीप गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक जैन, पीयूष द्विवेदी, शरद कुमार सिंह, राजीव जैन, राहुल गुप्ता, तेजिंदर मलिक, सौरभ अग्रवाल रोहिणी नागर, डॉक्टर एसपी जैन, नरेश कुचछल, सुमित शर्मा, राकेश गुप्ता ,सुमित मित्तल, वीके गुप्ता, वी राणा, योगेंद्र शर्माआदि मौजूद थे।

# दिल्ली शराब घोटाला में अअढ को आरोपी बनाने पर कर रहे विचारः मनीष सिसोदिया केस में CBI-ED ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

नई दिल्लीः दिल्ली शराब घोटाला केस में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर



सुनवाई के दौरान सीबीआई और ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बड़ी जानकारी दी है. सीबीआई यानी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति संबंधी मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं. बता दें कि मनीष सिसोदिया दिल्ली शराब घोटाला केस में इसी साल फरवरी से जेल में बंद हैं.

# हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा पालिकाओं के 5 वार्डों में चुनाव की घोषणा

## 5 नवम्बर को होगा मतदान दिवस, प्रदेश सरकार ने 5 नवम्बर ( मतदान दिवस) को की अवकाश की घोषणा

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने पांच वार्डों के लिए उपचुनाव कराने की घोषणा कर दी है, जिनमें जिला गुरुग्राम के सोहना नगर परिषद के वार्ड नंबर 15, कैथल नगर परिषद के वार्ड नंबर 01, जिला महेन्द्रगढ़ के नारनौल नगर परिषद के वार्ड नंबर 16, जिला कैथल के राजौद नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 और जिला रेवाड़ी के बावल नगरपालिका का वार्ड नंबर 11 शामिल है। नगर पालिकाओं के जिन क्षेत्रों में मतदान होना है, वहां 12 अक्टूबर, 2023 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 20 अक्टूबर, 2023 से 26 अक्टूबर, 2023 तक (22 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को छोड़कर) भरे जाएंगे और मतदान 05 नवंबर को होगा।

उन्होंने कहा कि नामांकन पत्रों की



जांच 27 अक्टूबर, 2023 (शुक्रवार) को की जाएगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख 28 अक्टूबर होगी। प्रवक्ता ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्त होने के बाद वोटों की गिनती की जाएगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

**'5 नवंबर (मतदान दिवस) को अवकाश की घोषणा'**

प्रवक्ता ने आगे बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव से नगर पालिकाओं के अधिकार क्षेत्र में 5 नवंबर, 2023 (मतदान दिवस) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया है। श्रम विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वोट डालने के लिए नगर पालिकाओं के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी कारखानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रमों, व्यापार, दुकानों आदि में अवकाश घोषित करने का भी अनुरोध किया गया है, ताकि स्थित कारखानों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, दुकानों आदि के श्रमिक अपना वोट डाल सके।

# सियासत में बगावत एक स्वाभाविक प्रक्रिया

**दैनिक समाज जागरण**

पांच राज्यों के लिए विधानसभा चुनावों के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा के साथ ही सभी प्रमुख राजनीतिक दलों में बगावत के स्वर सुनाई देते हैं। इसे लेकर नुक्ताचीनी करने का कोई अर्थ नहीं है । चुनावों के समय की जाने वाली बगावतों का बहुत आशिंक असर होता है ,लेकिन यदि बगावत संगठित रूप से होती है तो राजनीतिक परिदृश्य बदलने में ज्यादा देर नहीं लगती। बावजूद इसके कुछ बगावतें भीगी बारूद की तरह फुस्स होकर रह जाती हैं।

बगावतों का इतिहास हर राज्य में है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक । बगावत की बयार अक्सर चलती है किन्तु आंधी में यदा -कदा तब्दील हो पाती है । बगावत जब आंधी में तब्दील होती है ,तब अनेक अवसरों पर राजनीतिक दलों का विभाजन भी होता है। सबसे ज्यादा विभाजन का दंश कांग्रेस ने सहा है । भाजपा में भी अनेक विभाजन हुए लेकिन भाजपा छोड़कर जिन नेताओं ने भी अपने दल बनाये वे ज्यादा दिन अपना वजूद बचाकर नहीं रख सके । वामपंथी दलों में भी एक -दो अवसरों पर बगावत हुई ,समाजवादी भी इस बीमारी के पुराने रोगी है।

सियासत में बगावत का पुराना इतिहास है ,फिलहाल बात करते हैं मप्र,राजस्थान ,छत्तीसगढ़,तेलंगाना और मिजोरम की ,क्योंकि इन्हीं राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो रहे है। मिजोरम विधानसभा के चुनावों को लेकर भाजपा और कांग्रेस ज्यादा गंभीर नहीं है । मिजोरम विधानसभा के चुनाव एक छोटी-मोटी नगर निगम के चुनाव जैसे है। फिर मिजोरम में भाजपा का कुछ है भी नहीं और हाल की मणिपुर की घटना ने भाजपा के लिए बची-खुची गुंजाइश भी समाप्त कर दी है। कमोवेश यही दशा भाजपा की तेलंगाना में है। हालाँकि तेलंगाना में भाजपा ने थोड़ी-बहुत उछलकूँद की भी । चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह तेलंगाना जाकर केसीआर को हड़का कर भी आये ,किन्तु बात बनी नही। तेलंगाना में मुकाबला कांग्रेस और मौजूदा सत्तारूढ़ दल के साथ है । इसलिए यहां बगावत की कोई समस्या है नहीं।

भाजपा का पूरा ध्यान मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ पर है । इन तीनों राज्यों में भाजपा की मोदी-शाह जोड़ी पूरा कसबल लगा रही है । इन तीनों राज्यों में भाजपा विधानसभा चुनावों की औपचारिक घोषणा के पहले ही भसकना [दरकना ]शुरू हो गयी थी । मध्यप्रदेश में तो भाजपा में सबसे जायदा बगावत हुई । विधायक से लेकर स्थानीय स्तर के नेता तक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गये । पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी से शुरू हुई ये बगत आज भी जारी है । भाजपा प्रत्याशियों की हर नई सूची बगावत की खबर लेकर आती है।लेकिन भाजपा की बगावत का स्वरूप असंगठित है इसलिए पार्टी में विभाजन का तो कोई खतरा नहीं है किन्तु इस बगावत की वजह से पार्टी की स्थिति कमजोर अवश्य हो रही है।

भाजपा ने मध्य प्रदेश में जिन तीन केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव को विधानसभा चुनाव में उतारा है वे सब बेमन से चुनाव लड़ रहे है। ये दसों नेता चुनाव लड़ना चाहते थे अपने बच्चों को ,अपने समर्थकों को ,लेकिन पार्टी है कमान ने किसी की एक नहीं सुनी। इन दस नेताओं के आने से भाजपा को कम से कम तीस सीटों पर जीत की उम्मीद है लेकिन हो उलटा रहा है । ये दसों की दस सीटें भी अब असुरक्षित दिखने लगी हैं । जिस चंबल-ग्वालियर अंचल ने भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पटकनी दी थी और बाद में इसी अंचल से कांग्रेस में हुई बगावत ने भाजपा को सत्ता तक पहुंचाया था,उसी में एक बार फिर बगावत सबसे ज्यादा हुई है और असंतोष की महीन स्वर तो अब भी सुनाई दे रहे हैं।

भाजपा के पितृ पुरुष और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे अनूप मिश्रा को टिकिट नहीं मिला है। वे खाट-पाट लेकर कोप भवन में है। उनके कांग्रेस में जाने की खबरें भी हवा में तैरीं किन्तु अनूप मिश्रा को इन खबरों का खंडन करना पड़ा ,क्योंकि उन्हें पता था कि कांग्रेस में उनका कोई माई-बाप नहीं है सिवाय दिग्विजय सिंह के। और एन मौके पर वे भी उनकी कोई मदद नहीं कर सकते। ग्वालियर में ही पूर्व मंत्री नारायण सिंह कि बगावत कि मंशा भी पूरी नहीं हो पायी । मुरैना में पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह के भी बागी होने की खबरें उड़ीं थीं,किन्तु अब वे भी असंतुष्ट होकर बैठे है। वे अपने बेटे के लिए टिकटार्थी थे। अभी तक उनके बेटे के बारे में पार्टी ने कोई फैसला नहीं किया गया है। भिंड में पूर्व विधायक रसाल सिंह बागी हो गए है। उनकी बगावत से एक -दो सीटों का गणित तो बिगड़ ही सकता है। भिंड में भाजपा में शामिल हुए सपा के विधायक संजीव सिंह का कथित पटवारी घोटाला पहले से भाजपा के गले कि हड्डी बना हुआ है ।

मप्र में कांग्रेस कि पहली सूची आने के बाद बगावत की इक्का-दुक्का खबर है लेकिन कांग्रेस को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला । कांग्रेस ने बहुत ठोंक-बजाकर प्रत्याशियों का चयन किया है। ग्वालियर में एक मात्र कांग्रेसी केदार सिंह कंसाना ने टिकिट न मिलने पर पार्टी छोड़ी है। वे जरूर कांग्रेस कि एक सीट का गणित खराब कर सकते हैं ,लेकिन बाकी कहीं कोई खरखसा नहीं है । कांग्रेस ने छह बार के विधायक केपी सिंह को अपनी सीट बदलने की सुविधा भी दी । वे अब पिछोर की जगह शिवपुरी से चुनाव लड़ेंगे। पहले भाजपा कि और से शिवपुरी से श्रीमती यशोधरा राजे चुनाव लड़तीं थीं ,लेकिन इस बार वे भी नाखुश भाजपाइयों की सोची में शामिल हो गयीं हैं। वे अपने बेटे के लिए टिकिट चाहतीं थीं किन्तु पार्टी ने उनकी सुनी नहीं।

भाजपा की चार सूचियां आने के बाद कांग्रेस की पहली सूची आने से कांग्रेस को फैसला करने में आसानी हुई । कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवतराज सिंह चौहान को चुनावों में उलझने के लिए एक अराजनीतिक व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया जो छोटे परदे का हनुमान है। बुधनी सीट से कांग्रेस के इस फैसले में कोई गंभीरता तो नजर नहीं आती किन्तु ये प्रयोग शिवराज सिंह चौहान कि नाव पार भी लगा सकता है और डुबो भी सकता है। वैसे जहाँ तक सूचनाएं हैं कि चौहान के खिलाफ हनुमान को उतरने का फैसला शिवराज सिंह के कांग्रेसी शुभचिंतकों ने सोच-समझकर ही किया है। कांग्रेस ने परिवारवाद के आरोप की परवाह किये बिना एक ही परिवार के दो-लोगों को टिकिट दिया।

राजस्थान में भी भाजपा के समाने बगावत एक गंभीर समस्या है । यहां पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती [श्रीमंत भी ] बसुंधरा राजे भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या है । भाजपा बसुंधरा राजे से छुटकारा चाहती है लेकिन वे भाजपा छोड़ना नहीं चाहती। वे राजस्थान की उमा भारती भी नहीं बनना चाहतीं अर्थात पार्टी को तोड़ना भी नहीं चाहतीं ,किन्तु उनके पार्टी में रहने से भी भाजपा को कोई लाभ नहीं होने वाला ,क्योंकि वे नाराज हैं। वे महिला भी हैं और पुराने सामंत परिवार से भी। उनके पास राजहठ भी है और त्रियाहठ भी। जो सीधे प्रधानमंत्री और शाह की जोड़ी को भारी पद सकता है। राजस्थान में भी भाजपा के कमजोर किले की किलेबंदी के लिए सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारा गया है। ये सब मिलकर बसुंधरा राजे की वजह से होने वाले नुक्सान की कितनी भरपाई कर पाएंगे ,कहना कठिन है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा के मुकाबले कांग्रेस में बगावत होना चाहिए ,लेकिन ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा । यहां कांग्रेस सतर्क है। उसे पता है कि सत्ताप्रतिष्टान के खिलाफ जनता की स्वाभाविक नाराजगी आमतौर पर जैसी होती है वैसी छग में है नहीं। कांग्रेस के असंतुष्ट नेता भी जानते हैं कि जब सबसे बड़े कांग्रेसी नेता सिंघदेव बगावत नहीं कर सके तो समान्य कांग्रेसी नेता की हैसियत ही नहीं है बगावत करने की। छग में भाजपा में भी बगावत मुमकिन है क्योंकि यहां आज भी भाजपा परिवार की बैशाखी लेकर चलने कि कोशिश कर रही है । मध्यप्रदेश में परिवारवाद का सहा-रा भाजपा के बजाय कांग्रेस ने ज्यादा लिया। मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भाई और बेटे तक को टिकिट मिल गया किन्तु बाकी टापते रह गए।

अतीत में झांके तो आप पाएंगे कि कांग्रेस से बगावत कर बनी एनसीपी हो या तृमूकां कम से कम राज्य की सत्ता में तो है लेकिन भाजपा से बगावत कर बनी उमा भर्ती की पार्टी का ,केशूभाई की पार्टी का कोई अतापता नहीं है । समाजवादियों के विभाजन से जन्मी जेडीयू जरूर बिहार में गठबंधन की सरकार का हिस्सा है। शिवसेना से टूटी शिवसेना भी महाराष्ट्र में सत्ता के साथ है ,लेकिन भाजपा से अलग हुए लोग अपना दलबल छोड़छाड़कर भाजपा में वापस लौट आये। टूटी तो बसपा और समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी भी किन्तु इन दलों से अलग हुए लोग भी अपना दल चला नहीं चला पाए।अब देखना ये है कि आने वाले दिनों में भाजपा,कांग्रेस अपने आपको बगावत के इस जहर से कितना अक्षुण रख पाते हैं ?

**@ राकेश अचल**

# मैं नारी हूँ

नारी हूँ मैं, नारी हूँ
जब अपनी जिद पे आती हूँ,
पर जाती सबपे भारी हूँ
मैं नारी हूँ।

मैं दुर्गा हूँ, मैं काली हूँ
मैं चंडी की अवतारी हूँ,
जन मानस की रक्षा हेतु
करती सिंह सवारी हूँ

मैं नारी हूँ।

झांसी की मदार्नी मै ही
कुंभा सी बलिदानी हूँ,
पी टी उषा उड़नपरी मै
मीरा सी प्रेम दीवानी हूँ,
मैं नारी हूँ।

मैं सीता हूँ, मैं राधा हूँ
मै नर का हिस्सा आधा हूँ,
मैं दान दया की वस्तु नही
मैं पूर्ण प्रेम अधिकारी हूँ

मैं नारी हूं।



**बिंदु अग्रवाल**
**गलगलिया, किशनगंज**
**बिहार**

# बैठकी "फर्क साफ दिखता है"

**दैनिक समाज जागरण**

कॉलबेल की आवाज ने सचेत कर दिया। दरवाजा खोला।नित्य की तरह बैठकी के सदस्यगण खड़े हैं फिर क्या था जम गई........




ए सरजी, लोग कुछ भी कहें, हमारे देश और अन्य देशों में तो फर्क स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है।--मास्टर साहब बैठते हीं शुरू हो गये।

कइसन फरक के बात करतानी,मास्टरस-ाहब !!--मुखियाजी तुरंत पुछ बैठे।

मुखियाजी,अमेरिका पर जब अलकायदा ने 11 सितम्बर 2001 को हमला किया था तो लगभग 3000 हजार से अधिक




लोगों की जान चली गई थी। लेकिन एक महिने के अंदर हीं उसने अफगानिस्तान पर आक्रमण कर दिया जिसमें लाख से उपर अफगानी और पाकिस्तानी मारे गये थे। अमेरिका इतने पर हीं नहीं रुका,पाकिस्तान में घुसकर सरगना,ओसामा बिन लादेन को गोलियों से भूनकर उठा ले गया और लाश को समुद्र में मछलियों का निवाला बना दिया ताकि कब्र भी नसीब न हो। लेकिन हमारे यहां आतंकी अफजल गुरुकुल को फांसी हुई तो.... छोड़िये कोई आतंकी मारा जाता है तो उसके जनाजे में, हजारों मुसलमान, उसकी जयजयकार करते हुए, शामिल होते हैं।--मास्टर साहब ने सही कहा।

उतना पिछे क्यूँ जाते हैं !इसी दस दिन पहले, फिलिस्तीनी आतंकवादी "हमास" ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर 5000 रॉकेटों से हमला किया और लगभग 1600 बेकसूर बच्चों,औरतों,नौजवानों,बुजुर्गों का कत्लेआम किया तो अगले हीं दिन से इजरायल ने गाजा में "हमास" के आतंकियों को सबक सिखाना शुरू कर दिया और आज ये हालात है कि सारे अरब मुल्क त्राहिमाम कर रहे हैं।जबकि छोटा सा इजरायल चारों ओर से इस्लामिक स्टेटस से घिरा है।वहां के राष्ट्रपति नेतन्याहु ने खुली चुनौती दे रखी है कि जबतक "हमास" का किस्सा खत्म नहीं कर देंगे,रुकेंगे नहीं।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

लिजिये, देखा नहीं है हम लोगों ने !26 नवंबर 2008 को मुंबई पर जैशे मोहम्मद का हमला!! जिसमें 176 लोगों की जान चली गई थी।उसमें 6 अमेरिकी और 8 इजरायली भी शामिल थे। लेकिन कांग्रेस की यूपीए सरकार, पाकिस्तान के साथ डोजियर, डोजियर का नाटक करती रही।--उमाकाका बोल पड़े।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक-एक कप उठाकर पुनः बहस में......


अरे ! जीवित अपराधी कसाब पकड़ा गया तो कांग्रेस सरकार मजबूरी में महिनों कानूनी कार्रवाई की। जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया।अपराधी को वकील मुहैया कराया गया और अंत में कानून के सामने नतमस्तक होकर फांसी देनी पड़ी ताकि पाकिस्तानी आतंकी सरगनाओं को लगे कि कांग्रेस बेचारी क्या करे ! !उसका वश नहीं चला अन्यथा कांग्रेस बाईज्जत बरी कर देती।--पारसनेता मुंह बनाये।

ना ना नेताजी !अइसन बात ना ह। भारत न्यायप्रिय देश ह,एहिसे कानूनी प्रक्रिया पुरा कईल गईल रहे।--मुखियाजी हथेली पर खैनी मलते हुए।

मुखियाजी,उस समय सेना ने पाकिस्तान पर आक्रमण करने के लिए,कांग्रेस सरकार से अनुमति मांगी थी लेकिन मनमोहन सिंह सरकार ने अनुमति नहीं दी जबकि हमारी सेना पाकिस्तान को अच्छा सबक सिखा सकती थी।इसके दो हीं कारण हो सकते हैं।पहला- कांग्रेस, पाकिस्तान को किसी तरह की हानि नहीं पहुंचाना चाहती थी ताकि आतंकवादियों का मनोबल बना रहे। दुसरा- इससे भाजपा को राजनीतिक लाभ मिल जाता। अर्थात सत्ता के लिये राष्ट्र की सुरक्षा भी इग्नोर किया जा सकता है।--डा.पिंटू तैश में लगे।

अजी सत्ता का फर्क पड़ता हीं है।भुल नहीं न रहे हैं !!29 सितम्बर को हम सर्जिकल स्ट्राइक दिवस मनाते हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों का मनोबल,यूपीए के शासनकाल में काफी बढ़ गया था नतीजतन 18 सितम्बर 2016 को पाकिस्तानी आतंकियों ने उरी पर हमला करके हमारे 19 जवानों की हत्या कर दिये लेकिन पाकिस्तान भुल गया कि कांग्रेस की इस्लामिक तुष्टीकरण वाली सरकार नहीं है। ये नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा स-रकार है जिसने 28 सितम्बर की अंधेरी रात में पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकी और उनके अड्डों को फोड़ दिया।--पारसनेता ने याद दिलाया।

नेताजी, उसके बाद वाला भी कहिये जब 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकी हमला हुआ था जिसमें हमारे 42 जवान शहीद हो गये थे।इस आतंकी हमले ने हर सच्चे हिंदुस्तानी के दिल में आग भर दी थी। यही आग हमारे प्रधानमंत्री मोदीजी के दिल में भी धधक रही थी जिसका जबाब बालाकोट हवाई हमले से दिया गया और 300 के करीब पाकिस्तानी आतंकियों को 72 हूरों के यहाँ पहुंचा दिया गया।--मास्टर साहब ने बात पुरी की।



मुखियाजी,आज इजरायल का पुरा विपक्ष, नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। वहीं,जब अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा और समुद्र में मछलियों का आहार बना दिया तो वहां के विपक्ष ने लादेन के मरने का साबुत नहीं मांगा था लेकिन हमारे देश के पाकिस्तान परस्त विपक्ष, सर्जिकल स्ट्रा-इक और बालाकोट एयरस्ट्राइक का साबुत मांगता फिर रहा था,छी,छी।--डा. पिंटू के चेहरे से घृणा झलक रही थी।

देख नहीं रहे ! जबसे मोदीजी ने इजरायल पर फिलिस्तीनी आतंकवादी "हमास" के हमले की आलोचना की है तभी से विपक्ष का इस्लामीफोबिया फटा जा रहा है। इजरायल के जबाबी कार्रवाई को लेकर इनकी फटने लगी है लेकिन हमास के अमानवीय कृत्यों की किसी ने आलोचना करने की हिम्मत नहीं दिखाई।--उमाकाका बोल पड़े।

ए सरजी, रउवो कुछू उबाचीं !--मुखियाजी मेरी ओर देखकर।

मुखियाजी,इसमें दो मत नहीं कि गलत को गलत कहना चाहिए। जहां तक आतंकवाद का सवाल है इससे जुड़े लोग,नरपिचाश से कम नहीं होते। अब जब हमास के विरुद्ध इजरायल कठोर कदम उठाया है तो गेंहू के साथ घुन का पिसना तय है। युद्ध की विभीषिका यही है। लेकिन एक बात समझने की है कि मुस्लिम देशों में ऐसे आतंकवादी संगठनों का विरोध,जनता, प्रशासन क्यों नहीं करता!! उन्हें संरक्षण, और प्रोत्साहन क्यों दिया जाता है!! असल में इनपर इस्लामिफोबिया इस कदर हावी होती है कि मानवता का कोई स्थान नहीं रह जाता। वैसे भी कुरान में मुस्लिमों को आह्वान किया गया है कि तबतक नहीं रुकना है जबतक पुरे विश्व में खलीफा राज न कायम हो जाये। इन सारे संघर्ष के पिछे धार्मिक उन्माद होता है। जिसपर सारे मुस्लिम देशों को मिल बैठकर चर्चा करनी चाहिए और हिंसा पर विराम लगाने का उपाय खोजना चाहिए। -- मैं चुप हुआ।

ये बस की बात नहीं है सरजी !आज विश्व के उन सारे देशों में जहां-जहां,मुस्लिम आबादी है,मुसलमान,फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। फ्रांस, जर्मनी,ब्रिटेन आदि देशों में तो "हमास" को समर्थन देने वाले प्रर्दशनों पर तो प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन यही कदम भारत में मोदी सरकार उठाये तो बवाल होने लगेगा। विपक्ष, लेफ्ट लिबरल का क्रंदन जोर पकड़ लेगा। छोड़िये न ! सुप्रीम कोर्ट,स्वयं संज्ञान लेना शुरू करेगा,चीफ जस्टिस महोदय, मौलिक अधिकारों की दुहाई देकर तांडव करने लगेंगे।--कहकर डा.पिंटू हाथ चमकाये।

ए भाई, इतना तो स्पष्ट है कि यूपीए की तुष्टीकरण वाली सरकार और आज की मोदी सरकार में,चाहे राष्ट्रीय मुद्दा हो या अंतरराष्ट्रीय मुद्दा, फर्क तो साफ-साफ दिखाई दे रहा है।अच्छा अब चला जाय।--कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# पृथ्वी कितना झेलेगी अपना प्राकृतिक दोहन ?

## विनाश की ओर बढ़ती पृथ्वी' (पर्यावरण के प्रति उदासीनता और लापरवाही)

**दैनिक समाज जागरण**


जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चा-हिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटला-इजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इस-के लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को स-ाकार कर पाएंगे।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन

## रसायन विज्ञान विभाग एवं ट्रामा सेंटर के.जी.एम.यू के संयुक्त तत्वावधान में किया गया

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय की आईक्यूएसी की संस्तुति पर विश्व खाद्य दिवस






के अवसर पर चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन रसायन विज्ञान विभाग एवं ट्रामा सेंटर के.जी.एम.यू के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा की गई कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डा० राजीव मिश्र के जी एम यू लखनऊ ट्रामा सेंटर ने पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर व्याख्यान दिया। डा. मिश्र ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।इसी अनुक्रम में प्रेरणा ने जल संरक्षण की आवश्यकता एवं विधियों के विषय में छात्राओं से चर्चा की और उन्हें जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विश्व खाद्य दिवस की थीम वाटर द एसेंशियल इंग्रेडिएंट फॉर ए हेल्थी लाइफ पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमे छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर बनाए और प्रस्तुतिकरण दिया। प्रतियोगिता के विजेताओं का निर्णय डा मिश्र एवं उनके समूह के सदस्यों आकांक्षा, साक्षी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में मृदुलता गुप्ता, अप्सा वर्मा प्रिंसिजीत, निधि सक्सेना इत्यादि छात्राओं को पुरस्कार प्राप्त किए। शिविर के द्वितीय सत्र में ऋतुमति अभियान के अंतर्गत डॉ अर्चना सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर शिया पीजी कॉलेज, कॉलेज महानगर उपाध्यक्ष एबीवीपी ने माहवारी के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान किस प्रकार देना चाहिए उसके बारे में बताया। महाविद्यालय की डा. सीमा पांडे ने भी माहवारी के दौरान सीमित शारीरिक क्रियाओं एवम खेलकूद के लाभ के विषय में जानकारी दी। प्रो. मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को जला संरक्षण, व्यक्तित्व विकास एवं ऋतुमती अभियान के बारे में छात्राओं को बताया और मासिकधर्म के दौरान सावधानियों, स्वास्थ्यवर्द्धक पोषण के विषय में जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डा.प्रतिमा घोष एवम डा.नेहा अग्रवाल द्वारा किया गया। रसायन विभाग की डा. ममता वर्मा, डा. सुनीता सिंह, चंदन मौर्या, ललिता पांडे, संस्कृत की डा. वंदना द्विवेदी ने कार्यक्रम में अपना विशेष योगदान दिया ।

# मां पद्मावती देवी के श्रृंगारोत्सव में सम्मिलित हुई अवध प्रांत की जैन महिलाएं

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । डालीगंज जैन मंदिर में विराजमान 1008 पार्श्वनाथ भगवान की यक्षिणी देवी जगकल्याणी पद्मावती माता का 151 सौभाग्यशालिनी महिलाओं द्वारा अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ भव्य श्रृंगारोत्सव मनाया जायगा। जिसमें सिर्फ लखनऊ ही नहीं बल्कि अवध क्षेत्र के जैन समाज से आई हुई महिलाएं खूब उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं ।

मंडल की अध्यक्षा सुनयना जैन'शुभा'ने बताया कि डालीगंज में विराजमान पद्मावती माता में बड़ा अतिशय है, सच्चे मन से कोई यहां आता है तो मां अवश्य ही भक्तों की मनोकामना पूरी करती हैं ।



कार्यक्रम में रूबी जैन, स्वाति जैन, शीतू जैन, कंचन जैन, प्रतिक्षा जैन, सुलभा जैन, बिंदु जैन, वर्तिका जैन, रंजीता जैन ने पूजन ,पालकी धार्मिक प्रोग्राम धार्मिक गेम्स डांडिया आदि की तैयारी कर रखी है। जिसमें अवध प्रांत की सभी महिलाएं शामिल हुईं।

वोकल फॉर लोकल के तहत मात्र 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर लगवाए विज्ञापन।

# नए भारत का नया उत्तर प्रदेश कह रहा सफलता की नई कहानी

## 2017-18 में यूपी की 14.2 और 2022-23 में 32.10 फीसदी महिलाओं के हाथों को मिला था काम

**समाज जागरण**

**रोजगार के दृष्टिगत 2022-23 में दो गुने से अधिक स्वावलंबी हुई यूपी की मातृशक्ति**

**यूपी में महिलाओं को केंद्र व प्रदेश की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा**

लखनऊ, 16 अक्टूबरः नए भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। योगी सरकार ने समर्थ उत्तर प्रदेश के लिए महिला श्रमशक्ति को सशक्त बना दिया है। इनकी समृद्धि के लिए योगी सरकार संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान के लिए योगी सरकार ने शनिवार को मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का आगाज किया। नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ते हुए शारदीय नवरात्रि से निरंतर इस पर अनेक आयोजन भी हो रहे हैं। वहीं केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का पारदर्शी ढंग से शत-प्रतिशत लाभ भी यूपी की महिलाओं को मिल रहा है। योगी सरकार की कुशल निगरानी व इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप महज छह वर्ष में महिला श्रम बल की भागीदारी में 17.9 फीसदी की वृद्धि भी हुई। 2017-18 में जहां महिला श्रम शक्ति की भागीदारी महज 14.2 फीसदी थी, वहीं 2022-23 में बढ़कर यह 32.10 फीसदी हो गई है।

### छह वर्ष में यूपी में महिला श्रम शक्ति 17.9 फीसदी बढ़ी

आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में 2017-18 में महिला श्रम शक्ति 14.2 फीसदी थी। छह वर्षों में सीएम योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में महिलाओं के उत्थान पर विशेष रूप से कार्य शुरू हुआ। सीएम ने इन कार्यों की स्वयं मॉनीटरिंग की तो महज छह वर्ष के भीतर 2022-23 में यह महिला श्रम बल बढ़कर 32.10 फीसदी हो गया। यानी इनकी भागीदारी दर में 17.9 की वृद्धि हुई है, जो दशार्ती है कि योगी के यूपी में सुरक्षा व सम्मान पाकर महिलाएं स्वावलंबन की तरफ तेजी से अग्रसर हुई हैं।

### भारत की भागीदारी दर 39.80, यूपी की 32.10 फीसदी

रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 में भारत की भागीदारी दर 39.80 है तो यूपी की 32.10 फीसदी। वहीं 2017-18 में भारत की भागीदारी दर 25.3 फीसदी थी तो उस समय यूपी की भागीदारी दर 14.2 थी यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में महिलाओं की सशक्तिकरण पर ध्यान दिया तो योगी आदित्यनाथ ने यूपी में महिलाओं के स्वावलंबन पर। मोदी-योगी की इस जोड़ी ने भारत व यूपी में महिला श्रमशक्ति को निखारते हुए उन्हें अपने पैर पर खड़ा होने का रास्ता दिया।

### केंद्र व प्रदेश की योजनाओं का महिलाओं को मिला शत-प्रतिशत लाभ

योगी सरकार महिलाओं से जुड़ी केंद्र-प्रदेश की योजनाओं के क्रियान्वयन व पारदर्शी ढंग से शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर पूरा ध्यान रखी है। केंद्र की बेटी बचाओ-बेटी बचाओ योजना के अंतर्गत यूपी को 1.90 करोड़ बेटियों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत 8.99 करोड़ महिलाओं को जागरूक किया गया। 1,89,789 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए, इनमें से 1,89,014 केंद्र संचालित भी हैं। 10 लाख सेल्फ ग्रुप बनाकर एक करोड़ महिलाओं को जोड़ा गया। दो लाख से अधिक महिलाओं को पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया गया। सभी 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में बीसी सखी की नियुक्ति की गई। सरकारी नौकरियों में भी डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को यूपी में नौकरी से जोड़ा गया। साथ ही अन्य सभी योजनाओं से महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

# बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को मैदान में एंटी रोमियो स्क्वायड की 1678 टोलियां

**सीएम योगी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में समय-समय पर शोहदों के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान**

**6 माह के विशेष अभियान में 30 लाख से अधिक स्थानों पर हुई चेकिंग तो सात हजार से अधिक मुकदमे दर्ज कर साढ़े नौ हजार शोहदे चढ़े हत्थे**

**एंटी रोमियो स्क्वायड ने जोन और कमिश्नरेट स्तर पर की वृहद कार्रवाई**

लखनऊ, 16 अक्टूबरः यूपी की बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित योगी सरकार की एंटी रोमियो स्क्वायड शोहदों पर कहर बनकर टूट रही है। प्रदेश में शोहदों और मनचलों पर नकेल कसने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। 6 माह के अभियान में 1678 एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा एक्शन लिया गया, इसमें 3324 पुरुष और 4090 महिला पुलिसकर्मी शामिल थीं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 30,76,246 स्थानों की चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 1,34,33,261 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7563 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 9512 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 48,92,991 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने पूरे प्रदेश में जोन और कमिश्नरेट स्तर पर कार्रवाई की।

### सबसे ज्यादा आगरा जोन के मनचलों पर चला स्क्वायड का चाबुक

डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश में बेटियों और महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड द्वारा शोहदों-मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में प्रदेश भर में स्क्वायड की ओर से 6 माह में विशेष अभियान चलाया गया। ऐसे में जोन स्तर पर कार्रवाई के लिए 8 जोन में 1413 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 2977 पुरुष पुलिसकर्मी और 3499 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 25,40,012 स्थानों पर चेकिंग की। इनमें स्कूल, सार्वजनिक स्थलों जैसे चौराहे, बाजार, मॉल्स, पार्क एवं अन्य स्थान शामिल हैं। इन स्थानों पर कुल 97,75,616 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 7097 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 8951 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 44,31,216 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा जोन में की, जहां 474493 स्थानों की चेकिंग करते हुए 12,73,120 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 637 मुकदमे दर्ज किए गए जबकि 1114 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर बरेली जोन, तीसरे नंबर पर लखनऊ जोन, चौथे नंबर पर वाराणसी और पांचवे नंबर पर गोरखपुर जोन है।

### प्रदेश के सात कमिश्नरेट में भी शोहदों पर खूब हुई कार्रवाई

प्रदेश के सात कमिश्नरेट में 265 एंटी रोमियो स्क्वायड को एक्टिव किया गया, जिसमें 347 पुरुष पुलिसकर्मी और 591 महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। स्क्वायड ने शोहदों की पहचान के लिए प्रदेश के 5,36,234 स्थानों पर चेकिंग की। इन स्थानों पर कुल 36,57,645 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। इस दौरान 466 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 561 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,61,775 व्यक्तियों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। एंटी रोमियो स्क्वायड ने सबसे अधिक कार्रवाई आगरा कमिश्नरेट में की, जहां 1,35,752 स्थानों की चेकिंग करते हुए 5,01,165 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। वहीं 60 मुकदमे दर्ज किए गए, जबकि 92 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह दूसरे नंबर पर लखनऊ, तीसरे नंबर पर कानपुर, चौथे नंबर पर गौतमबुद्धनगर और पांचवें नंबर पर गाजियाबाद कमिश्नरेट है।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम ऐप पर संचारी रोग नियत्रंण एवं दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न।

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जूम ऐप के माध्यम से आज संचारी रोग नियत्रंण एवं दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिला अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुये राज्य स्तरीय पैरामीटर में जनपद की खराब स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के द्वारा ससमय मॉनिटरिंग करते हुये प्रगति डाटा शत प्रतिशत अपलोड किया जाये। उन्होंने कार्यदायी सस्थाओं को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा चलाये गये संचारी रोग नियत्रंण एवं दस्तक अभियान सर्विलांस को बेहतर किया जाये एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय करते हुये मानकों के अनुरूप कार्य को समयबद्ध पूर्ण किया जाये। जिला अधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों तथा जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए सघन अभियान चलाने जाने एवं हाई रिस्क क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप लगाने के लिए के सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण व जल भराव को रोकने तथा शुद्ध पेयजल पर विशेष फोकस रखा जाये। जनपद में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत फॉगिंग, एंटी लार्वा छिडकाव एवं सैनिटाइजेशन अभियान पर निरंतर मॉनीटरिंग की जाये ताकि सरकार के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम का लाभ जनसामान्य को प्राप्त हो सके और वेक्टर जनित रोगों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद में सरकार की मंशा के अनुरूप दवाईयों की प्रर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक का सफल संचालन जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुनील शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव एवं सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

# छह वर्ष पहले चरम पर थी अराजकता, प्रदेश में होते थे दंगे: सीएम योगी

**समाज जागरण**

16 अक्टूबर, गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहा कि आज से छह वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। कानून व्यवस्था की स्थिति बदतर थी। ऐसी स्थिति में कोई भी निवेशक प्रदेश में निवेश करने को तैयार नहीं था। हमारी सरकार सत्ता में आते ही सबसे पहले कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर किया। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए आवश्यक रिफॉर्म किए। युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे प्रदेश के एक करोड़ 10 लाख युवाओं को सीधे-सीधे नौकरी मिलेगी। प्रदेश के युवाओं को नौकरी की तलाश में देश के अन्य राज्यों में नहीं भटकना पड़ेगा। वह अपनी ऊर्जा और प्रतिभा को जब उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जोड़कर कार्य करेगा तो यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने से कोई रोक नहीं पाएगा।

सीएम योगी ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के सेक्टर 26 में 114 करोड़ रुपए से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस डेयरी को पांच लाख लीटर दूध की आवश्यकता पड़ेगी। यानी की इससे एक लाख परिवारों को अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ने का अवसर मिलेगा। साथ ही 300 लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर नौकरी मिलेगी। वहीं 1500 अन्य लोग संयंत्र के संचालन की व्यवस्था से जुड़ेंगे। सीएम योगी ने कहा कि गीडा में पिछले कुछ दिनों में निवेश की बहार सी आई है। गैलेंट, अंकुर टीएमएक्स, वरुण वेबरेज, पेप्सिको, केआन इंडस्ट्री और तत्वा प्लास्टिक जैसी कंपनियों के निवेश से गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में विकास की एक नई बहार आई है। इससे नवरोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

सीएम योगी ने कहा पहले गीडा सहजनवा के कुछ गांव तक ही सीमित था। आज हम इसका विस्तार करते-करते धूलिया पर तक लेकर जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा है। दोनों एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक इकाइयां स्थापित होंगी। इससे ढेर सारी नौकरी और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि निवेश करने वाले उद्यमियों को किसी तरह के संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन को पूरी मुस्तैदी बरतनी होगी। साथ ही स्थानीय युवाओं को इंडस्ट्री की आवश्यकता के अनुरूप ट्रेनिंग के कार्यक्रमों से जोड़ना पड़ेगा। इसके लिए यहां के आईटीआई, पॉलिटेक्निक और डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्सेज के साथ जोड़ें। सीएम योगी ने कहा कि हमारा नौजवान खुशहाल होगा तो समाज खुशहाल होगा और समाज खुशहाल होगा तो प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर होगा।

### संयंत्र का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

अपने संबोधन से पहले सीएम योगी ने दुग्ध उत्पाद संयंत्र का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संयंत्र को चलाने में अपना योगदान देने वाले पांच कार्मिकों को मंच से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोरखपुर सांसद रवि किशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव, सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ल, विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

**सत्ता में आते ही बेहतर की प्रदेश की कानून व्यवस्थाः मुख्यमंत्री योगी**

**सीएम योगी ने 114 करोड़ रुपए से 20,067 वर्गमीटर में निर्मित विस्तृत दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद परियोजना का उद्घाटन किया**

**सीएम योगी ने कहा- गीडा में पिछले कुछ दिनों में आई निवेश की बहार**

**बोले सीएम- उत्तर प्रदेश के विकास के साथ जुड़ेगा युवा तो देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी**

**ग्लोबल इन्वेटर्स समिट में मिले निवेश प्रस्ताव से एक करोड़ 10 लाख से अधिक युवाओं को मिलेगी नौकरीः सीएम**

# दशहरा एवं दीपावली पर प्रदेश को मिलेगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

**समाज जागरण**

लखनऊ, 16 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आगामी दशहरा, धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत प्राप्त होगी। इसके लिये आवश्यक निर्देश विभाग की ओर से सभी संबंधित अधिकारियों और डिस्कॉम को दे दिये गये हैं। उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि इन प्रमुख त्योहारों के अवसर पर प्रदेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी।

### सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति

उन्होंने बताया कि वर्तमान में नवरात्रि के अवसर पर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे और सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत प्राप्त हो इसके लिये कड़े निर्देश दिये गये हैं। वितरण में लगे अधिकारियों को सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये कहा गया है। डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशकों, मुख्य अभियन्ताओं सहित विद्युत निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप नवरात्रि के अवसर पर शक्ति पीठो एवं धार्मिक स्थलो को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में सावधानी बरतें साथ ही स्थानीय स्तर पर विद्युत आपूर्ति में आने वाले अवरोधो को भी कम से कम समय में ठीक करायें।

### जर्जर लटकते तारों को तुरंत बदला जाए

अध्यक्ष ने कहा है कि जर्जर, लटकते तारों और केबिलों को सुव्यवस्थित करते हुए सभी सुरक्षात्मक कार्रवाई कर ली जाये। वोल्टेज फ्लक्चुएशन एवं लो वोल्टेज की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाये। अप्रत्याशित ब्रेकडाउन होने की दशा में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति को चालू करने के लिए पर्याप्त संख्या में मरम्मत गैंगों की पहले से ही व्यवस्था कर ली जाये। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर पर के जरिए मिलने वाली शिकायतों का भी तत्पर्ता से निस्तारण कराया जाये। डिस्काम स्तर पर तथा जनपद स्तर पर विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थायें सुनिश्चत करा ली गई हैं। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि जिन मार्गों पर जुलूस आदि निकने हो या मूर्ति विसर्जन हेतु बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठे होने की सम्भावना हो वहाँ अधिकारी स्थलीय निरीक्षण करके पूरी व्यवस्था बेहतर कर लें जिससे विद्युत दुर्घटना आदि से बचा जा सके।

**- मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी प्रदेश के सभी क्षेत्रों के लिए मिलेगी 24 घंटे बिजली**

**- यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष ने सभी डिस्कॉम को सीएम की मंशा से कराया अवगत**

**- नवरात्र में भी हर जगह विद्युत आपूर्ति बेहतर रहे और शिड्यूल के हिसाब से जरूर मिले बिजली**

**- विसर्जन जुलूस निकलने वाले मार्गों का अधिकारी खुद करें जायजा, जिससे बिजली संबंधित दुर्घटना ना हो**

# योगी सरकार निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए दो माह का चलाएगी विशेष अभियान

- प्रदेश भर में 1 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक चलाया जाएगा अभियान, वृहद कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में कार्य करने के दिये गये निर्देश
- टीम 9 के अधिकारी 7 से 9 नवंबर को अपने आवंटित मंडलों में मंडलायुक्तों के साथ अभियान को लेकर करेंगे बैठक

लखनऊ, 16 अक्टूबरः निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश भर में योगी सरकार 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाने जा रही है। इसको लेकर योगी सरकार ने अधिकारियों को वृहद कार्ययोजना बनाकर मिशन मोड में करने के निर्देश दिये हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई व्यवस्थागत कमी न रह जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिये हैं कि संरक्षित किये जाने वाले निराश्रित गोवंश के देखभाल के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे चारा, भूसा, टीन शेड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं उपचार आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

### टीम-9 विशेष अभियान की करेंगे समीक्षा

योगी सरकार ने निर्देश दिये हैं कि टीम 9 के अधिकारी 7 से 9 नवम्बर को अपने आवंटित मंडलों में मंडलायुक्तों के साथ बैठक करके अभियान को गति दें। इसके साथ ही विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 21 से 23 नवम्बर को जाकर अभियान की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही गोसंरक्षण केन्द्रों, गोआश्रय स्थलों के निर्माण एवं गोआश्रय स्थलों के विस्तारीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। इसको लेकर 18 अक्टूबर को निदेशालय पर बैठक कर प्रदेश के सभी मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों को अभियान के संबंध में दिशा-निर्देशित किया जाए। इस दौरान टीम 9 के अधिकारियों से लम्पी रोग की स्थिति की जानकारी ली गयी। साथ ही कहा गया कि जो पशु लम्पी रोग ग्रसित हैं उनका पर्याप्त उपचार किया जाए और टीकाकरण का अभियान तीव्र गति से जारी रखा जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक 1.41 करोड़ टीकाकरण किया गया है। वर्तमान में लम्पी रोग से प्रभावित जनपदों की संख्या 41 है और 10574 गोवंश रोग से ग्रसित हैं। मृत गोवंशों की संख्या 68 है और 9605 गोवंश उपचार उपरान्त स्वस्थ हो गये हैं। 901 गोवंश का उपचार किया जा रहा है। इतना ही नहीं मिशन एआई (कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम) के कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# पति की हत्या करने वाले आरोपी पत्नी व प्रेमी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

रामसनेही खरवार निवासी थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि मेरा पुत्र प्रेम मोहन खरवार उर्फ डॉक्टर 05 दिनों से गायब था, दिनांक -12.10.2023 को शव तुर्रा घाटी के झाड़ियों में मिला है । मेरे बेटे की हत्या उसकी पत्नी व उसके प्रेमी ने किया है । उक्त तहरीर के आधार पर थाना जुगैल पर मु0अ0सं0-72/2023 धारा 302, 201 भादवि



अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व मुखबिर की सूचना थाना जुगैल पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1. शमसाद अली पुत्र मु0 सत्तार उम्र लगभग 24 वर्ष 2. बिन्दु खरवार पत्नी मृतक प्रेम मोहन खरवार उम्र लगभग 30 वर्ष निवासीगण जुगैल,थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को ग्राम चौरा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों से पूछताछ करने पर बताये कि शमसाद व बिन्दु एक दुसरे अनैतिक सम्बन्ध था, जिसमे बिन्दु का पति मृतक प्रेम मोहन खरवार बाधक था अतः दोनो ने योजना बनाकर दिनांक-08/09.10.2023 की रात्रि को जब प्रेम सो रहा था तब कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर उसके शव को घर से करीब 08 किमी दुर जंगल में फेक दिये ।

# कुएं में मिला स्कूल के चौकीदार का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजी लाश

**समाज जागरण अयोध्या।**

खंडासा थाना क्षेत्र के पाराखानी निवासी एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार सुबह ढ़ोली असकरन गांव के पूरब स्थित एक कुएं में मिला। सूचना पर पहुंची खंडासा पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि पाराखानी गांव निवासी राममिलन उम्र 55 वर्ष पुत्र पियारे गांव के ही अपने भांजे के आरकेआर पब्लिक स्कूल में चौकीदारी करता था। मृतक अधेड़ का विवाह नहीं हुआ था। वह अपने भाई के साथ घर पर रहता था। रविवार शाम मृतक घर से भोजन के पश्चात चौकीदारी के लिए निकला था। सोमवार सुबह चरवाहों ने कुएं के चबूतरे पर एक टॉर्च व लाठी देखी तो अनहोनी की आशंका से कुएं में झांका तो देखा कि चौकीदार का शव उतरा रहा है। चरवाहों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मृतक राम मिलन के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक नशे का भी आदी था। थानाध्यक्ष खंडासा मनोज कुमार यादव ने बताया कि मृतक के लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# स्ट्रीट डॉग की नसबंदी व टीकाकरण जुटी है नगर निगम की टीम

**समाज जागरण अयोध्या।**

जानवर बर्थ कंट्रोल के तहत कुत्तों की जनसंख्या रोकने पर नगर निगम काम कर रहा है। अब तक 1271 कुत्तों की नसबंदी कराई जा चुकी है। नसबंदी कराने के साथ कुत्तों का टीकाकरण भी किया जाता है। जिस कुत्ते के काटने से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। इसके लिए नगर निगम ने एक संस्था को ठेका दिया है। जिसके द्वारा लगातार एक अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है।

अपर नगर आज वागीश कुमार शुक्ला ने बताया कि बेसिंग गौशाला में एनिमल बर्थ कंट्रोल के लिए एक भवन बना है। कुत्तों के बर्थ कंट्रोल के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत फिड़िको को नामक कंपनी को इसका ठेका दिया गया। यह कंपनी शहर से कुत्तों को उठती है और दो चार-पांच दिन बर्थ कंट्रोल भवन में रखती है जहां उनका टीकाकरण और नसबंदी कराई जाती है इसके बाद कुत्तों को वापस छोड़ दिया जाता है। 8 अगस्त से इसकी शुरूआत हुई है। संस्था द्वारा लगातार इस कार्यक्रम को नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। 1271 कुत्तों की नसबंदी कराई जा चुकी है।

# आंधी-बारिश से गुल हुई बिजली, फिल्मी रामलीला टली, एसएसपी ने 400 लोगों को पंडाल से निकलवाया सुरक्षित

**समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद में सोमवार शाम करीब 7:14 बजे तेज हवा के बाद चली आंधी ने शहर में ब्लैक आऊट कर दिया। धूल भरी आंधी के चलते सड़कों पर गुबार छा गया। इससे यातायात प्रभावित हुआ। अयोध्या में फिल्मी रामलीला को एक दिन के लिए स्थगित करना पड़ा। रामकथा पार्क में रामलीला देखने पहुंचे करीब 400 लोगों को मौके पर पहुंचे एसएसपी राककरन नय्यर ने पंडाल से सुरक्षित बाहर नकलवाकर घर भेजवाया। पूजा पंडाल भी प्रभावित हुए। दुर्गा पूजा के दौरान कटौती मुक्ति के आदेश को अधड़ के थपेड़े सहने पड़े।



मौसम विभाग की ओर से सोमवार को बारिश और तेज हवा का पूवार्नुमान जारी किया गया था। सोमवार शाम अचानक तेज हवा चली फिर धूल भरा अंधड़ उठ गया। अचानक चले अंधड़ के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में टीन - टप्पर उड़ कर दूर जा गिरे ।कई स्थानों पर पेड़ों के भी गिरने की सूचना है। आंधी के शुरू होते ही एक से डेढ़ सेकेंड के बीच नगर क्षेत्र में ब्लैक आऊट हो गया। 7:30 के बाद हल्की बूंदाबांदी भी शुरू हुई। शाम से कई पूजा पंडालों में शुरू हुआ दर्शन पूजन भी प्रभावित हुआ।

# सोमवार सायं आये तेज चक्रवात से मां दुर्गा का पंडाल गिरा

**समाज जागरण अयोध्या।**

तेज आये चक्रवात में शहर के नाका हनुमानगढ़ी स्थित मां दुर्गा का पूजा



पंडाल गिरा, कई पंडाल झुक गये हैं। पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद होकर व्यवस्था सुचारु करवा रहा है। नाका जाने वाला रास्ता एक तरफ बंद किया गया है। मौके पर सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र वासी मौजूद हैं। किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। पानी की बरसात भी हुयी है।

# दिवाली से पहले जगमग होगी अयोध्या

**समाज जागरण अयोध्या।**

दीपावली से पहले रामनगरी अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव को लेकर योगी सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अयोध्या में इस बार दीपोत्सव का सातवां साल है। इस बार दीपोत्सव का मुख्य आयोजन 11 नवम्बर को होगा। इस दीपोत्सव को भी यादगार बनाने के लिए नये इवेंट जोड़ने की तैयारी है। इस दीपोत्सव से अयोध्या की राम पैड़ी पर प्रतिदिन लाइट एण्ड साउंड शो कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। पर्यटन विभाग की ओर से प्रस्तावित इस योजना को शासन की हरी झंडी मिल गई है। राम पैड़ी पर नागेश्वर नाथ मंदिर के पश्चिम स्थाई कालम निर्माण के लिए उत्खनन का काम शुरू कर दिया गया है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर कालम निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को सौंपी गई है। यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक दिलीप गौड़ बताते हैं कि जर्मन हैंगर की तरह स्टील के दो कालम खड़े किए जाएंगे जिनकी ऊंचाई करीब 65 फिट होगी। बताया गया कि इसके बीच पर्दा लगाया जाएगा। इस पर्दे की चौड़ाई 30 फिट व लंबाई दो सौ फिट होगी। उन्होंने बताया कि राम पैड़ी के मंदिरों पर गुबंद की



ऊंचाई करीब 25 फिट है इसलिए पर्दा उससे ऊपर 30 फिट पर लगेगा। बताया गया कि करीब 20 करोड़ की लागत से प्रस्तावित इस योजना में सम्बन्धित एजेंसी के द्वारा यहां सूर्य कुंड की तर्ज पर प्रतिदिन लाइट एण्ड साउंड शो का कार्यक्रम किया जाएगा।

पर्यटन विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र प्रसाद का कहना है कि पिछले साल यह योजना प्रस्तावित की गई थी लेकिन योजना पर सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है लेकिन बजट आवंटन का कोई शासनादेश नहीं निर्गत हुआ है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सायं दो घंटे के लिए प्रस्तावित किया गया था जो कि निः शुल्क होना है। फिलहाल योजना की जिम्मेदारी यूपीपीसीएल को दिए जाने के बारे में उन्होंने अनभिज्ञता जताई। उन्होंने बताया कि इस योजना को लेकर अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से भी प्रस्ताव भेजा गया था। इस बारे में विकास प्राधिकरण सचिव सत्येन्द्र सिंह व उपाध्यक्ष विशाल सिंह से सम्पर्क का प्रयास किया गया लेकिन बातचीत नहीं हो सकी।

# 18 अक्टूबर को लखनऊ में समान कार्य समान वेतन के लिए आन्दोलन में शिरकत करेंगे शिक्षामित्र

अयोध्या। आगामी 18 अक्टूबर को प्रस्तावित आन्दोलन को सफल बनाने के लिए शिक्षा मित्र संघ ब्लाक इकाई अमानीगंज की एक आवश्यक बैठक खण्डासा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र एवं संचालन ब्लाक अध्यक्ष राजेश तिवारी ने किया। तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि 25 जुलाई 2017 को हम सभी का समायोजन रद्द हुआ। 6वर्ष से अधिक समय बीत गया, लेकिन हम सभी को 10000 रुपये अति अल्प मानदेय मिल रहा है। जिससे परिवार का भरण पोषण कर पाना संभव नहीं है। हम अपने साथी शिक्षकों के साथ ही विद्यालय में पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार से अपील है कि हमें समान कार्य का समान वेतन दिया जाए। संबोधन के क्रम में ब्लॉक अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि



सभी साथी आगामी 18 अक्टूबर को प्रांतीय नेतृत्व के द्वारा आयोजित आंदोलन में शत प्रतिशत प्रतिभाग करें। यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। जिसके माध्यम से हम शासन प्रशासन को अपनी समस्या के समाधान हेतु अवगत कराते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से श्यामलाल प्रजापति, विनय यादव, प्रदीप सिंह, शिवराज यादव, नवनीत तिवारी, सूर्यभान यादव, कृपा शंकर यादव, कृष्णानंद पांडे, चंद्रेश उपाध्याय, एचडी मिश्रा, बैजनाथ गोस्वामी, यादवेंद्र पांडे, नफीस अहमद, धमसादीन रावत, शिवकुमार शर्मा ,रमाशंकर सिंह, दक्ष कुमार ,लव कुमार शुक्ला, राजदेव यादव, अमरनाथ पांडे, राजेश यादव वसीम अहमद आदि दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकियों से शक्तिमय हुआ माहौल

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केला देवी स्थिति केंद्र द्वारा सजाई गई देवियों की झांकी का उद्घाटन माननीय एम0 एल0 ए0 मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर, प्रमुख उद्योगपति देवीचरण सजाई गई चैतन्य देवियों की झांकियों से शक्तिमय हुआ माहौल



फिरोजाबाद।गणेश नगर, शिव मंदिर के पास प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केला देवी स्थिति केंद्र द्वारा सजाई गई देवियों की झांकी का उद्घाटन माननीय एम0 एल0 ए0 मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर प्रमुख उधोगपति देवीचरण अग्रवाल,सरिता दीदी नें ने दीप प्रज्वलित कर किया । यहाँ पर माँ दुर्गा के नौ अत्यन्त आकर्षक एवं जीवन्त स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है।इस बार आकर्षक और प्रेरणास्पद चेतन झांकियां उस समय और जीवंत हो उठीं जब लाइव शो और चित्रण के माध्यम से नव देवियों की लीलाओं का मंत्रमुग्ध दर्शन और श्रवण से माहौल शक्तिमय हो उठा।

सेंटर संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि इस प्रकार का विशाल कार्यक्रम शहर में पहली बार किया गया है । जिसमें नई तकनीकी अपनाई ।

दुर्गा मां के सभी रूप में छिपी आत्मिक और सूक्ष्म दिव्य शक्तियां दुगुर्णो को दूर करने का प्रतीक है। जिसने अपने क्रोध, लोभ, मोह तथा अहंकार रूपी महिसासुर का वध किया उसी की पूजा आज दुर्गा के रूप में की जाती है। इसलिए आज हम सभी को ज्ञान की प्राप्ति कर बुराइयों को छोड़ जीवन को देवियों के समान बनाना है। इसके अतिरिक्त भी देवी देवताओं के महत्व को बताया गया।

एम0एल0ए0 मनीष असीजा ने झांकी चर्चा करते हुए कहा कि ऐसी सुन्दर, मनोहारी और जीवन्त झाँकी अर्थ पूर्ण हैं। यह नगरवासियों के लिए गौरव की बात है कि इतना सुन्दर आयोजन ब्रह्मा कुमारी सेंटर पर किया गया। जनता ने इसको खूब पसन्द किया है यहाँ आने के बाद व्यक्ति स्वयं को तनावमुक्त महसूस करने लगता है। यहाँ सचमुच बहुत अधिक शान्ति है।

महापौर कामिनी राठौर ने माँ दुर्गा के नौ रूपों की जीवन्त प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय कहा ,विशेषकर इन देवियों के महत्व को दशार्ने के लिए की जाने वाली प्रस्तुति रोचक ।

प्रमुख उद्योगपति ने कहा कि सामाजिक जागृति के कार्यों के लिए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

झांकी में मुख्य रूप से गणेश नगर निवासी एवं बहनें एवं शहर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सिरसागंज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हिन्द लैम्प में किया वन दर्शन

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। सिरसागंज के प्रतिष्ठित विद्यालय सिरसागंज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शिकोहाबाद के हिन्द लैम्प परिसर में पर्यावरण मित्र, विद्यालय निदेशक डॉ सुखेन्द्र यादव एवं जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के साथ वन दर्शन कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूक संदेश प्रदान किया। पर्यावरण मित्र राजीव प्रताप सिंह ने वन दर्शन में सर्वप्रथम वर्मी कंपोस्ट, किचिन वेस्ट सामग्री खाद, नादेड खाद के विषय में बच्चों को जानकारी प्रदान करने के साथ विभिन्न वृक्ष लगे कमल नयन कारन में भ्रमण करके नीम, बकाइन, बरगद, चितवन, अशोक, बेल, जामुन आदि को देखा। तदुपरान्त नर्सरी में कपूर, मौसमी, नींबू, अमरूद, इलाइची, गुलाब, कनेर, गुड़हल, मनी प्लांट, स्नेक फ़्लावर, ग्रास, मधुमालती, सुदर्शन, आंवला आदि पौधों को प्रदर्शित करने के साथ उन्होंने पौधों को लगानी की विधि सीखी, जिसके बाद संस्कृति भवन में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। दीपक ओहरी ने बच्चों से संवाद करते हुए पर्यावरण की विभिन्न जानकारी साझा करते हुए उन्हें वर्ष में कम से कम चार बार अपने जन्मदिन, माता एवं पिता के जन्मदिन




एवं उनकी वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। डॉ सुखेन्द्र यादव ने बताया कि सिरसागंज पब्लिक स्कूल, सिरसागंज के 37 बच्चों ने इस वन दर्शन में भाग लिया है। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने का संकल्प दिलाते हुए उन्हें प्रदूषण से होने वाली हानियों की जानकारी प्रदान की।

अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों को बालम खीरा, जामुन की गुठली का पाउडर, आंवला, जैविक लौकी, भिंडी, काशीफल आदि की जानकारी प्रदान करने के साथ जैविक खेती एवं उससे बने उत्पादों के प्रयोग के लिए सभी को प्रेरित किया। बच्चों ने इस वन दर्शन में आकर प्रसन्नता का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित जादौन ने किया। कार्यक्रम में भूपेन्द्र सिंह, राजीव प्रताप, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पूरे देश में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर दीपावली जैसे माहौल की दिखायी देगी झलक

**समाज जागरण अयोध्या।**

नवम्बर के बाद फिर से देश में दिवाली जैसा माहौल दिखेगा। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समय गांव-गांव रोशनी से सराबोर होंगे। पांच लाख से अधिक गांवों के मंदिर दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे। विश्व हिंदू परिषद अपने 48 संगठनिक में अपने धमाचार्य प्रमुखों के माध्यम से भेजे जाने वाले आमंत्रण में इस बात का विशेष आग्रह करेंगे। मंदिरों में 17 जनवरी से शुरू हो रहे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह के दिन से ऐसा करने का अनुरोध किया जाएगा।

विहिप ने उपाध्यक्ष और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने तो प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर घर पांच दीपक जलाने का आग्रह किया है।

पूरे देश के मंदिर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान उत्सव मनाएंगे। अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना आरती और प्रसाद वितरण करेंगे। मंदिर परिसर में क्षमता के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण करेंगे। कोई टीवी में तो कोई बड़ी स्क्रीन पर इसे अपने स्थानीय भक्तों को यह ऐतिहासिक पल देखने में मदद करेंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण प्रभारी गोपाल राव कहते हैं इसके लिए देशभर में वैसे तो 6 लाख से अधिक गांव है लेकिन हमारा संगठन 5 लाख गांव के मंदिरों तक पहुंचेगा। हमारे कार्यकर्ता उन्हें मंदिर को रौशनी से सजाने का आग्रह करेंगे। वो अपनी क्षमता अनुसार ये करेंगे लेकिन कम से कम पांच दीपक तो अवश्य ही प्रज्वलित करेंगे।

विश्व हिंदू परिषद देश भर के गांव में आमंत्रण देने के लिए अपने सभी 48 सांगठनिक प्रांतों के प्रमुख कार्यकताओं को बुलाया है। पांच नवंबर को हर राज्य से प्रतिनिधियों को बुलाया गया है। इन कार्यकताओं के माध्यम से देश भर के पांच लाख गांव के मंदिरों में आमंत्रण भिजवाया जाएगा। यह आमंत्रण कुछ और नहीं बल्कि पूजित अक्षत, हल्दी, व देशी घी से मिश्रित पैकेट होगा। पांच नवंबर को इस आमंत्रण की प्रक्रिया को अभियान के तौर पर शुरू किया जाएगा। ताकि समय से सभी के पास एक संदेश के साथ यह आमंत्रण पहुंच भी जाए और मंदिर प्रबंधन अपनी तैयारी भी कर लें।

प्राण प्रतिष्ठा के लिए जरूरी एक हफ्ते का अनुष्ठान पूरा होने के अंतिम दिन संभवतः 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अधिकारिक रूप से मंदिर का लोकार्पण करेंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण प्रभारी गोपाल राव कहते हैं कि इसके बाद देश भर से आमंत्रित किए गए दस हजार वीवीआईपी के दर्शन शुरू हो जाएंगे। इसके बाद रातभर में व्यवस्थाएं पूरी करके अगले दिन से ही हम आम भक्तों के लिए रामलला का पट खोल देंगे।

# अयोध्या में फिल्मी सितारों से सजी रामलीला की हो चुकी है शुरूआत

**समाज जागरण राजेश तिवारी**

अयोध्या। जनपद में अयोध्या में फिल्मी सितारों से सजी रामलीला की शुरूआत हो गयी है। सरयू नदी के तट पर राम कथा पार्क में इस बार रामलीला का मंचन हो रहा है। पहले दिन रामलीला में नारद मोह का मंचन हुआ। श्रीरामलीला का प्रथम दर्शन भगवान शंकर व माता पार्वती को भगवान राम की कथा सुनाते हैं, इसके साथ नारद मोह की लीला प्रारंभ होता है। अयोध्या की रामलीला का यह चौथा साला है।

रामलीला का प्रारंभ सबसे पहले भगवान गणेश व शिव की आराधना की गई। रामलीला में कलाकारों ने नारद मोह का मंचन किया। नारद मुनि भगवान विष्णु के पास जाकर विश्वमोहिनी के स्वयंवर के लिए श्री हरि के मुख की कामना करते हैं। भगवान विष्णु नारद मुनि के अंदर मोह की भावना देखते हैं और उन्हें एक वानर का मुख दे देते हैं। विश्वमोहिनी के स्वयंवर में उनका बहुत उपहास होता है। वे क्रोध के अभिभूत हो भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं।

विश्व की सबसे बड़ी रामलीला के चौथे रामलीला के प्रथम दिवस गिरिजा शंकर रावण की भूमिका में



नजर आए। अनिल धवन इंद्रदेव और सुनील पॉल नारद मुनि के किरदार में है। विश्व की सबसे बड़ी रामलीला का यूट्यूब चैनल और डीडी भारती पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है।

अयोध्या की रामलीला कि शुरू हो गई है, जिसमें दिल्ली और मुंबई के कई बड़े- बड़े आर्टिस्ट कर रहे हैं। अयोध्या की रामलीला को देखने कई गण मन ने व्यक्ति देश-विदेश से पहुंचेंगे और कई साधु संत भगवान राम की जन्म भूमि अयोध्या की रामलीला देखने आ रहे हैं। रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है पिछले साल अयोध्या की रामलीला को 25 करोड़ से ज्यादा राम भक्तों ने देखी थी।

अयोध्या की रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष मलिक बॉबी और महासचिव शुभम मलिक ने बताया कि इस बार रामलीला 14 से 24 अक्टूबर तक होगी। राम कथा पार्क नया घाट में हर साल की भांति साल भी शाम 7:00 बजे से रात 10:00 बजे तक लाइव हमारे यूट्यूब चैनल अयोध्या की रामलीला और दूरदर्शन पर लाइव दिखाई जाएगी और कई सैटेलाइट टीवी चैनल पर भी दिखाई जा रही है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में खाद्य सुरक्षा दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

*– खाद्य पदार्थों के महत्व व उसके संरक्षण की विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी*

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। स्थानीय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सोनल भार्गव के कुशल संयोजकत्व में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. कांति शर्मा ने किया । छात्राओं को एक वीडियो क्लिप के माध्यम से खाद्य पदार्थों के महत्व, उसके संरक्षण और बर्बाद होने से रोकने के विभिन्न तरीकों को विस्तारपूर्वक दिखाया गया। डॉ. संजीव कुमार,अध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा, राजकीय महिला महाविद्यालय आंवलखेड़ा ने अपने अतिथि वक्तव्य में छात्राओं को खाद्य दिवस मनाए जाने के इतिहास, कारणों और महत्व



पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो. कांति शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अन्न का एक-एक दाना अमूल्य है, उतना ही हमें अपनी थाली में लेना चाहिए जितने कि हमको आवश्यकता है। कोरोना काल की भीषण भूखमरी संकट के हम सभी साक्षी है कि कैसे लोग एक -एक दाने को मोहताज हो गये थे । अतःसभी को संकल्पित होना चाहिए कि न तो हम अन्न बर्बाद करेंगे और न ही होने देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सोनल भार्गव ने किया।इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# ईट बनाने के लिए मशीन से मिट्टी खोदने को मिली छूट समिति के पधाधिकारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया धन्यवाद ज्ञापित

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जनपद में विगत कई वर्षों से ईट मिट्टी खुदाई में जिला प्रशासन पुलिस लेखपाल आदि के द्वारा जनपद के भट्टे वालों का निरंतर उत्पीड़न किया जा रहा था। जिसकी शिकायत जिला स्तर व मुख्यालय पर की गई जिले में हो रहे भट्टे वालों के उत्पीड़न की शिकायत प्रदेश समिति के माध्यम से मुख्यमंत्री तक की गई थी। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी को समस्या का समाधान निकालने हेतु निर्देशित किया जिसमें 10 तारीख को उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट में पास हो जाने के बाद मिट्टी खुदाई के नियमों में परिवर्तन




कर मशीन से 2 मीटर तक की मिट्टी खुदाई करने की छूट दी गई है। यह जानकारी आयोजित पत्रकार वार्ता में ईंट निमार्ता समिति फिरोजाबाद अध्यक्ष संत बीएस यादव एवं महामंत्री संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दी गई साथ ही कहा की मुख्यमंत्री सरकार द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया गया है इसके लिए हम उनको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

# 70 वर्षो से पक्की सड़क का सपना देख रहे ग्रामीण हुये निराश

## किशनपुर पहाड़पुर संपर्क मार्ग पर चलना हुआ दूभर

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

योगी सरकार आने के बाद से ही लोगों के मन में विकास की एक आशा जागी थीं जो पूरी तरह से निष्फल होती दिखाई देती हैं मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ की सरकार आते ही 15 दिनों के अन्दर सभी सडकों को गढ्ढा मुक्त करने का आदेश दिया था लेकिन आज प्रदेश मे दूसरी बार सरकार बनने के बाद भी कोई सडक गढ्ढा मुक्त होते हुए नहीं दिखाई दे रही है बीते कुछ दिनों पहले योगी सरकार ने अपने हुक्मरानो को एक बार फिर से पिछले नवरात्र से पहले समस्त मागों को गढ्ढा मुक्त एवं अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आदेशित किया था लेकिन कुर्सी से चिपके अधिकारियों के कानों मे जूं तक नहीं रेग रहा है आपको बता दें कि किशनपुर से पहाडपुर सम्पर्क मार्ग का मामला हैं जहां आज भी पहाडपुर गांव के ही नहीं बल्कि क्षेत्र की जनता भी इसी उम्मीद पर जहां आज भी लोग टकटकी लगाये देख रहे है कि किशनपुर कस्बा स्थित नांगा बाबा कुटी के पास से अभी भी सडक बनने की आस देख रहे हैं अभी कुछ वर्षो पहले किशनपुर नंगर पंचायत ने किशनपुर से निकलते नांगा बाबा कुटी के बगल से आने वाले रास्ते पर पच्चीस लाख की लागत से पुलिया का निर्माण करवाया था जो वह पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बीते पिछले दिनों कुछ हादसे किशनपुर वासियों के साथ भी हुए हैं जिस वजह से क्षेत्रीय जनता का योगी सरकार के ऊपर से विस्वास टूटता दिखाई दे रहा है लोगों ने तो यह भी बताया कि कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इस क्षेत्र की समस्या भी बताई गई है लेकिन वह लोग भी क्षेत्रीय जनता को केवल प्रलोभन ही दे रहे हैं लेकिन काम आज तक नहीं हुआ और न ही योगी सरकार के आदेशों का पालन हुआ

# महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक, मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने गांव में लगाई गई चौपाल।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ**



उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा,सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित योगी सरकार ने अब महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक करने की मुहिम शुरू की है. इस मुहिम के तहत प्रत्येक सप्ताह बुधवार के दिन 2 महिला पुलिस कर्मियों (शक्ति दीदी) की टीम गांव और शहरों नगरों में विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की महिला प्रधान योजनाओं के विषय में जानकारी देंगी और उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करेंगी। रविवार व सोमवार को पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के दिशा निर्देश पर सीओ शुभ सुचित की अध्यक्षता तथा प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ब्लाक क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी आयोजित की गई जहां सोमवार को ग्राम पंचायत भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला के पंचायत सचिवालय में मिशन शक्ति अभियान को लेकर गांव की महिलाओं एवं छात्राओं को जागरूक किया गया जिसमें ग्राम प्रधान फरीदा खातून व पति वहींदर्रहमान एवं प्रधान प्रतिनिधि मौहम्मद जमशीद व उप निरीक्षक श्रीपाल सिंह महिला आरक्षी प्रियंका अमित कुमार ,अमित शर्मा व आरक्षी हरजीत कौर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं एनम ,आशा पंचायत सदस्य आदि गांव की महिलाओं के बीच मौजूद रहे अगर कोई महिला या छात्रा किसी गलत नीति का शिकार होती है या किसी के साथ उत्पीड़न जैसी घटना को अंजाम देने की साजिश चल रही है तो ये हेल्प लाइन नम्बर है और उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाते हुए कहा कि आप जब भी मदद के लिए फोन करेंगी तो ये समझना कि मुख्यमंत्री जी से बात हो रही है क्योंके मुख्यमंत्री जी कॉल का निस्तारण न होने पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते है और उचित कार्यवाही करते हुए आरोपी को उसकी हद तक पहुंचा देते है।हेल्प लाइन नम्बर, 1090, 112 ,108 ,नंबरों की जानकारी दी व भारत सरकार द्वारा चल रही योजनाओं के बारे में बताया जैसे कन्या सुमंगला योजना और आयुष्मान कार्ड बनवाने के संबंध में को जानकारी दी।ग्राम प्रधान पति ग्राम पंचायत में हर वक्त एक्टिव रहते है जनता के बीच योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ दिलाने में मदद करते है कासमपुर गढ़ी ग्राम पंचायत तथा हिदायतपुर में आयोजित मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ शुभ सुचित ने कहा कि नारी समाज का अभिन्न अंग है नारी सशक्त होगी तो देश सशक्त होगा। उन्होंने महिलाओं से देश में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर सशक्त बनने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को निशुल्क हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी विपत्ति के समय इन हेल्पलाइन नंबरों को डायल करें। पुलिस आपकी सहायता करेंगी। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान गुलशन रजी, मोहम्मद रजी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदेश शिखा चौहान,शमा परवीन आदि उपस्थित रही

आकर्षक ऑफर, मात्र 200 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

साइज 3X5 Cm

आवश्यकता है

हिंदी दैनिक समाचार पत्र दैनिक समाज जागरण जिला बिजनौर की संपूर्ण तहसील एवं क्षेत्र मे संवाददाताओं एवं तहसील प्रभारी की आवश्यकता है पत्रकार बनने हेतु संपर्क करे।



जिला प्रभारी बिजनौर शमीम अहमद सिद्दीकी मो07300987906

# क्षेत्र में डेंगू,मलेरिया,बुखार से हो रही मौतो पर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ भाकियू कार्यकताओं का विरोध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढ़ी पर धरना प्रदर्शन किया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ।भाकियू प्रधान गुट के कार्यकताओं ने जनपद में डेंगू मलेरिया आदि से हो रही मौतों पर स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी पर विरोध जताते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढ़ी पर धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओ ने स्वास्थ्य विभाग पर निरंतर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे जिले में भारी मात्रा में गांव से लेकर शहरों तक डेंगू व मलेरिया बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग हमेशा की तरह सामान्य बुखार कहकर पल्ला झाड़ रहा है।हालात इतने खराब है की सरकारी अस्पतालों में डेंगू की दवाइयां तक




उपलब्ध नही है।जिसका खामियाजा आम आदमी को प्राइवेट हॉस्पिटल में मंहगा इलाज कराकर भराना पड़ रहा है।उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाइयां तथा उपचार उपलब्ध कराने,सभी गांवो व शहरो में मच्छर की दवा का छिड़काव कराने तथा डेंगू ,मलेरिया आदि को लेकर निजी अस्पतालों में भी आमजन को उपचार सुलभ कराने कर निर्देश देने की मांग की। कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पीचसी प्रभारी की अनुपस्थिति में फार्मेसिस्ट सतीश कुमार को सौंपा। धरना प्रदर्शन के मौके पर ज्ञान सिंह प्रजापति,इंतजार अंसारी, हुकुम सिंह,श्याम सिंह,देवेंद्र सिंह,खूब सिंह,अशोक कुमार आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव के चाचा का लम्बी बीमारी के चलते इन्तकाल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। नगर के समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक शेख सुलेमान के चाचा शेख शाहिद हुसैन अलीग 75 वर्ष का लम्बी बीमारी के चलते इन्तेकाल हो गया है।उनके इन्तकाल पर परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया उनकी नमाजे जनाजा बाद नमाजे जोहर जामा मस्जिद अफजलगढ़ में मशहूर आलमें दीन हजरत मौलाना शफीक अहमद कासमी ने अदा की गई उसके बाद अब्दुल रज्जाक जूनियर हाईस्कूल के समीप आबाई कब्रिस्तान में उनकी तदफीन कर दी गई। मरहूम शेख शाहिद हुसैन का क्षेत्र के बड़े किसानों में शुमार होता था वह अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी



से आला तालीम हासिल कर अपने कृषि फार्म से आजीवन जुड़े रहे वह गरीबों के हमदर्द एवं नेकदिल इंसान थे।उनके जनाजा में अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शेख सलेमान, कमरुल इस्लामपुर पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शेरकोट, नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन पति जावेद विकार, पूर्व सभासद मौहम्मद यासर एडवोकेट, मौहम्मद अरशद पैगाम कंपनी शेरकोट, शेख मौहम्मद तैयब, मौहम्मद रियाज एडवोकेट सहारनपुर, आमिर एडवोकेट नजीबाबाद, मौहम्मद राशिद दिल्ली, शेख इरशाद हुसैन पूर्व पालिका अध्यक्ष पति,समाज सेवी कदीरा ठेकेदार, जमशेद एडवोकेट,हाफिज मोहम्मद इदरीस,तस्लीम अहमद गडीकपुरा,नईमउल्लाह अहमद आदि भारी संख्या में रिश्तेदार, क्षेत्रव नगर वासी मौजूद शामिल हुए।

# वर्क चैरिटेबल ट्रस्ट ने माहे रहमत को लेकर पीस वॉक का किया अयोजन

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। वर्क चेरिटिबल ट्रस्ट द्वारा पैगंबरे इस्लाम हजरत मुहम्मद (स0) की यौमे पैदाईश पर हर साल मनाए जाने वाले करूणा माह के तहत इस बार 15 अक्तूबर को शांति मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में संस्था के वालंटियर्स, समाजसेवी, महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।




करूणा माह के तहत होने वाले कार्यक्रम की श्रृंखला में अंतिम कार्यक्रम के रूप में पीस वॉक का आयोजन किया गया। पीस वॉक का शुभारंभ शम्स नावेद हाल बाजार नसरुल्लाह खां से किया गया जो मिस्टन गंज, गाँधी समाधि व बेरियान होते हुए रामलीला मैदान उत्सव पैलेस पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। वर्ल्ड आर्गनाईजेशन रिलीजंस एंड नॉलेज (वर्क) के अध्यक्ष अल्लामा सैयद अब्दुल्लाह तारिक ने बताया कि रबीउल अव्वल के इस माह को हम रहमत यानी करुणा माह के रूप में मनाते हैं और पूरे माह कोई न कोई कार्य जो रहमत का होता हैं वर्कर्स करते हैं। दूसरे लोगों तक भी यह संदेश पहुंचाने की कोशिश की जाती हैं कि वह भी मोहम्मद साहब की पैदाइश के इस माह में रहमत का कोई भी कार्य पूरे माह करें क्योंकि आपको पूरे संसार के लिए रहमत बना कर भेजा गया था नाकि किसी खास वर्ग या जाति के लिए। मार्च के दौरान खास यह रहा कि नन्ने-मुन्ने बच्चों व महिलाओं के हाथों में वर्तमान की ज्वलंत समस्याओं जैसे युद्ध, पर्यावरण, शांति, जल संरक्षण, महिला अधिकारों का संरक्षण, जानवरों के अधिकार व अन्य समस्याओं से संबंधित पैगंबर मोहम्मद (स0) के कथन लिखीं तख्तियां थीं। इसके अलावा पीस मार्च का आयोजन इतने व्यवस्थित तरीके से किया गया कि राहगीरों को भी किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े।

उत्सव पैलेस में समापन से पूर्व उपस्थित वालंटियर्स को रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित, धनन्जय पाठक आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विश्व शांति के लिए काम कर रही वैश्विक संस्था एचडब्लूपीएल (कोरिया) के सदस्यों ने भी प्रतिभाग किया।

## बारिश और ओलावृष्टि से फसलों पर असर, पेड़ गिरने से हाइवे पर लगा जाम

बिसौली आई एम खान। तेज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि से नगर व



क्षेत्र में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। बदायूं मार्ग पर गांव मदनजुड़ी के समीप आंधी में पेड़ गिरने से हाईवे पर जाम लग गया। काफी मशक्कत के बाद पेड़ को हटाया गया तब जाकर यातायात सुचारू हुआ। वहीं क्षेत्र के गांव करखेड़ी, मैनपुरी सहित दर्जन भर से अधिक गांवों में बारिश के साथ ओले पड़ने से विभिन्न फसलों पर असर की संभावना से किसान सहम गए हैं। वर्षा व ओलावृष्टि से पारा अचानक गिर गया जिससे लोग ठिठुरते दिखाई दिए।

# स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की घोर उदासीनता के चलते फैल रही संक्रामक बीमारिया :मोइन खान

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। युवा समाज सेवी एवं पूर्व प्रत्याशी मोईन खान ने बीती रात नालापार में आयोजित जनजागरूकता कैंप में बोलते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना ही उनही मुख्य उद्देश्य हैं। मोईन खान ने नालापार पर बीड़ी मजदूरों, रिक्शा पोलरों व गरीबों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर उन्होने कहा कि गरीबों की समस्याओं का प्रमुखता से शासन प्रशासन के सामने वह लगातार उठाते रहते हैं अब जनजागरूकता चलाकर अवाम की परेशानियों का दूर किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस समय पूरा जिला संक्रामक बीमारियों की चपेट में हैं। स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका प्रशासन की घोर उदासीनता के चलते समय रहते संक्रामक बीमारियों पर काबू नहीं पाया गया जिस कारण बीमारी



ने विकराल रूप धारण कर लिया हैं और लोग मौत की आगोश में जा रहे हैं। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि गरीब जनता के लिए उनके दरवाजे हर वक्त खुले हैं। उन्होने कहा कि बीडी मजदूरों की समस्याओं का जल्द ही जिला प्रशासन के आला अफसरों के सामने रखा जायेगा ताकि उन्हे योजनाओं का लाभ मिल सकें। इस मौके पर रईस अहमद, नवेद खान, बबलू खान, तसलीम मियां, भूरा खां आदि मौजूद थे।

# पुलिस वाले ने अपनी पत्नी पर हत्या कराने का लगाया आरोप ,मामला दर्ज

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर।मुरादाबाद में अवैध संबंध के चलते एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की कोशिश की. पुलिस ने हत्या की साजिश के आरोप में पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में अवैध संबंध के चलते हत्या की कोशिश का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने की कोशिश की. घटना के बाद पति अवनीश यादव ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया.

पुलिस ने हत्या की साजिश के आरोप में पत्नी सोनम यादव और उसके प्रेमी सुशील खटाना के खिलाफ धारा 323 और 504 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लग गई है।पति अवनीश यादव जो की मुरादाबाद पीएससी 24 वी वहानी में चालक के पद पर तैनात है उसका कहना है की उसकी पत्नी 2020 से पति से अलग अपनी मौसी जाकेश यादव के साथ रेलवे आवास मुरादाबाद में रहती है। मौसी जाकेश जो की रेलवे डीआरएम ऑफिस में क्लर्क के पद पर तैनात हैं। अपनी मौसी के आवंटित रेलवे आवास पर ही पत्नी सोनम यादव ने अपने प्रेमी सुशील व उसके परिवार को 2021 से अवैध तरीके से रख रखा था।

पति अवनीश का कहना है सोनम और उसके प्रेमी सुशील के बीच अवैध संबंधों कि उन पर अश्लील फोटो और व्हाट्सएप चैट भी मौजूद है। और वह अपने पति को मार कर उसकी नौकरी लेना चाहती है जिससे वह अपने प्रेमी से शादी कर अच्छा जीवन व्यतीत कर सके।

# अब अपराधियों की नही खेर 24 घण्टे रहेगी निगरानी

## नवांगतुक पुलिस अधीक्षक ने निगरानी दस्ते का किया गठन ।हर थाने पर तैनात रहेंगे 2 स्पेशल पुलिस वाले

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी की पहल पर अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिये जनपद के प्रत्येक थाने से दो-दो पुलिसकर्मियों को चिन्हित करते हुये ह्लनिगरानी दस्ताह्व का गठन करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी स्वार एवं क्षेत्राधिकारी लाईन के साथ कुल 16 निगरानी दस्तों (कुल 32 पुलिस कर्मी) को पुलिस कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन निगरानी दस्तों का कार्य थाना के समस्त चिन्हित अपराधियों,



हिस्ट्रीशीटरों, अवैध खनन माफिया व दुराचारियों आदि का विवरण रखते हुये इनपर निगरानी रखेगें। इन अपराधियों के कृत्यों पर लगातार निगरानी रखी जायेगी ताकि भविष्य में थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अपराध कारित न कर सकें। इसके अतिरिक्त इन अपराधियों का विवरण रजिस्टर, व्हाट्सएप ग्रुप में भी संकलित किया जायेगा जिससे इन अपराधियों पर चुनाव अथवा अन्य किसी विशेष कार्यक्रम में भी नजर रखते हुये इनके द्वारा अपराध करने पर इनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा सके।

## फरीदाबाद की रामलीला के मंचन के लिए अमेरिका से आई मिशा

फरीदाबाद.फरीदाबाद की श्री श्रद्धा रामलीला कमेटी इस साल भी रामलीला के मंचन के लिए तैयार है.कलाकारों ने इस बार भी अपने किरदारों को निभाने के लिए कड़ी मेहनत की है.इस बारे में कमेटी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर जानकारी दी.फरीदाबाद की इस रामलीला में महिलाओं के किरदार महिलाएं ही निभाती हैं और रामलीला का प्रस्तुतीकरण चौपाइयों और डायलॉग के माध्यम से किया जाता है जिसे देखकर दर्शक वाह-वाह कर उठते हैं.

कलाकारों में अपना रोल निभाने का ऐसा जज्बा है कि कैकेई का रोल निभाने के लिए मिशा भाटिया सिक्का खासतौर से अमेरिका से आई हैं.मिशा भाटिया हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया की बेटी हैं

# श्री राम महोत्सव में श्री राम राज्याभिषेक की तैयारी

**शावेज अहमद/दैनिक समाज जागरण**

रामपुर। श्री सनातन रामलीला कमेटी के तत्वाधान में कोसी मंदिर मार्ग उत्सव पैलेस में चल रही श्री रामलीला में श्री राम महोत्सव में श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी, मंथरा कैकयी संवाद, दशरथ कैकयी संवाद, श्रीराम लक्ष्मण वन गमन, तमसा तीर पर निवास इत्यादि प्रसंगों का मंचन किया गया। राजा दशरथ अपने महल में बैठे हुए हैं तथा दर्पण में अपना चेहरा देख रहे हैं अचानक उनको अपने बालों में कुछ सफेद बाल दिखते हैं वह सोचने लगते हैं कि काफी समय हा हो गया मुझे राज्य का भार संभालते हुए अब राम को थो राज्य की जिम्मेदारी दे देनी चाहिए क्योंकि राम अब सब तरह से राज्य की जिम्मेदारी संभालने के योग्य हो गया है। वह वशिष्ठ जी के पास जाते हैं तथा अपने मंतव्य की सलाह लेते हैं। वशिष्ठ जी की अनुमति लेने के पश्चात वह राज्य मे घोषणा करवा देते हैं कि अगले दिन राम का राज्याभिषेक होगा। यह घोषणा सुनकर जनता अत्यंत ही प्रसन्न होती है लेकिन मंथरा कैकेयी की दासी षडयंत्र रचती है तथा कैकेयी के महल में जाती है तथा कैकेयी को राम राज्यभिषेक के



विपरीत समझाती है। पहले तो कैकेयी मंथरा को दुत्कारती है लेकिन बाद में कैकेयी मान जाती है एवं कोपभवन में चली जाती है , राजा दशरथ को जब यह समाचार ज्ञात होता है वह कैकेयी के महल में जाते हैं वहा रानी कैकेयी दशरथ जी से दो वरदान मांगती है पहले वरदान में अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राज एवं दूसरे वरदान में राम को चोदह वर्ष का वनवास। यह सुनकर दशरथ अत्यंत गम में डूब जाते है तथा कैकेयी को काफी भला बुरा कहते है अंत में राम लक्ष्मण एवम सीता वन को प्रस्थान करते हैं। उनके साथ अयोध्या की काफी जनता भी वन की ओर जाती है। रात्रि में राम तमसा नदी के किनारे ठहरते हैं जब साथ आये सभी जन गहरी निद्रा में सो जाते हैं तब राम मंत्री सुमन्त से आगे चलने को कहते हैं।

# हरियाणा के इस कलाकार के नाम अनोखा रिकॉर्ड, बना चुके हैं दुनिया की सबसे लंबी पेटिंग

रेवाड़ी.रेवाड़ी के एक कलाकार अपनी कला से दुनियाभर में नाम कमा चुके हैं.उनके हाथों में ऐसा हुनर है कि उनकी कला को देखकर हर कोई दंग रह जाता है.ये शख्स हैं एस के रजोतिया,जो सामाजिक मुद्दों पर अब तक हजारों पेंटिंग्स बना चुके हैं.विश्व की सबसे लंबी पेंटिंग बनाकर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं.

रेवाड़ी के रहने वाले आर्टिस्ट एसके राजोतिया बचपन से पेंटिंग कर रहे हैं.उनकी उम्र 51 वर्ष हो चुकी है.इस दौरान वे सामाजिक मुद्दों पर हजारों पेंटिंग बना चुके हैं.खास बात ये है कि एसके राजोतिया टीम के साथ मिलकर विश्व की सबसे लंबी पेंटिंग बनाकर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा चुके हैं.

**कोरोना काल में बनाई सबसे ज्यादा पेंटिंग**

एसके राजोतिया ने कहा कि कोरोना काल में जब लॉकडाउन लग गया था.तब उन्होंने सबसे ज्यादा पेंटिंग बनाई थी.कोरोना काल में उन्होंने शहर के मुख्य चौक चौराहों, पार्कों के सामने सड़क पर काफी बड़ी पेंटिंग बनाई थी.पेंटिंग के माध्यम से उन्होंने कोरोना से बचाव और सरकार की गाइडलाइन का पालन करने का आह्वान किया था.इससे लोगों को कोरोना के प्रति जागरुक किया गया. एसके राजोतिया मूल रूप से झज्जर के रहने वाले हैं.स्कूल टाइम से ही उन्हें पेंटिंग में रुचि थी.स्कूल स्तर पर हुई प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने के बाद एसके राजोतिया का हौसला और बढ़ गया.एजुकेशन पूरी करने के बाद उन्होंने करीबन 10 वर्ष निजी स्कूल में ड्राईंग के टीचर के तौर पर काम किया.जिसके बाद अभी वे हरियाणा बिजली निगम में कार्य करते हैं.

# नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी का होता है दर्शन पूजन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी में है मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर, करती हैं हर मनोकामना पूरी मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर बहुत खास है.जानिए क्यों...



मां ब्रह्मचारिणी का मंदिर काशी के सप्तसागर (कर्णघंटा) क्षेत्र में स्थित है. दुर्गा की पूजा के क्रम में ब्रह्मचारिणी देवी का दर्शन-पूजन बहुत महत्वपूर्ण माना गया है.

### सुबह से ही लग जाती है भीड़

काशी के गंगा किनारे बालाजी घाट पर स्थित मां ब्रह्मचारिणी के मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाती है. श्रद्धालु लाइन में लगकर मां का दर्शन प्राप्त करते हैं. श्रद्धालु मां के इस रूप का दर्शन करने के लिए नारियल, चुनरी, माला-फूल आदि लेकर श्रद्धा-भक्ति के साथ अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं.

### मां के दर्शन करने से मिलती है परब्रह्म की प्राप्ति

ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है. इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमंडल रहता है. जो देवी के इस रूप की आराधना करता है उसे साक्षात परब्रह्म की प्राप्ति होती है. मां के दर्शन मात्र से श्रद्धालु को यश और कीर्ति प्राप्त होती है.

### हर मनोकामना होती है पूरी

यहां ना सिर्फ काशी बल्कि अन्य जिलों से भी लोग दर्शन एवं पूजन के लिए आते हैं. नवरात्रि पर तो इस मंदिर में लाखों भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते हैं. ऐसी मान्यता है कि मां के इस रूप का दर्शन करने वालों को संतान सुख मिलता है. साथ ही वो भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती हैं....

# नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा चला अतिक्रमण अभियान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**



1. शिव पुरवा स्थित जय प्रकाश नगर कॉलोनी से प्राप्त शिकायत (गली के मार्ग में अवैध रूप से गेट लगा कर मार्ग अवरुद्ध करने के सम्बंध में ) के निस्तारण हेतु अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव के साथ मौके पर पहुंच गली के मार्ग में अवैध रूप से लगाए गए गेट को ध्वस्त करवा दिया गया '

2. सम्भव दिवस में जोनल अधिकारी दशाश्व मेघ जोन संजय तिवारी द्वारा अग्रेषित शिकायत पत्र (राम कटोरा स्थित पार्क के चारदीवारी के साथ अतिक्रमण किए जाने के सम्बंध में ) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंच अवैध रूप से बनाई गई झुग्गी खुलवा कर अतिक्रमित सामान हटवा दिया गया साथ ही लगभग 01 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त भी कर लिया गया '

3. अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार द्वारा प्राप्त निर्देश (चेतगंज हबिबपुरा से प्राप्त शिकायत दो मकान के बीच में संयुक्त गली में अतिक्रमण के संबंध में) का अनुपालन करते हुए मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवा दिया गया साथ ही भवन स्वामी को सख्त हिदायत दिया गया कि संयुक्त गली के मार्ग पर भविष्य में अतिक्रमण न करें अन्यथा भवन स्वामी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई किया जाएगा ।

4. बांस फाटक भंडारी गली से प्राप्त आइजीआरएस शिकायत (दुकान के सामने गली में सामान रखकर अतिक्रमण करने के संबंध में) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंच दुकानदार को 2000 रू. का जुमार्ना लगाया कर अतिक्रमित सामान हटवा कर मार्ग खाली करवाया गया ।

5. कर अधीक्षक वरुणा पार जोन श्री चन्द्रशेखर के उपस्थिति में भोजूबीर से मीरा पुर बसही होते हुए चाँद मारी हस्त कला संकुल और रिंग रोड अंडर पास तक घोषणा करते हुए सघन अतिक्रमण अभियान चला कर पूरे इलाके की सड़क और पटरी खाली करवाया गया, अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से लगाए गए टिन शेड भी खुलवा दिया गया वहीं भवन निर्माण सामाग्री रखे कुछ भवन स्वामियों को सख्त हिदायत दिया गया कि वे आज शाम तक भवन निर्माण सामग्री सड़क और पटरी से हटा लें '

6. कमांड सेंटर से प्राप्त ऑनलाइन शिकायत (सराय मोहाना शमशान घाट पर लकड़ी रखकर अतिक्रमण के संबंध में) को निस्तारित करते हुए मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता के मौजूदगी में अतिक्रमण कर्ता को लकड़ी हटाने के लिए एक हफ्ते का समय दिया गया, अतिक्रमण कर्ता द्वारा बताया गया कि यह जमीन जिस पर लकड़ी रखकर व्यापार कर रहें है वह उनके पूर्वजों का है। ऐसी स्थिति में राजस्व द्वारा जांच कराकर अग्रिम कार्रवाई किया जाएगा ।

7. उपरोक्त पूरे अभियान के दौरान लगभग 02 गाड़ी अतिक्रमित सामान जब्त कुछ अत्याधिक अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जुमार्ना भी किया गया '

8. कुल जुमार्ना राशि रू. 3,900 मात्र /-
क). अतिक्रमण - रू. 3,700 /-
ख). प्लास्टिक - रू. 200 /-

# 95 बटालियन सीआरपीएफ,सृजन सामाजिक विकास न्यास एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में आज अस्सी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**समाज जागरण वाराणसी**



वाराणसी। विधायक सौरव कार्यक्रम में जवानों एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के सदस्यों तथा नगर निगम के सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाते हुए अगुवाई कर रहें थें एवं

सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली, कमांडेंट 95 बटालियन अनिल कुमार बृक्ष के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास, नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में दशा अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव कैंट विधायक थे, तथा विशिष्ट अतिथि सुजय यादव सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे।गंगा हातिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता किये एवं अस्सी पर उपस्थित सीआरपीएफ के सभी जवानों नगर निगम के सफाई कर्मियों के सदस्य गण तथा आम जनमानस को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलवाई साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।स्वच्छ भारत का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे देश अपना। भारत विश्व गुरु बनेगा, जब भारत स्वच्छता की ओर बढ़ेगा। हर नागरिक का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना। हर व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना, इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 95 बटालियन के निरीक्षक रामकुमार,प्रवीण सिंह के साथ 95 बटालियन के जवानों बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया,नगर निगम के निरीक्षक दिवाकर पांडे व कर्मचारी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथासृजन सामाजिक विकास न्यास के बरिष्ट सद्स्य कपीन्द्र तिवारी भी सम्लित हुए।

# स्वयं सहायता समूह की रुपया लेकर महिला फरार, थाने में पड़ी तहरीर

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी। वाराणसी क्षजंसा थाना क्षेत्र के सीहोरवा गांव में लोक समिति नाम से संचालित स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिला निर्मला देवी पत्नी रामनारायण गांव में ही संचालित विभिन्न समूहो से 210000 रुपए कर्ज लेकर फरार हो गयी है अन्य समूहो की कोषाध्यक्ष संगीता एवं पूनम देवी ने काफी खोज बीन किया लेकिन वह नही मिल सकी थक हार कर दोनों ने सोमवार की दोपहर बाद जंसा थाने में पहुंचकर उक्त महिला के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है वही इस मामले में थाना अध्यक्ष राकेश पाल का कहना है कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट

## *घटना की सूचना देने जा रहे पिता पुत्र को कुचलकर मारने का प्रयास*

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी बड़ा गाँव स्थानीय थाना क्षेत्र के सेहमलपुर गांव में बीते शुक्रवार को सांयकाल जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना की सूचना देने थाने जा रहे पिता पुत्र को हमलावरों ने चार पहिया वाहन से टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

ट्रामा सेंटर में इलाज कराने के बाद घायल पुत्र ने अपने ही गांव के चार लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

स्थानीय थाने पर दिये गये प्रार्थना पत्र में उपरोक्त गांव निवासी विनोद कुमार पांडेय ने आरोप लगाया है की मेरे ही गांव के कैलाश पांडेय,सुधीर पांडेय, प्रशांत पांडेय एवं पुष्पा पांडेय एक राय होकर 13 अक्टूबर को सांय काल मेरे पशुओं को बांधने वाली जगह से नाद,चन्नी हटाकर मिट्टी डालकर जमीन कब्जा करने लगे जिसका विरोध करने पर उपरोक्त सभी लोग हम लोगों को गाली गलौज देते हुए लाठी, डंडा एवं कुल्हाड़ी से मारकर घायल कर दिया, शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। घटना की सूचना देने बड़ागांव थाने पर जाते समय आरोपियों ने रास्ते में अपने चार पहिया कार से धक्का मारकर घायल कर दिया जिससे मुझे गंभीर चोटें आई हैं साथ ही मेरे पिता सुभाष पांडेय का पैर और कुल्हा टुट गया है।

# पत्रकारों का उत्पीड़न बंद हो, पीएम के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में दिया ज्ञापन

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी पत्रकार संघ और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के आह्वान पर वाराणसी के पत्रकारों ने न्यूज पोर्टल ह्यन्यूज क्लिकह्न के साथ ही देश में विभिन्न समाचार माध्यमों से जुड़े पत्रकारों के उत्पीड़न व दमन की घटनाओं के विरोध में अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन उनके संसदीय जनसम्पर्क कार्यालय (जवाहर नगर कॉलोनी) में सौंपा।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार नगर के पत्रकार दिन में 12 बजे गुरुधाम चौराहे पर एकत्रित होकर काशी पत्रकार संघ के महामंत्री अखिलेश मिश्र, प्रदीप कुमार, विकास पाठक, सुभाषचंद्र सिंह, राजनाथ तिवारी (पूर्व अध्यक्ष, काशी पत्रकार संघ), व ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सी बी तिवारी (राजकुमार) की अगुवाई में प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय पहुंचे। प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय में मौजूद महापौर अशोक तिवारी और कार्यालय प्रभारी शिवशरण पाठक ने पत्रकारों का ज्ञापन स्वीकार कर उसे पीएमओ को भेजने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन में न्यूज क्लिक तथा देश में अलग-अलग घटनाओं में समाचार माध्यमों से जुड़े पत्रकारों के दमन व उत्पीड़न की घटनाओं की ओर प्रधानमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों से मीडिया जिसे लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में माना जाता है, उसे कमजोर करने की कोशिश जारी है। पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाएं अभिव्यक्ति की आजादी पर प्रहार है। काशी के पत्रकारों का स्पष्ट मानना है कि पत्रकारिता की आड़ में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने की इजाजत नहीं दी जा सकती। लेकिन




यह भी उचित नहीं कि सरकार और उसकी नीतियों की आलोचनात्मक अथवा जन अधिकारों से संबंधित खबरें प्रसारित व प्रचारित करने पर किसी पत्रकार अथवा मीडिया हाउस को देश विरोधी मान लिया जाए। ज्ञापन में आगे कहा गया कि काशी के पत्रकार संगठन आपसे मांग करते हैं कि न्यूज क्लिक समेत पूर्व के सभी मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए। अगर कोई पत्रकार अथवा मीडिया हाउस दोषी पाया जाए तो उसके खिलाफ निश्चित तौर पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। परन्तु ईडी या पुलिस जैसी एजेंसियों की छापामारी के जरिये पत्रकारों और मीडिया हाउसों को डराने-धमकाने की कार्रवाई तत्काल बंद की जाए। यह न सिर्फ पत्रकारिता बल्कि लोकतंत्र और देश हित में है।

जुलूस में सर्वश्री विनय शंकर सिंह (मंत्री, वाराणसी प्रेस क्लब) चंदन रूपानी (पूर्व अध्यक्ष, वाराणसी प्रेस क्लब), जय नारायण मिश्र, ए.के. लारी, कैलाश यादव, राजेश राय, अरुण कुमार सिंह, मो. जावेद, शैलेष चौरसिया, विमलेश कुमार चतुवेर्दी, शिवदत्त, विजय शंकर गुप्ता (बच्चा), आशुतोष पांडेय, सुरेश गांधी, संतोष चौरसिया, अभिषेक सिंह, राणा जय सिंह, नीलाम्वुज तिवारी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक विजय विनीत, प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह पिंटू,पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह,जिला संरक्षक रामजी पाण्डेय,जिला कोषाध्यक्ष अनुराग जायसवाल, आईटी सेल प्रभारी नीलाम्बर त्रिपाठी, संजय गुप्ता, सदर तहसील उपाध्यक्ष विजय शंकर चौबे, इन्द्रबहादुर सिंह, जनमेजय सिंह, विकासदत्त मिश्रा,अमित वर्मा, देवेंद्र सिंह, नित्यानन्द चौबे,अमित चौहान, जयंत सिंह, दीपक सिंह, गुड्डू हाशमी, मेराज अहमद,राहुल सोनी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

# अब कबीरचौरा अस्पताल में भी लगेगी एसडीपी मशीन

## नेक पहल : पूर्व मंत्री व विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने प्लेटलेट की आवश्यकता को देखते हुए विधायक निधि से जारी किया फण्ड

## एक डोनर से होगा पांच मरीजों को फायदा, 72 घंटे बाद डोनर दुबारा दे सकेगा प्लेटलेट

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। जनपद स्थित श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय जिला चिकित्सालय में अब एसडीपी मशीन लगाई जा रही है कइसके लिए पूर्व मंत्री व वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक डा० नीलकंठ तिवारी ने अपने विधायक निधि से फण्ड स्वीकृत कर दिया है। डेंगू रोग इस समय काफी फैला हुआ है। जान बचाने के लिए रोगियों को भारी मात्रा में ब्लड प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ रही है। लेकिन, कबीरचौरा अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में अभी भी पुरानी तकनीकी (कंपोनेंट सेप्रेशन) का इस्तेमाल कर खून से प्लेटलेट्स निकाला जा रहा था। जिसमें घंटों बर्बाद होने के साथ ही काफी ज्यादा डोनरों की जरूरत पड़ रही है। अब यहाँ प्लेटलेट्स एफेरेसिस मशीन (एसडीपी) लग जाने से इन सारी परेशानियों से निजात मिल जाएगी और कई गंभीर रोगियों की जान बचाई जा सकेगी कइस मशीन के होने से रोगियों की तेज रिकवरी होगी और एक ब्लड डोनर करीब पांच डोनरों के बराबर उपयोग में लाया जाएगा के

इस मशीन के लग जाने से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) विधि से अब एक ही डोनर से मरीज की जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स निकालना संभव होगा। पहले इसके लिए तीन से चार डोनर का ब्लड लिया जाता था। फिर प्लेटलेट्स अलग किया जाता था। इस प्रक्रिया में ब्लड के जरिए एक घंटे में प्लेटलेट्स निकलता है । डोनर के शरीर से ब्लड निकालकर मशीन में ले जाया जाता है वहां से प्लेटलेट्स अलग होकर मरीज के शरीर तक पहुंचता है और बाकि ब्लड दोबारा डोनर के शरीर में पहुंचाया जाता है। खास बात यह भी है कि प्लेटलेट्स देने वाला व्यक्ति 72 घंटे बाद दोबारा प्लेटलेट्स दे सकता है। इस विधि से प्लेटलेट्स चढ़ाने से मरीज में 50 से 60 हजार तक प्लेटलेट्स बढ़ता है। अब तक ब्लड निकालने के बाद रैंडम डोनर प्लेटलेट्स (आरडीपी) विधि से प्लेटलेट्स निकाला जाता था। इसमें कम से कम छह घंटे लगते हैं। एक बार रक्तदान करने के बाद तीन माह बाद दे फिर से रक्तदान किया जा सकता था । एक यूनिट आरडीपी चढ़ाने पर सिर्फ पांच हजार प्लेटलेट्स काउंट बढ़ते हैं। इस वजह से कई यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाने पड़ते थे।

इसके पहले आरडीपी तकनीक से जरूरतमंद मरीज को ब्लड बैंक से उसके मैचिंग ग्रुप का प्लेटलेट्स दे दिया जाता है और उसके बदले में किसी भी ब्लड ग्रुप वाले डोनर से ब्लड डोनेट करा लिया जाता है। एक ग्रुप वाले कई डोनरों का प्लेटलेट्स एक साथ निकालकर दूसरे मरीजों के लिए रख लिया जाता था।

विधायक डा० नीलकंठ तिवारी ने प्लेटलेट कि बढती मांग को देखते हुए तत्काल सीएमओ वाराणसी श्री संदीप चौधरी से वार्ता कि और इस अत्याधुनिक मशीन के लिए तत्काल फण्ड जारी कर दिया क इस अत्याधुनिक मशीन आने से मरीजों को काफी फायदा होगा। पेल्टलेट्स का यूज सिर्फ डेंगू मरीजों में ही नहीं बल्कि और भी कई गंभीर बीमारियों में होता है।

# सांसद खेलो प्रतियोगिता का शुभारंभ

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

आराजी लाइन ब्लॉक के ग्राम सभा वीरसिंहपुर के सार्वजनिक बाल विद्या जूनियर विद्यालय मिल्कीपुर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता काशी 2023 का सुभारंभ किया गया ।

जिसमे आराजी लाइन प्रतियोगता प्रभारी राम सकल पटेल जी, प्रेम शंकर पाठक जी किया , उन्होंने बताया कि सांसद खेलकूद प्रतियोगता मा प्रधानमंत्री जी का सोच है की ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे के खेल के प्रति दबी हुई भावना है उनको आगे ले जाकर निखारा जाय जिससे उनका भविष्य खेल के प्रति उज्वल हो । अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करे । प्रतियोगिता के 100 मीटर रेस में सत्यम प्रथम स्थान व 200 मीटर रेस में सागर प्रथम स्थान प्राप्त किया

जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक पटेल जी,ग्राम सचिव अंजनी राय जी,सेक्टर संयोजक संदीप गुप्ता जी ,राजदेव मौर्या, अमर नाथ पटेल जी ,शिवशंकर पटेल , विशाल पाठक आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# गोरखपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस अब रुकेगी भटनी स्टेशन पर रेलवे ने की अनुमति प्रदान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी ! भटनी की यात्री जनता की माँग एवं यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं० 19490/19489 गोरखपुर-अहमदाबाद -गोरखपुर एक्सप्रेस को गोरखपुर-छपरा रेल खण्ड पर पड़ने वाले भटनी रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का प्रयोगिक ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।

इसी क्रम में आज 16 अक्टूबर , 2023 से भटनी रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह से गाड़ी के ठहराव का शुभारंभ देवरिया के माननीय सांसद रमापति राम त्रिपाठी जी ,सलेमपुर के सांसद रविन्दर कुशवाहा जी तथा रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया जी द्वारा गाड़ी सं 19489 अहमदाबाद - गोरखपुर एक्सप्रेस को हरी झण्डी दिखाकर किया गया ।

इस अवसर पर सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने भटनी स्टेशन पर उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए माननीय प्रधानमंत्री,रेल मंत्री एवं रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में भटनी समेत देवरिया जिले में पड़ने वाले सभी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का बहुत विकास हुआ है। इस गाड़ी के ठहराव हो जाने से भटनी और आस पास के इलाके के यात्रियों को वाराणसी, प्रयागराज,सतना, कटनी,उज्जैन एवं अहमदाबाद तक सीधी यात्रा का लाभ मिलेगा।

उन्होंने बताया कि विकास के क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 42.62 करोड़ की लागत से भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन को पुनर्विकसित कर यात्रियों को अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं प्रदान की जायेगी। जिसमें शहर की कला एवं संस्कृति को समाहित करते हुए स्टेशन के स्वरूप को विकसित किया जायेगा। इसके साथ ही पार्किंग, एप्रोच ,प्रकाश व्यवस्था तथा साइनेज में भी वाँछित सुधार किया जाएगा।

भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन के समग्र विकास को लेकर बनाई गई योजनाएं पूर्ण होने के उपरान्त यात्रियों को बड़े स्टेशन पर आने का सुखद एहसास होगा। इसी के अंतर्गत पिवीकोल हाल्ट पर बनी बाई पास लाइन भी बहुत उपयोगी है जिसके माध्यम से बिना इंजन की दिशा बदले सीवान से आने वाली ट्रेन को वाराणसी की तरफ और वाराणसी से आने वाली ट्रेनों को छपरा एवं सीवान की तरफ कम समय में भेजा जा सकेगा।

इसके पूर्व सांसद रविन्दर कुशवाहा एवं रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने सांसद देवरिया द्वारा क्षेत्रीय स्टेशनों के पुनर्विकास एवं विभिन्न गाड़ियों के ठहराव के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

इसके पूर्व सांसद एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक(परिचालन) राजेश कुमार सिंह ने सांसदों को अपना बहुमूल्य समय निकाल कर भटनी जं पर अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ करने का हमारा अनुरोध स्वीकार करते हुए आज इस समारोह में उपस्थित हुए। इसके साथ ही मैं इस समारोह में मंचासीन जन प्रतिनिधियों एवं सम्मानित अतिथियों का भी स्वागत करता हूँ।

# चंदन कुमार राय के थाना प्रभारी खेतासराय बनने के बाद अपराध पर लगा अंकुश

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जौनपुर । थाना प्रभारी चंदन कुमार राय को खेतासराय थाने का चार्ज ग्रहण किए हुए कुछ महीने ही बीते हैं लेकिन उन्होंने अपनी कार्यशैली एवं



मधुर व्यवहार से बहुत ही कम समय में खेतासराय में थाना क्षेत्र के लोगों के दिल में जगह बना ली है चंदन राय ने खेतासराय थाना प्रभारी बनने के बाद जिस प्रकार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगन लगाया है वह वाकई काविल तारीफ है मूल रूप से जनपद मऊ मऊ के रहने वाले है

# काशी सांसद महोत्सव

**समाज जागरण वाराणसी**

अस्सी घाट पर द्वितीया तिथि में आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने गणेश



वंदना,परंपरागत कथक और मराठी नृत्य की प्रस्तुति किवया

वाराणसी घाट संध्या के अंतर्गत नवरात्रि विशेष काशी सांसद महोत्सव के विशिष्ट चरण में अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस के संयोजन में शारदीय नवरात्र अश्विनी शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि में आशीर्वाद संगीतालय के कलाकारों ने गणेश वंदना,परंपरागत कथक और मराठी नृत्य की प्रस्तुति किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकार सुश्री अदिती शर्मा, सिद्धि कस्तूरे ,मनस्वी रावत, मिनाक्षी ने अद्भुत नृत्य की प्रस्तुति कर दर्शक गण के हृदय को मोह लिया।कार्यक्रम का संयोजन सुबह ए बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा ने किया। सीमा केशरी ने सारगर्भित संचालन कर महोत्सव की महत्ता से अवगत कराया। समस्त कलाकारों को आशीर्वचन श्री श्याम कुमार केशरी ने दिया । इस अवसर पर डॉ जया राय सहित भारी संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

# सुरक्षा व शांति व्यवस्था को लेकर सिगरा पुलिस ने किया पैदल मार्च

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

नवरात्र/दुर्गा पूजा को लेकर सिगरा पुलिस ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध को रोकने को लेकर सोमवार देर शाम सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह



के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया तथा उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया। इस दौरान पुलिस ने दुकानो के सामने अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा करने को भी कहा।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में वाराणसी थाना चोलापुर पुलिस टीम ने द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार करते हुये नाबालिग अपहृता को बरामद किया। चोलापुर क्षेत्र के निवासी व्यक्ति ने अपनी 13 वषीर्या नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर अपनी भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए युवक के विरुद्ध चोलापुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। चोलापुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। सोमवार को चोलापुर पुलिस ने आरोपी सूरज उर्फ गोरे (20 वर्ष) पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सुल्तानपुर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उनि. मनीष पाल, हेका श्रीकान्त यादव, का. देवी प्रसाद सिंह, मका. सुनीता कुमारी शामिल रहीं।

# संदहां में चला चेकिंग अभियान, दस वाहनों का हुआ चालान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

चिरईगांव/वाराणसी स्थानीय विकास खण्ड में संदहां के पास सोमवार को वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। चौबेपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने सोमवार को दोपहर बाद पुलिस बल के साथ सन्दहां चौराहे पर बिना परमिट के तीन पहिया वाहनों व बिना कागजात व तीन सवारी वाले दो पहिया वाहनों का सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसमें बिना परमिट व आवश्यक कागजात के दो बाइक एवं चार टैम्पो वाहन सीज किए गए जबकि चार टैम्पो का चालान किया गया।

# नाबालिक को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी। वाराणसी जंसा थाना क्षेत्र के कपरफोरवा ।।तिवारीपुर ।।बाजार से सोमवार को जंसा पुलिस ने नाबालिक को भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जंसा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त कपरफोरवा (तिवारीपुर) बाजार में मौजूद है सूचना पर पहुंची पुलिस अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया पकड़ा गया आरोपी अंश कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र पवन कुमार मिश्रा निवासी दयापुर सफा वैशाली बिहार बताया गया उक्त जिस पर चार माह पूर्व धारा 363,366,376,एवं पास्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# दैहिक.दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है मां कष्टहरणी

*प्रथम दिवस पर हजारों की संख्या में जले अखंड दीपक*

*पूरे भारत में सबसे ज्यादा अखण्ड दीप मां के धाम में जलाये जाते हैं*

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

ईक्यावन शक्ति पीठों मे से एक प्रमुख पीठ मां दुर्गा का एक दिब्य स्वरूप है मां कष्टहरणी ,जो पल भर में अपने भक्तों के दैहिक दैविक एवम भौतिक सारे ताप व संताप को हर लेती है। अपने दरबार में पहूंचे भक्तों की सारी मनोकामनाऐं एवम मुरादे पूर्ण कर देती है मां कष्ट हरणी।अपने भक्तों के सभी रोग शोक दुःख का शमन करके धन धान्य एवम आरोग्यता प्रदान करने वाली माता का नाम है मां कष्टहरणी। जो युगो युगो से गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद से चितबडागांव मार्ग पर करीमुद्दीनपुर थाने के पास निवास करती है,सदैव अपनें भक्तों के कष्टों को हरने वाली मां का नाम है मां कष्टहरणी, दया की सागर ममतामयी करूणामयी मां का नाम है मां कष्टहरणी,मां का यह पावन एवम पवित्र धाम युगो युगो से करीमुद्दीनपुर मे बिराजमान है,युगो पुर्व यह स्थान दारूक बन के नाम से जाना जाता था,जिस बन मे शेर बाघ जैसे हिंसक जीव बिचरण किया करते थे,मां के स्थान के बगल में बघउत बरम बाबा का स्थान है,जनश्रुतियों के अनुसार बाघ से लडाई के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी थी तभी से आप बघउत बरम बाबा के नाम से यहां पर बिराजमान है,मां कष्टहरणी के यहां इस स्थान पर हर युग मे बिराजमान होने का प्रमाण मिलता है,आप की चमत्कारिक शक्तियों से जो भी आपकी शरण मे आकर पवित्र मन से प्रार्थना किया आपने उस्का सदैव कल्याण किया,आपने अपने हरभक्त का सदैव मंगल ही किया है,आपके दरबार में सच्चे एवम पवित्र मन से की गयी आराधना कभी खाली नहीं जाती है। मां कष्टहरणी की कृपा अपने सभी भक्तों पर सदैव अनवरत बरसती रहती है।त्रेतायुग में भगवान राम ,लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के साथ अयोध्या से सिद्धाश्रम बक्सर जाते समय यहां पर रूक कर मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे। उसके पश्चात कामेश्वर नाथ धाम कारो जो बलिया एवम गाजीपुर के सीमा पर स्थित है वहां पहुंचने का प्रमाण है,आपने कामेश्वर नाथ धाम मे दर्शन पूजन कर रात्रि विश्राम किया तथा सुबह आप सभी गंगा पार कर बक्सर बिहार स्थित सिद्धाश्रम पहुंचे थे,यह कामेश्वर नाथ धाम वही स्थान है जहां समाधिस्थ शिव को जगाने में कामदेव भष्म हो गया था,त्रेता युग में अयोध्या नरेश महाराज दशरथ अयोध्या से शिकार खेलते खेलते गाजीपुर जनपद के महाहर धाम तक आ गये थे वहीं पर राजा दशरथ के शब्दभेदी बाण से श्रवण कुमार की मृत्यु हो गयी थी,आज भी उस स्थान पर श्रवण डीह नामक स्थान बिराजमान है,भगवान राम के साथ बक्सर जाते समय लक्ष्मण जी ने बाराचवर ब्लाक के उत्तर दिशा में रसडा के लखनेश्वरडीह नामक स्थान पर लखनेश्वर महादेव की स्थापना की थी जो आज भी लखनेश्वर नाथ के नाम से जाने जाते है,अब आपको ले चलते है द्वापर में जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने भाइयों,द्रोपदी एवम कुल गुरू धौम्य ॠषी के साथ अज्ञातवास के समय मां कष्टहरणी धाम में आकर मां से अपने कष्टों को दूर करने के लिये प्रार्थना किये थे,मां के आशिर्वाद से



महाभारत के युद्ध में पांडवों की बिजय हुई,जैसा मां का नाम है उसी के अनुरूप आप वास्तव में अपनें भक्तों का कष्ट दूर करती हैं,राजसूय यज्ञ के समय भीम हस्तिनापुर से गोरखपुर श्री गोरखनाथ जी को निमंत्रण देने जाते समय भी मां कष्टहरणी का दर्शन पूजन किये थे,कलयुग में बाबा कीनाराम जी को स्वयम मां कष्टहरणी ने अपने हाथ से प्रसाद प्रदान कर सिद्धियां प्रदान की थी,बाबा कीनाराम कारों से रोजाना अपने गुरू जी के सो जाने के पश्चात मां के पास आ जाते थे और गुरू जी के जागने से पहले वापस कारो पहूंच जाते थे। एक दिन गुरू जी ने कीनाराम जी से पूछ दिया तो कीनाराम जी ने सच सच बता दिया की मै मां कष्टहरणी की सेवा में चला जाता हू। गुरू जी ने कीनाराम जी को जाने से तो नहीं रोका लेकिन हिदायत दिया था की वहां का कुछ भी खाना नही। एक दिन स्वयं मां ने अपने हाथ से कीनाराम जी को प्रकट होकर प्रसाद देकर सिद्धी प्रदान की। गुरू जी के द्वारा यह जानने पर खुद उन्होने कीनाराम जी को कहा की जाओ अब तुम्हारे में वह सभी योग्यता हो गयी है अब समाज का कल्याण करो। वहां से बाबा वाराणसी के गंगा तट पर पहूंचे तथा एक गंगा में बहते शव को देख कर बोले की तुम कहां जा रहे हो।बाबा कीनाराम जी की आवाज सुनकर वह मुर्दा उठ खडा हुवा। बाबा कीनाराम ने उसका नाम जियावन रक्खा। मां के आशिर्वाद से बाबा कीनाराम जी का यह पहला चमत्कार था।मां के धाम में गौतम बुद्ध,सम्राट अशोक,ह्वेन सांग,फाह्यान,स्वामी विवेकानन्द,सहजानन्द सरस्वती,मंडन मिश्र,जैसे अनेक लोगों ने इस मार्ग से जाते समय यहां रूक कर मां का दर्शन पूजन किया है,ह्वेन सांग एवम फाह्यान ने यहां का वर्णन अपने यात्रा बृतांत में किया है,मां के धाम में आश्विन एवम चैत्र नवरात्र में मातायें दूर दर से आकर अपने परिवार की सुख समृद्धी एवम सलामती के लिये मां कष्टहरणी के चरणों में चौबिस घंटे तक अखंड दीपक जलाती है,पुरी रात मां के चरणों मे गीत एवम नृत्य करती है,पूर्वांचल ही नहीं पुरे उत्तर प्रदेश मे मां के पुराने स्थानों में से एक प्रमुख स्थान है,जितना अखण्ड दीपक मां कष्टहरणी के धाम में जलाया जाता है शायद पूरे भारत में और कहीं देखने को नहीं मिलेगा,देश के कोने कोने से लोग आकर मां का दर्शन पूजन करते है,वर्ष भर मां के धाम में शादी मुंडन किर्तन एवम रामायण का आयोजन होता रहता है,मा के दर्शन मात्र से ही मानव का कल्याण हो जाता है,रामनवमीं के दिन मा के धाम पर बिराट मेले का आयोजन किया जाता है,मां के धाम में अयोध्या से पधारे महामण्डलेश्वर श्री श्री 1008 श्री शिवराम दास जी फलहारी बाबा के द्वारा बिराट यज्ञ का आयोजन भी किया गया था। मां के मन्दिर के निर्माण मे स्व लाल बाबा का सराहनीय सहयोग रहा है,पुजारी के रूप में लम्बे समय से हरिद्वार पांण्डेय सेवा कर रहे थे लेकिन अब उनके पुत्र राजेश पाण्डेय पुजारी के रूप में एवम किशुनदेव उपाध्याय ,महेश्वर पाण्डेय मां की सेवा में लगे है।मां कष्टहरणी मंदिर समिति के सदस्य, रामलीला समिति के ब्यवस्थापक सुनील कुमार राय के द्वारा सुबह से रात्रि कालीन आरती तक ध्वनि बिस्तारक यंत्र से दर्शनार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश की सूचना प्रसारित की जाती रही । सुरक्षा की कमान करीमुद्दीन पुर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा के देख रेख में अशोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में दिन में हेड का०विनोद यादव,का राजेन्द्र कुमार,का उद्रेश पाण्डेय,का विकास पटेल,का० राम राज,का प्रेम नाथ कुशवाहा,का आदित्य कुमार, उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, महिला का० सरोज कुमारी,म का० प्रियंका राव,म का ० आशा सरोज,का० सोनू कुमार एवं रात्रि कालीन सुरक्षा ब्यवस्था में उपनिरीक्षक अंबर नाथ चौबे के नेतृत्व में हेड का० शिवमणि सेन,का० आशीष कुमार,का० बृजेश यादव,का० सौरभ पाण्डेय,का०आलोक प्रताप सिंह,का०अनुराग कुमार, महिला का० प्रतिमा,किरण त्रिवेदी समेत होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर रविवार को एवं सोमवार को मां का धाम दर्शनार्थियों से खचाखच भरा रहा।

# भारत विकास परिषद शौर्य द्वारा भारत को जानो कार्यक्रम का किया आयोजन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व तथा डा. अरूण मिश्र के सहयोग से भारत को जानो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मोहम्मद हसन डिग्री कालेज के सभागार में हुआ। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. सुभाष सिंह जिला संघ चालक (आरएसएस), विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय द्विवेदी डीन प्रबंध संकाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय तथा नगर शिक्षा अधिकारी डा. आनंद कुमार सिंह ने भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के द्वारा वंदे मातरम गीत गाया गया। अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित अवधेश गिरी, डा. पंकज सिंह, जयशंकर सिंह, डा. राजेश, अतुल जायसवाल तथा नारायण चौरसिया का माल्यार्पण कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शौर्य शाखा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संघ की पंचमुखी कार्य योजना कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वभाव का जागरण तथा नागरिक कर्तव्य के विषय में विस्तार से बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. अजय द्विवेदी ने भारत को जानो विषय पर सम्पूर्ण भारतवर्ष की सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही आधुनिक तकनीकी पर भी विस्तृत चर्चा की। विशिष्ट अतिथि डा. आनन्द सिंह ने कहा कि आज इस प्रतियोगिता में जो बच्चे स्थान न प्राप्त कर सके उनको निराश नहीं होना चाहिये उन्होंने अपने अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है जो स्वागत योग्य है। संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने कहा कि भारत को जानो प्रतियोगिता में




शौर्य शाखा के प्रयास से कुल 22 विद्यालय के 1460 बच्चों ने प्रतिभाग किया है जो अभी तक पूरे काशी प्रान्त में सर्वाधिक संख्या है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय से कुल चुने गये 105 छात्रों ने मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग किया है जिसमें से विजेता का निर्णय किया गया। संस्था द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 51 सौ रुपए, तृतीय प्ररस्कार प्राप्त करने वाले को 21 सौ रुपए दिया गया। उन्होंने बताया कि दायित्व ग्रहण से लेकर अपने हर कार्यक्रम में शौर्य शाखा ने प्रान्त क्षेत्र और राष्ट्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव ने सफल कार्यक्रम के लिये बधाई दी। प्रकल्प प्रमुख आनन्द अस्थाना तथा सह प्रकल्प प्रमुख संदीप चौधरी ने कहा कि अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के मार्गदर्शन में हम सब उनके साथ खड़े हैं। प्रतियोगिता की समाप्ति पर निर्णायक मण्डल द्वारा विजेताओं की उद्घोषणा की गई। जिसमें डीबीएस इण्टर कालेज के छात्र अनन्त प्रकाश मौर्य, निखिल मिश्रा को प्रथम पुरस्कार, डीबीएस इण्टर कालेज के ही वैष्णवी मिश्रा, अंशिका तिवारी को द्वितीय पुरस्कार तथा टीडी इण्टर कालेज के अंकिता सोनी व विद्या दूबे को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डा. मनोज वत्स, ब्रम्हेश शुक्ल, संतोष त्रिपाठी, धर्मवीर मोदनवाल, दिलीप शुक्ल, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, लक्ष्मी नारायण तिवारी, विमल सिंह, अनिल गुप्ता, ऋषिकेश दूबे, जर्नादन पाण्डेय, प्रमोद सैनी, डा. अमरनाथ पाण्डेय, चन्द्रशेखर निषाद, प्रशान्त सिंह लकी, राजीव श्रीवास्तव, अवनीश यादव, अनिल सिंह, सुजीत यादव, राहुल अग्रहरि, देवी सेवक शुक्ल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। संस्था सचिव डा. आनन्द प्रकाश ने आभार व्यक्त किया।

# अपराधियों की खैर नहीं उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे, वरिष्ठ निरीक्षक, नन्हे सिंह,

**संवाददाता मोनू शर्मा,**

माधौगढ़ जालौन माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार माधौगढ़ की कुशल मार्गदर्शन में तथा माधौगढ़ कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्षक नन्हे सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा चलाए जा रहे अभियान लंगड़ा एवं पाताल के तहत अपराधियों की कमर तोड़ कर रखदी इसी अभियान के तहत कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्षक नन्हे सिंह के द्वारा लगातार गांजा तस्करी, जुआ के अड्डे, सट्टा, संदिग्ध वाहन,



संदिग्ध व्यक्ति एवं अपराधियों के ठिकाने पर लगातार छापेमारी करने से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है कोतवाली के वरिष्ठ निरीक्षक ने पत्रकार वार्ता में बोलते हुए बताया की सरकार की मंशा के अनुरूप अपराधियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उनका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा माधौगण पुलिस द्वारा रात में लगातार गस्त करने से अपराधियों में भय प्राप्त है

# चुर्खी थाना क्षेत्र में के अन्तर्गत विनौरा वेद में गांव की युवती की संदिग्ध हालात में हत्या कर शव झाड़ियों में पड़ा मिला

उरई(जालौन)।आज दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को थाना चुर्खी पर सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम बिनौरा वैद्य के पास झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा है । इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना चुर्खी द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जानकारी की गयी तो उक्त शव की पहिचान गीता देवी पत्नी रज्जन निवासी ग्राम विनौरा वैद्य थाना चुर्खी जनपद जालौन उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई है । पूंछतांछ में बताया गया कि उक्त महिला दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को सुबह 09:00 बजे अपने खेत पर कार्य करने हेतु निकली थी तथा अपने घर वापस नही आई थी । फॉरेन्सिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी है । घटनास्थल का निरीक्षण मेरे द्वारा किया गया । स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है । मौके पर कानून एंव शान्ति-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है ।

# सड़क दुर्घटना में मृतक का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

माधौगढ़ जगम्मनपुर ,जालौन । सड़क दुर्घटना में मृतक का शव घर आते ही परिजनों ,रिश्तेदारों , मोहल्ला वासियों के करुण क्रंदन से संपूर्ण वातावरण शोक में डूब गया ज्ञात हो कि कल दिनांक 15 अक्टूबर की शाम समय लगभग 06 बजे उरई कोतवाली अंतर्गत कोटरा रोड पर सड़क दुर्घटना में धीर सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह सेंगर उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी जगम्मनपुर की मृत्यु हो गई । मृतक धीर सिंह अपनी पुत्री के विवाह कार्यक्रम की प्रथम रस्म गोद भराई जो आगामी दुर्गा नवमी को जगम्मनपुर में होनी थी इसके लिए अपनी ससुराल के लोगों से विचार विमर्श कर ग्राम आस्था से कोटरा रोड होते हुए उरई की ओर आ रहे थे इस समय शाम समय लगभग 6:00 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए , उचित समय पर चिकित्सकीय सहायता ना मिल पाने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई । मृतक के शव को पुलिस की मदद से मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया व परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पाकर रात लगभग 11:00 बजे मृतक के परिजन जगम्मनपुर से उरई गए। पोस्टमार्टम के बाद आज सोमवार की देर शाम जब धीर सिंह का शव उनके घर जगम्मनपुर पहुंचा तो उपस्थित ग्रामीण परिजनों व रिश्तेदारों के करुण क्रंदन से समस्त वातावरण शोकमय हो गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर के विज्ञान कार्यशाला में दी गयी जानकारी

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। सरस्वती विद्या मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारीनाथ में एनिमल वेलफेयर सोसायटी की तरफ से कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षकों को विज्ञान एवं टेक्नोलोजी की नई तकनीक के बारे में जानकारी




दी गई। एनिमल वेलफेयर सोसायटी की तरफ से शिक्षकों को विज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। विज्ञान प्रशिक्षक राजेश दूबे तथा सहायक मधु दूबे ने बताया कि कैसे वायु में भार होता है तथा वायु स्थान घेरती है। केंद्रीय बल का प्रयोग, सूर्य के पराबैंगनी किरणों आदि को कैसे सिद्ध करे, ये सभी बताया गया। साथ ही होमी जहांगीर भाभा, जेम्सवाट, रदरफोर्ड, फैराडे जैसे वैज्ञानिकों के नियम पर फोकस करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने शिक्षकों को द्रव्यमान और भार में अंतर को विस्तार से बताते हुये जड़त्व के नियम समेत अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष गणेश दत्त उपाध्याय, मुख्य अतिथि संजय अस्थाना वरिष्ठ पत्रकार, विशिष्ट अतिथि उदय सिंह प्रवक्ता, विद्यालय के अध्यापक दिलीप पाठक, संजय तिवारी, सुमन मित्तल, वन्दना अस्थाना, राज बहादुर यादव, दिवाकर सिंह, मीना सिंह, लोकेश कुमार, त्रिभुवन नाथ मौर्य, शशि प्रकाश, ओम प्रकाश सिंह, ऋषभ कुशवाहा, आराधना राय, यशवंत सिंह, प्रदीप यादव, आदर्श श्रीवास्तव, कल्पना सिंह, आरती प्रजापति, सुनील मौर्य आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामजन्म सिंह ने किया

# चुनावी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान की झूठी शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी से की शिकायत

उरई जालौन नदीगांव ब्लाक के ग्राम पचीपुरा खुर्द के प्रधान राजीव कुमार ने सोमवार को डीएम राजेश कुमार पांडेय को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि चुनावी रंजिश को लेकर गांव के ही कुछ लोग उसकी आए दिन झूठी शिकायते करते हैं। जिससे विकास कार्यो में वाधा आ रही है। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी काम समय समय पर कराए जा रहे हैं। कामों में बाधा न पहुंचे और काम नियमित रूप से चलता रहे, इसके लिए झूठे शिकायतकताओं की शिकायतों को संज्ञान में न लिया जाए। उसने बताया कि शिकायत करने वालों के कहने पर ही उसने समतलीकरण का कार्य कराया है। दबाव बनाने के लिए उक्त लोग शिकायत कर रहे हैं।

# आध्यात्मिकता एवं भारतीयता बिशप पैट्रिक डिसूजा की आत्मा में रची बसी थी – फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**विद्यालय के संस्थापक को पुण्यतिथि पर याद किया गया**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर में विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बिशप फादर पैट्रिक पॉल डिसूजा की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर एवं अध्यापक-अध्यापिकाओं ने स्वर्गीय बिशप के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।बिशप पैट्रिक का जन्म 28 अगस्त 1928 में मंगलुरू में एक धार्मिक परिवार में हुआ था। 20 दिसंबर 1953 में पुरोहिताभिषेक हुआ और 5 जून 1970 को वाराणसी धर्म प्रान्त के पहले धमार्चार्य के रूप में अभिषेक हुआ।16 अक्टूबर 2014 को असार संसार से विदा लेकर प्रभु के पास चले गए। कक्षा 6 ब के आयुष ने प्रार्थना-सभा में प्रार्थना का नेतृत्व किया।अथर्व ने बिशप पैट्रिक के



जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला।सक्षम ने कविता पाठ किया।दिव्यं ने सूक्ति वचन एवं आदित्य ने सुविचार प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय बिशप बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे।उनका जीवन प्रेरणा का स्त्रोत है।आध्यात्मिकता एवं भारतीयता उनके हृदय में रची बसी थी।उन्होंने चर्च में भारतीय परंपरा एवं भारतीय भाषाओं में प्रार्थना की शुरूआत कराया।बिशप ने अज्ञान के अंधकार को दूर करने के लिए 40 से अधिक विद्यालयों की स्थापना की।जन सेवा के लिए आपने दो नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्पिटल भी खोले।मूक बधिर बच्चों एवं गरीब बच्चों के लिए अगल से विद्यालय की स्थापना किया।बिशप की सौम्यता, कर्मठता एवं दयालुता सदा याद किया जाता रहेगा।कक्षा 6 ब के कमल राय ने श्रद्धांजलि सभा में कुशल मंच संचालन किया।

# प्रोफेसर डाक्टर सानंद सिंह ने किया मां कष्ट हरणी का दर्शन पूजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीन पुर स्थित मां कष्टहरणी धाम में नवरात्र के द्वितीय दिवस पर सोमवार को भोर से ही दर्शनार्थियों के आने का क्रम शुरू हो गया। सुबह होते होते पूरा परिसर दर्शनार्थियों से भर गया।तेज धूप पर आस्था भारी पड़ रहा था। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर के परिसर में मैट बिछाया गया है। सुरक्षा के लिए बहुत ही सराहनीय व्यवस्था की गयी है। सोमवार को मां कष्टहरणी के अनन्य भक्त प्रोफेसर डा0 सानंद सिंह ने विधि विधान से मां का दर्शन पूजन एवं आरती कर मां का आशीर्वाद लिया।सभी के कल्याण के लिए मां से कामना किया। उन्होंने मां के धाम में अखंड दीपक प्रज्वलित किया।पूजन का कार्य पुजारी राजकुमार पाण्डेय के द्वारा कराया गया।इस अवसर पर महेश्वर पाण्डेय,राम जी गिरी उपस्थित रहे। मां कष्टहरणी मंदिर समिति के सदस्य, रामलीला समिति के ब्यवस्थापक सुनील कुमार राय के



द्वारा सुबह से रात्रि कालीन आरती तक ध्वनि बिस्तारक यंत्र से दर्शनार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश की सूचना प्रसारित की जाती रही । सुरक्षा की कमान करीमुद्दीन पुर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्रा के देख रेख में अशोक कुमार सिंह उपनिरीक्षक के नेतृत्व में दिन में हेड का०विनोद यादव,का0 राजेन्द्र कुमार,का0 उद्रेश पाण्डेय,का० विकास पटेल,का० राम राज,का0 प्रेम नाथ कुशवाहा,का0 आदित्य कुमार, उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, महिला का० सरोज कुमारी,म0 का० प्रियंका राव,म0 का ० आशा सरोज,का० सोनू कुमार एवं रात्रि कालीन सुरक्षा ब्यवस्था में उपनिरीक्षक अंबर नाथ चौबे के नेतृत्व में हेड का० शिवमणि सेन,का० आशीष कुमार,का० बृजेश यादव,का० सौरभ पाण्डेय,का०आलोक प्रताप सिंह,का०अनुराग कुमार, महिला का० प्रतिमा,किरण त्रिवेदी समेत होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस पर रविवार को एवं सोमवार को मां का धाम दर्शनार्थियों से खचाखच भरा रहा।

# इण्टरनेट अब एक मनोवैज्ञानिक बीमारी : प्रो. अजय

*जागरूकता के बिना साइबर अपराध से बचाना मुश्किल : डॉ. मनोज*

*इण्टरनेट पर अपनी निजता का निर्धारण खुद तय करें : डॉ. दिग्विजय*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हाल में सोमवार को जनसंचार विभाग एवं साइबर क्लब द्वारा साइबर अपराध से बचाव हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि लोगों में इंटरनेट एडिक्शन बढ़ता जा रहा है। मनोविज्ञान में अब डीएसएम 5 के तहत इंटरनेट एडिक्शन एक बीमारी के अंतर्गत आ गई है। उन्होंने कहा कि असली दुनिया को छोड़कर इंटरनेट की आभासी दुनिया में लोग अपना बहुत सारा समय अनावश्यक बर्बाद कर रहे हैं और साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि इंटरनेट फ्री है या हम फ्री हैं। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि समय बदल रहा है। मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न अंग बनते जा रहे हैं।



आए दिन साइबर अपराध के मामले हमारे आस-पास सुनने को मिलते है। ऐसे में आवश्यकता है कि हम स्वयं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे साथ साइबर अपराध हो जाता है तो हमें बिना किसी डर या शर्म के उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता ही महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता साइबर क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि इंटरनेट पर हमें अपनी निजता स्वयं से निर्धारित करनी होगी। सोशल मीडिया पर जिन लोगों से परिचित न हों उनके रिक्वेस्ट या मैसेज पर कभी भी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने तमाम तरह के साइबर अपराधों के बारे में बताया और बचाव हेतु सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि अपनी किसी भी निजी तस्वीर को साझा नहीं करना चाहिए। वित्तीय साइबर फ्रॉड होने पर भारत सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल संपर्क करें। कार्यक्रम का संचालन संस्कार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनु त्यागी, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पांडेय, डॉ. राहुल राय और छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# मां के जयकारे से गूंज उठा शीतला चौकियां धाम

## दर्शन पूजन के लिये श्रद्धालुओं की लगी लम्बी कतारें

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

चौकियां धाम, जौनपुर। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को शीतला चौकियां धाम में भक्तों की अपरम्पार भीड़ रही। प्रातःकाल आरती पूजन के पश्चात मातारानी जी के जयकारों से शीतला चाकियां धाम गूंज उठा। दर्शन पूजन, जनेऊ, मुंडन संस्कार आदि संस्कार के लिये सोमवार और शुक्रवार का दिन विशेष माना जाता है। माँ के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी देवी के दर्शन पूजन के लिये सोमवार भोर से ही भक्त कतार में लगे रहे। भोर साढ़े चार बजे माँ की मंगला आरती के बाद दर्शन पूजन का क्रम शुरू हूआ जो दिनभर चलता रहा। कथा अनुसार मां ब्रह्मचारिणी देवी भक्तों को निरोगी काया, धन सम्पदा तथा मान में वृद्धि देने वाली हैं। कड़ाही करने वाले भक्तों ने ब्रह्मचारिणी माता को पचरा गाते हुए हलवा, पूड़ी के साथ अड़हुल का फूल, गजरा, ध्वजा, नारियल आदि चढ़ावा चढ़ाया। धाम में जगह जगह दर्शनार्थी मातारानी जी का दर्शन पूजन करने के पश्चात भक्तगण काल भैरवनाथ मंदिर, दुर्गा पूजा पंडाल, काली मातारानी मन्दिर में दर्शन पूजन करते



हुए नजर आए। मन्दिर के बाहर बने कंट्रोल रूम, खोया पाया केंद्र से बिछड़े हुए परिवार के सदस्यों, पुलिस, पंडा परिवार द्वारा सहायता की गई। कंट्रोल रूम से भीड़ को नियंत्रित किया जाता रहा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस, पीएसी बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। महिलायें दिनभर कड़ाही करती रहीं जो देर शाम तक चलता रहा। भक्तों ने मंदिर के पूर्वी तथा दक्षिणी द्वार पर बैठे भिखारियों को अन्न धन, वस्त्र आदि दान दक्षिणा किया। सोमवार बहराम का दिन होने के कारण धाम के नाऊ बाड़े में दिनभर नौनिहालों का मुंडन संस्कार होता रहा।

# नगर में एक ऐसी मां दुर्गा की प्रतिमा जिसके दर्शन के लिए लगता है भीड़ लगता है।

**आशु खरवार समाज जागरण**
**जिला संवाददाता बलिया**

बलिया जनपद के रसड़ा नगर के शिवनगर उत्तर पट्टी में 15 वर्षों से बनाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा पूरे जिले के लिए ऐसे ही खास नहीं होती. दरअसल इस मूर्ति को बनाने के लिए कारीगर अपनी पूरी कला का प्रदर्शन करते हैं. तब जाकर कहीं



न कहीं यहां की मूर्ति पूरे जिले के लिए खास होती है. अब तक यहां पर मटर की दाल, मोती, धूप की लकड़ी, जौं, बटन, राजमा, मक्के, काबुली चना और लौंग इत्यादि से माता की प्रतिमा बनाई गई जो हर समय जिले के लिए खास रहती हैं। इस मूर्ति को बनाने में नन्हे कलाकारों का भी सहयोग रहता है।

# जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई के उपरान्त किया गया तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण

जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई के उपरान्त किया गया तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिये गए निर्देश उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई के उपरान्त मण्डी स्थित तहसील उरई का आकस्मिक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होने तहसील के समस्त पटलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने न्यायालय तहसीलदार को निर्देशित किया कि समस्त वादों को दर्ज कर समयान्तर्गत वादों का निस्तारण करें एवं विवादित वादों का 90 दिन के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। धारा 34 के प्रकरण में कृषि बैनामा ऑनलाईन प्राप्त होने के बाद आर0सी0सी0एम0एस पोर्टल पर शत प्रतिशत बैनामे को दर्ज नही किया जा रहा है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने आर0के0 रामदत्त को प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ विभागीय कार्यवाही व कम्प्यूटर आपरेटर शुभम के खिलाफ कड़ी कार्यवाही और तहसीलदार का जबाब तलब लेने के उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि धारा 24, धारा 116/117 तथा धारा 80, धारा 67 का समयबद्ध निस्तारण किया जाये, साथ ही निर्देशित किया कि 03 साल व 05 साल से पुराने प्राप्त वादों को प्राथमिकता पर 60 दिन के भीतर विशेष अभियान चलाकर निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होने धारा 151 के तहत वादों में 116(3) का साक्ष्य लेकर गुणदोष के आधार पर वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने खनन,



बैंक, विद्युत देयों की वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। आय, जाति, निवास का कोई भी प्रार्थना पत्र एक सप्ताह से अधिक और हैसित प्रमाण पत्र एक माह से अधिक लम्बित न हो यदि लम्बित होता है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। धारा 24 के प्रकरण के आधार पर नही बल्कि दायरा की तिथि के अनुसार क्रम से पैमाइश 02 माह के भीतर लम्बित प्रकरण समयबद्ध वाद निस्तारण करना सुनिश्चित करें। भूमि विवाद में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर गुणदोष के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का समयबद्ध अनुपालन व अमलदरामद नही किया जा रहा है जिस पर तहसीलदार सदर ने बताया कि जिन ग्रामों की खतौनी आर0टी0के0 है वहां तो तत्काल अमलदरामद हो रहा है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ध्यान देकर शत प्रतिशत अमलदरामद करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने निर्देशित किया कि खतौनी नकल लेने वालों को खतौनी देने में बिलम्ब नही होना चाहिये साथ ही यह भी ध्यान रखे कि बेबजह किसी को भी परेशान न किया जाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार, तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

# दरकती दीवारें लचकती छतों के कारण बृक्ष के नीचे शिक्षा ग्रहण करते नौनिहाल कभी भी भरभरा कर ढ़ह सकता है विद्यालय भवन

जगम्मनपुर, जालौन ।प्रदेश सरकार के शिक्षा के प्रति किए जा रहे उपायों को चुनौती देता बेसिक शिक्षा विभाग का जर्जर प्राथमिक विद्यालय भवन कभी भी भरभरा कर ढह सकता है जिससे उसमें शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले नॉनिहाल बच्चों के जीवन के संकट की प्रबल संभावना है। विकासखंड रामपुरा के ग्राम हिम्मतपुर में प्राथमिक विद्यालय है जिसमें प्रधानाध्यापक सुधर सिंह सेंगर एवं सहायक अध्यापक आशीष निरंजन आधा सैकड़ा छात्र छात्राओं को विद्यालय भवन के बाहर एक वृक्ष के नीचे बैठ कर शिक्षा ग्रहण कराने को मजबूर हैं ।इस संदर्भ में जब ग्राम प्रधान हिम्मतपुर सत्येंद्र राठौर एवं प्रधानाध्यापक सुघर सिंह से पूछा गया उन्होने बच्चों के जीवन की सुरक्षा का हवाला देते हुए बताया कि पूरा विद्यालय भवन जर्जर है।



दीवारें बुरी तरह से दरकी हुई है एवं छतों की हालत बहुत खराब है बर्षा ऋतु में छतों का पानी परनाले से निकलने की वजाय कमरों के अंदर टपकता है जिससे बच्चो के कपडे कापी किताबें भींग कर खराब हो जाती है , कभी भी यह भवन धाराशाही हो सकता है अतः नौनिहाल छात्र-छात्राओं के जीवन से खिलवाड़ करने से अच्छा है कि उन्हें पेड़ के नीचे सुरक्षित बैठाकर शिक्षा ग्रहण कराई जाए । ग्राम प्रधान ने बताया कि विद्यालय भवन की खराब हालत के बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक इस भवन के पुनर्निर्माण हेतु कोई कारगर उपाय नहीं हुए हैं।

# जिले में तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1474 मतदेय हुए स्थापित : निर्वाचन अधिकारी

उरई(जालौन)।उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि



आयोग के निदेर्शानुसार जनपद में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई(अ०जा०) के भेजे गये मतदेय स्थलों के सम्माजन के प्रस्तावों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पत्र संख्या 797/सीईओ-2 दिनांक 10 अक्टूबर 2023 के द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद जालौन में अवस्थित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में यथा 219-माधौगढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 530,220-कालपी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 467 तथा 221-विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 477 इस प्रकार जनपद में कुल 1474 मतदेय स्थल स्थापित किये गये है।

# पूर्व जनपद अध्यक्ष भाजपा में शामिल

शहडोल। जनपद पंचायत बुढार के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने भारतीय जनता



पार्टी की सदस्यता ली है जैतपुर विधानसभा के भटिया मंदिर के पास आयोजित कार्यक्रम में ललन मंच में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उनका स्वागत प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सफा पहनकर किया। कांग्रेस से लड़ चुके हैं चुनाव ललन सिंहपुर में वर्ष 2013 में कांग्रेस की टिकट से जैतपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था वे पूर्व में जिला पंचायत शहडोल के सदस्य भी रह चुके हैं और कांग्रेस के आदिवासी नेता माने जाते रहे हैं।

# आमाडांड बरतराई खदान के उपक्षेत्रीयप्रबंधक द्वारा जिला निर्वाचन आयोग के निदेशों का किए गया उलंघन

जमुना कोतमा हिन्द कोयला मजदूर सभा जमुना कोतमा के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने कोतमा विधानसभा निर्वाचन आयोग अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महोदय कोतमा को शिकायती पत्र लिखकर बताया कि महोदय निवेदन है की श्री अजीत सिंह डाटा एंट्री ऑपरेटर विगत छः वर्षों से बरतराई खदान में बिलिंग छुट्टी सिक लिव मेडिकल एवम टेंडरिंग का कार्य बरतराई खदान में सेंसटिव पद पर कार्य कर रहे थे किंतु भ्रष्टचार की काफी सिकायते उनके खिलाफ विजिलेंस म विभाग में की गई थी जिसके कारण उनको सेंसटिव पद से स्थानांतरण कर टेबल चेंज कर दिया गया वह इंटक कांग्रेस का पदाधिकारी भीं पूर्व में था।चुकीःअजीत सिंह का स्थानांतरण दिनांक 06/10/23 को हुआ था और आचार संहिता दिनांक 10/10/23 को लगा था किंतु किसी कांग्रेस के चुटपुजिये नेता द्वारा उपक्षेत्रीय प्रबंधक के ऊपर दबाव बनाकर 11/10/23 को स्थानांतरण अगले आदेश तक रोक लगा दिया गया जिससे श्रमिको में काफी आक्रोश व्यप्त है चुकी यह स्थानांतरण कांग्रेस के किसी चुटपुजिए नेता के दबाव में आचार संहिता लागू होने के बाद उपक्षेत्रीयप्रबंधक द्वारा रोका गया है जो जिला निर्वाचन आयोग के नियमो एवं निदेर्शों का उलंघन है।

हिन्द कोयला मजदूर सभा के अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने मांग किया है कि जिला निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के नियमावली के आदेश का पालन



करवाते हुए श्री अजीत सिंह का स्थानांतरण दिनांक 6.10.2023 को जो स्थानांतरण पत्र जारी हुआ था उसका अनुपालन सुनिश्चित अभिलंब कराया जाए अन्यथा हिंद कोयला मजदूर सभा जिला और निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग और आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सात दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं करती है तो जिला निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग और कोतमा विधानसभा निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन करवाने के लिए महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण ढंग से संघ द्वारा धरना दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी निर्वाचन आयोग के पालन न करने वालों अधिकारियों की होगी

श्री शुक्ल ने इसकी शिकायत एस-डीएम के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर मध्य प्रदेश निर्वाचन अधिकारी भोपाल भारत सरकार निर्वाचन अधिकारी नई दिल्ली सी एम डी बिलासपुर विजिलेंस बिलासपुर महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र कार्मिक प्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को देते हुए स्थानांतरण की छाया प्रति स्थानांतरण निरस्त की छाया प्रति महाप्रबंधक जमुना कोतमा क्षेत्र को दिए गए आवेदन की प्रति संलग्न की है

# नवरात्रि का दूसरा दिन माता ब्रह्मचारिणी को है समर्पित

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। पंचांग के अनुसार इस बार शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर दिने रविवार से शुरू है। पर्व के दौरान माता के भक्त नौ दिनों तक देवी के नौ अलग अलग रूप की पूजा करते हैं। इस दौरान भक्त व्रत के नियमों का पालन करते हैं और माता को प्रसन्न करने के हर संभव तरीके अपनाते हैं। नवरात्रि में पहले दिन माता शैलपुत्री, फिर ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री और फिर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का विधान है। साथ ही नवरात्रि में 9 दिनों के साथ 9 रंगों का भी महत्व होता है। नवरात्रि का पहला दिन माता शैलपुत्री को समर्पित होता है यह दिन पीले रंग से जुड़ा है जो हमारे जीवन में उत्साह, चमक और प्रसन्नता लाता है हिंदू धर्म में पीले रंग का बड़ा महत्व है। इस दिन पीले रंग के वस्त्र पहनने चाहिए। नवरात्रि के दूसरा दिन माता ब्रह्मचारिणी को समर्पित है माता को हरा रंग पसंद है तो इस दिन हरे रंग के वस्त्र पहनकर पूजा करनी चाहिए यह रंग जीवन में विकास, सद्भाव औरे ऊर्जा लाता है। देवी के इस रूप को माता पार्वती का अविवाहित रूप माना जाता है. इसके अलावा मां ब्रह्मचारिणी को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी का मतलब है तप का आचरण करने वाली मां ब्रह्मचारिणी के एक हाथ में जप की माला और दूसरे हाथ में कमण्डल रहता है। इस दिन उन कन्याओं की पूजा की जाती है जिनकी शादी तय हो गई है लेकिन अभी शादी हुई ना हो इस दिन इन्हें अपने घर बुलाकर पूजा के बाद भोजन कराकर वस्त्र, पात्र आदि भेंट करने चाहिए। माँ ब्रह्मचारिणी का मंत्र है - या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः दधाना कर पद्माभ्याम अक्षमाला कमण्डलू देवी प्रसीदतु मई ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा ॐ देवी ब्रह्मचारिण्यै नमः, मां ब्रह्मचारिणी की आरती जय अम्बे ब्रह्मचारिणी माता जय चतुरानन प्रिय सुख दाता, ब्रह्मा जी के मन भाती हो, ज्ञान सभी को सिखलाती हो, ब्रह्म मन्त्र है जाप तुम्हारा जिसको जपे सरल संसारा, जय गायत्री वेद की माता जो जन जिस दिन तुम्हें ध्याता, कमी कोई रहने ना पाए. उसकी विरति रहे ठिकाने, जो तेरी महिमा को जाने, रद्रक्षा की माला ले कर, जपे जो मन्त्र श्रद्धा दे कर, आलस छोड़ करे गुणगाना, माँ तुम उसको सुख पहुँचाना, ब्रह्मचारिणी तेरो नाम, पूर्ण करो सब मेरे काम, भक्त तेरे चरणों का पुजारी, रखना लाज मेरी महतारी।

# रविवार को शारदेय नवरात्रि की गई शुरूआत

अनुपपुर/ जिला मुख्यालय सहित अमलाई ,कोतमा ,बिजुरी ,राजनगर रामनगर, जैतहरी ,वेंकट नगर चचाई राजेंद्र ग्राम अमरकंटक सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को शारदेय नवरात्रि की शुरूआत हो गई । नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों मढियो एवं दुर्गा पंडालों में घटस्थापना के साथ अखंड ज्योति भी जलाई गई । नवरात्रि का पावन पर्व 9 दिनों तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के दौरान मां के 9 रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई । मां शैलपुत्री की पूजा करने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण माता का नाम शैलपुत्री पड़ा। माता शैलपुत्री का जन्म शैल या पत्थर से हुआ, इसलिए इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता आती है। मां को वृषारूढ़ा, उमा नाम से भी जाना जाता है। उपनिषदों में मां को हेमवती भी कहा गया है। नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। जो लोग पाठ नहीं कर सकते हैं उन्हें इस कथा को सुनना चाहिए ।मंदिरों में रही भीड़ - नवरात्र के प्रथम दिवस सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा महिलाओं ने सुबह 4:00 बजे से ही मंदिरों में पहुंचकर माता को जल ढारने के साथ विधि विधान से माता रानी की पूजा अर्चना की यह क्रम सुबह से शुरू हुआ तो देर रात तक चलता रहा । की गई घट स्थापना - नगर के ठाकुर बाबा धाम पंचायती मंदिर शारदा काली माता मंदिर काली मंदिर बूढ़ी माता मंदिर धर्मशाला मंदिर मे घट स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना विधि विधान से की गई । ज्योति कलश एवं बोये गए जवारे - नगर के मंदिरों एवं मठों में जवारे बोए जाने के साथ ही अखंड ज्योति



कलश जलाए गए जो निरंतर 9 दिनों तक जलते रहेंगे श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने या मन्नत मांगने के कारण मंदिरों में पहुंचकर ज्योति कलश जलवाते हैं ।पंडालों में की गई मूर्ति स्थापना - नगर में एक दर्जन से अधिक जगहों पर समितियों के द्वारा पंडालों में झांकियां सजाकर माता रानी की प्रतिमा विधि विधान से पूजन अर्चन कर बैंड बाजे बम पटाखों के साथ स्थापना की ।कन्या पूजन के साथ किया कन्या भोज का आयोजन - नवरात्र के प्रथम दिन नगर के ठाकुर बाबा धाम मंदिर पंचायती मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया महिलाओं ने सबसे पहले कन्याओं को बैठाकर पैर धुलवाया महावर लगाने के साथ कन्या पूजन कर कन्या भोज कराया गया और उन्हें उपहार भी दिए गए । होगा भंडारे का आयोजन - नगर के शारदा काली माता दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा पुराने टॉकीज के पास नवरात्र के प्रथम दिन से ही भंडारे का आयोजन किया जाता है जो निरंतर नौ दिनों तक चलता है । समिति के सदस्यों के द्वारा सुबह से ही भंडारे का आयोजन किया जाता है जो निरंतर नौ दिनों तक देर रात तक चलता है प्रतिदिन भंडारे में अलग-अलग तरह के प्रसाद का वितरण किया जाता है यह क्रम काफी वर्षों से चला आ रहा है जो निरंतर चल रहा है । होगा गरबे का आयोजन - नवरात्र के प्रथम दिन से ही नगर के शारदा काली मंदिर समिति के द्वारा गोविंद भवन के पीछे एवं बस स्टैंड दुर्गा समिति के द्वारा बस स्टैंड परिसर में रात्रि में गरबे का आयोजन किया जाता है । जिसमें नगर की महिलाएं बच्चियों बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है और गरबे का आयोजन के साथ ही माता रानी के गीतों से गरबे में चार चांद लगा देती हैं ।जारी रहा मूर्ति ले जाने का क्रम - नवरात्र के प्रथम दिन भी नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र तथा अनूपपुर बुढार मरवाही मनेंद्रगढ़ सहित अन्य जगहों में दुर्गा समिति के लोगों के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ वाहनों में माता रानी की प्रतिमा को ले जाने का क्रम सुबह से देर शाम तक चला रहा ।समिति के सदस्य माता रानी के जयकारों के साथ माता की प्रतिमा को दुर्गा पंडालून में विराजमान करने के लिए उत्साह पूर्वक ले जाते नजर आए ।

# ग्राम पंचायत कछराटोला 15 वे वित्त की राशि से ठेकेदार से करा रहा घटिया सीसी रोड का निर्माण

पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कछराटोला के सरपंच सचिव द्वारा 15 वे वित्त की राशि से नियम विरुद्ध तरीके से लक्ष्मणदास के घर से पीडीएस गोदाम की ओर पीसीसी आंतरिक मार्ग लंबाई 285 मीटर लागत लगभग 10 लाख रुपये खर्च कर अपने चहेते ठेकेदार को उपकृत कर निर्माण कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सौंप दिया गया है जिस पर ठेकेदार द्वारा नर्मदा नदी की मिट्टी युक्त रेत से गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड का निर्माण कराया जाकर उक्त राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

मस्टर बोल्डर वाल का उपयोग हो रहा पीसीसी रोड पर

उक्त गुणवत्ता विहीन पीसीसी रोड निर्माण कार्य पर निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा सीडीआर बोल्डर वाल कोनहकटार पार्ट 03 के मस्टर रोल का उपयोग किया जाकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है आखिर कौन है इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड जो दर्जनों पंचायत को अपना आधिपत्य समझ कर सरपंच सचिवों को अपने शिकंजे में फसा कर पंचायती राज का भरपूर लाभ लेकर मनमानी कार्य कर रहा है।

बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के हो रहा पीसीसी सड़क निर्माण

संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के नर्मदा नदी का काला रेत उपयोग कर 10 लाख के लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसपर गुणवत्ता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे है उक्त कार्य की गुणवत्ता व कार्य मे लग रही सामग्री का भौतिक सत्यापन करने संबंधित उपयंत्री नही पहुचे बगैर सूचना व ले आउट के ही गुपचुप तरीके से कार्य प्रारंभ कर



निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

15 वे वित्त आयोग के अनुदान की राशि का दुरुपयोग

भूजल स्टॉक को बनाए रखने और उसको बढ़ावा देने के उद्देश्य से 15 वे वित्त आयोग की राशि पानी और स्वच्छता के लिए 15 वें वित्त आयोग के अनुदान का मुख्य उद्देश्य है जिसमे आरएलबी ग्राम पंचायतों को हर घर स्कूलों आंगनवाड़ी केंद्रों आश्रम शालाओं पीएचसी सीएचसी सामुदायिक केंद्रों बाजारों और खेल के मैदानों को पीने योग्य पानी की आपूर्ति की जिम्मेदारी निभाने में सक्षम बनाना है जिसमे टाइड इन टाइड एसबीएम से संबंधित कार्य ही किया जाना है परंतु ग्राम पंचायत कछराटोला में सरपंच सचिव ने अपनी मनमानी कर नियम विरुद्ध तरीके से उक्त मद की राशि का उपयोग पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। मुझे पीसीसी निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं है और नर्मदा नदी काली रेत लगाने का कोई प्रावधान नही है जानकारी लगते ही निर्माण कार्य बंद करवा दिया गया है सामग्री की जांच उपरांत ही कार्य शुरू कराया जाएगा। आनंद उइके उपयंत्री उक्त निर्माण कार्य मे यदि बगैर मिक्सर बाइब्रेटर के नर्मदा नदी का काला रेत उपयोग हो रहा है तो मैं स्वयं जांच करवा कर कार्यवाही करूँगा अभी तत्यकाल कार्य बंद करवा देता हूं। के के सोनी मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़

# निर्ममता से पत्नी और पुत्री के हत्या करने वाले को उम्रकैद

**समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, बिहार -झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे सात सुनील कुमार सिंह ने कासमा थाना कांड संख्या -33/21 में आज सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त ओपू रजक कासमा को भादंवि धारा -302 में आजीवन कारावास और पचीस हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास होगी,।

उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अभियुक्त ओपू रजक को उम्रकैद की सजा सुनाई है, अभियुक्त को 12/10/23 को वाद के निर्णय पर दोषी ठहराया गया था जबकि एक अन्य अभियुक्त मालती देवी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया था, अधिवक्ता ने आगे बताया कि प्राथमिकी सूचक उमेश रजक हकीमचक रफीगंज ने 24/ 04/21 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अभियुक्तों ने उसकी बेटी और नतिनी को दहेज के लिए जलाकर मार डाला, घटना से 14 दिन पहले महिला हेल्पलाइन में समझौता कराकर भेजा गया था, बेटी नीलम देवी की शादी 2013 मे ओपू रजक से की थी पैसा और बाइक की मांग अभियुक्तों द्वारा की जाती थी, पुलिस ने घटना के दुसरे दिन अभियुक्तों को गिरफतार किया था,

# कल्याण सेवा आश्रम में नवरात्रि के प्रथम दिवस निकला भव्य झांकी व कलश यात्रा

विजय तिवारी अमरकंटक

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली / पवित्र नगरी अमरकंटक में तपस्वी बाबा कल्याण दास जी के सानिध्य में कल्याण सेवा आश्रम वर्ष 1984 से निर्मित मंदिर में विराजमान मां भगवती दुर्गा जी की लगातार हर वर्ष नवरात्रि का पवन पर्व मनाते आ रहे है ।पूर्व वर्ष की भांति इस साल भी नवरात्रि के अवसर के प्रथम दिवस पर अष्ट धातु की मां भगवती दुर्गा जी की प्रतिमा पूजन अर्चन कर रथ पर विराजमान कर खड्ग , चंवर , छत्र के साथ तथा 108 बच्चियों के माथे कलश लिए ढोल नगाड़ों की ध्वनि के बीच नगर भ्रमण करते हुए माता नर्मदा जी की उद्गम स्थली पहुंच मंदिर के प्रधान पूजारियो से पूजन अर्चन करवाकर उद्गम का नर्मदा जल कलश में लेकर नर्मदा मंदिर दर्शन तथा परिक्रमा करने के बाद वापस नगर भ्रमण करते हुए कल्याण सेवा आश्रम मंदिर पहुंच काशी ( बनारस ) से विद्वान 61 ब्राम्हणों द्वारा कलश स्थापना कर नवरात्रि पूजन प्रारंभ कर दी जाती है ।जो दशहरा तक पर्व की धूम देखी जा सकती है ।

काशी ( बनारस ) से पहुंचे 61 ब्राम्हण ---

पंडित कमलेश्वर नाथ त्रिपाठी वेदाचार्य ने बतलाया की हम कल्याण सेवा आश्रम में लगभग 25 वर्षो से लगातार अमरकंटक प्रतिवर्ष नवरात्रि में आगमन होता आ रहा है । नव दिवस मां दुर्गा जी की पूजन अर्चन , आवरण , हवन , रात्रि सप्तशती निशा हवन , इत्यादि पूजन होते है जिन्हे साथ आए सभी ब्राम्हणो द्वारा कराया जाता है ।


पांच प्रदेशों की पहुंची धमाल पार्टियां --

स्वामी धमार्नंद महाराज ने बताया की पहली बार आई केरला की चंदामेलम पार्टी जिसमे 12 व्यक्ति , ओडिसा की पूरनमांसी घंट पार्टी 75 लोग , उत्तराखंड से सुप्रसिद्ध छोलिया नृत्य 14 की टीम , छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से शैला नृत्य 65 लोग , अनूपपुर जिले के क्षेत्रिय बैगा जनजातीय की कर्मा नृत्य जिसमे 40 की टीम हुई सम्मिलित , छत्तीसगढ़ पेंड्रा की मधुसूदन धमाल पार्टी और मंडला से एक ही अपने परिवार के साथ आए धमाल ढोल पार्टी नौ दिवसीय रहकर सेवा देते रहेंगे । 108 कलश कन्याओं द्वारा जल भर कर स्थापना ।।

स्वामी हिमांद्री मुनि जी महाराज ने बताया की पूज्यपाद तपस्वी बाबा जी के मार्गदर्शन व उनके सानिध्य में नवरात्रि पूजन प्रारंभ से पहले 108 कन्याओं द्वारा आश्रम से कलश लेकर यात्रा साथ चलकर नर्मदा जल लेकर आते है तथा प्रथम नर्मदा पूजन उपरांत ही आश्रम मंदिर में नवरात्रि पूजन प्रारंभ की जाती है । प्रत्येक वर्ष कलश यात्रा निकाली जाती है जिसमे विशाल रथ पर मां भगवती मां दुर्गा के साथ 108 कन्याएं कलश के साथ अनेक प्रदेशों से आए नृत्य पार्टियां व साधु संत , भक्तगण , नगरवासी आदि सम्मलित होकर नगर भ्रमण करते हुए मां नर्मदा उद्गम मंदिर जा कर वापस आश्रम पहुंचते है । काशी के विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नवरात्रि का पावन पर्व पूजन आराधना के साथ मनाया जाता है और दशहरा के अवसर पर नगर भंडारा भी किया जाता है जिसमे क्षेत्र के बैगा जनजातीय समुदाय के लोग ज्यादा संख्या में परिवार के साथ वर्षो से आश्रम में आते है जिन्हे भंडारा के साथ वस्त्र , दक्षिणा आदि प्रदान कर उनका प्रेम उत्साह मिलता है ।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई अग्रसेन जयंती

अनूपपुर ।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराजा श्री 108 श्री अग्रसेन जी महाराज जी की अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वाधान में 14 तारीख दिन शनिवार एवं रविवार दो दिवसी का रंगारंग कार्यक्रम शहर के सर लगन पैलेस मैं मनाया गया दिन शनिवार को बच्चों एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़ फैंसी ड्रेस भाषण प्रतियोगिता रंगोली के साथ अनेकों प्रकार के कार्यक्रम का नन्हे मुन्ने बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा अपना-अपना प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं का विशेष योगदान रहा दूसरे दिन रविवार को सर लगन पैलेस महाराजा अग्रसेन जी की भव्य झांकी सजाई गई जहां पर अग्रवाल समाज के छोटे-बड़े महिलाएं पुरुष उपस्थित होगा महा-



राजा श्री अग्रसेन जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इसके बाद सर्व सम्मति से महिला मंडल अध्यक्ष काभी किया गया जल्दी वह अपना कमेटी गठित कर समाज में प्रस्तुत करेंगी इसके बाद बच्चों एवं महिलाओं के कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय एवं तीसरा स्थान जिन्होंने प्राप्त किया उनको पुरस्कृत किया गया जिस प्रकार सभी लोगों में काफी उत्साह रहा समाज के पद पदाधिकारी का नाम इस प्रकार है अध्यक्ष विवेक अग्रवाल उपाध्यक्ष ऋषि अग्रवाल सचिन मयंक अग्रवाल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल पीयूष अग्रवाल हिमांशु अग्रवाल विजय अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल एवं सभी कार्यकर्ता का अगर सेन जयंती पर सराहनी योगदान रहा समाज के संरक्षक बृजमोहन अग्रवाल मूलचंद अग्रवाल संतोष अग्रवाल हरिश्चंद्र अग्रवाल कीर्तन लाल जी अग्रवाल के साथ समाज के नन्हे मुन्ने बच्चे महिलाएं उपस्थित रहे

# कांड दैनिकी वास्ते पौथु एवं दाउदनगर, थानाध्यक्ष को शोकोज।

समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार - झारखंड प्रदेश

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन प्रणव शंकर ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जिले के दो थानाध्यक्षों को आज शोकोज किया है, उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पौथु थाना कांड संख्या -112/23 जो भादंवि धारा -379,414 से सम्बंधित है उसमें वाद दैनिकी की मांग 22/09/23 से अभी तक की जा रही है अभियुक्त 05/09/23 से जेल में बंद हैं, न्यायालय के आदेश का अवमानना और याचिका निष्पादन में विलम्ब के कारण न्यायधीश द्वारा पौथानाप्रभारी को शोकोज किया गया है और कहा गया है कि क्यों न याचिका के निष्पादन में विलम्ब के दोषी मानते हुए आपपर अर्थदंड लगाया जाए, शोकोज पर अगली तिथि -18/10/23 निर्धारित किया गया है,

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने आगे बताया कि दाउदनगर थाना कांड संख्या -47/23 में केश डायरी की मांग 02. 09. 23 से अभी तक की जा रही है मगर आज तक केस डायरी न्यायालय में उपलब्ध नहीं कराई गई है जो न्यायालय के आदेश का अवहेलना है इसलिए थानाप्रभारी को शोकोज करते हुए कहा गया है कि क्यों न वाद में विलम्ब का दोषी मानते हुए आप पर अर्थदंड लगाया जाए,यह वाद भादंवि धारा -168/420 से सम्बंधित है सुनवाई के अगली तिथि -31/10/23 निर्धारित किया गया है,

## अमृत महोत्सव श्रृंखला में अंत्योदय

# गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्राइविंग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः हरियाणा सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला में अंत्योदय की भावना के साथ गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं व लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाया है। हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से पात्र परिवारों की महिलाओं को ड्राइविंग व आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

निगम के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम, पंचकूला द्वारा केवल हरियाणा की बी.पी.एल. (गरीबी रेखा से नीचे) स्थायी निवासी लड़कियों/महिलाओं के लिए मारुति सुजुकी प्रशिक्षण केंद्र, बहादुरगढ़ तथा अशोक लीलैंड चालक प्रशिक्षण संस्थान, कैथल में 21 दिन का चालक प्रशिक्षण तथा आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।


इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए लड़कियों व महिलाओं को हरियाणा राज्य की मूल निवासी तथा आयु 18-45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास (उच्चतर शैक्षणिक योग्यता को वरीयता दी जाएगी), अच्छी दृष्टि एवं वैध लर्नर लाइसेंस धारक होनी चाहिए।

गरीबी रेखा से नीचे या जिस परिवार की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र में केवल 1 लाख 80 हजार रुपये या इससे कम है उस परिवार की महिलाएं व लड़कियां ही आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण हेतु प्रथम चरण में केवल कैथल, झज्जर, रोहतक तथा जींद जिलों के इच्छुक पात्र (महिला )उम्मीदवारों से 16 अक्टूबर,2023 तक ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आवेदन पूर्णतः कालम-वाईज ठीक रूप से भरे हुए तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वयं सत्यापित प्रतियों सहित ई-मेल- 1982ँ६ॄ@ॅ’ृङ्क या पंजीकृत डाक तथा दस्ती तौर पर संबंधित जिला कार्यालय में आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक पात्र को आवेदक अपना दूरभाष/मो0 नंबर, ई-मेल और सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।

# हरियाणा में 21 और 22 को आयोजित ग्रुप- डी की परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों को दी रोडवेज बसों आवागमन की दी मुफ़्त यात्रा सुविधा

**दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा वर्ष चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 16अक्टूबरः हरियाणा में 21 और 22 अक्टूबर को सीईटी ग्रुप-डी परीक्षाओं को आयोजित किया जा रहा है। जहाँ इस परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसों में यात्रा मुफ्त कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 21 और 22 अक्टूबर को सीईटी ग्रुप- डी परीक्षाओं में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों से रोडवेज बसों में आने-जाने का कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इस संबंध में परिवहन विभाग को निर्देशित कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि, परीक्षार्थियों का जिस तारीख में एग्जाम होगा, उस तारीख का पास उनके एडमिट कार्ड पर ही जारी होकर आ जाएगा। अपने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान



मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज कैथल दौरे पर थे। उन्होने कैथल के संपन खेड़ी में भगवान परशुराम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उनके साथ कैबिनेट राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, सांसद नायब सैनी, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और विधायक लीला राम गुर्जर भी मौजूद रहे। संपन खेड़ी में सीएम ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत खुला दरबार भी लगाया और आम जनता की समस्याएं सुनी और ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैथल के आईजी कॉलेज में भी जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आम जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पिछली सरकार से दोगुने काम कम खर्चे में किए हैं। प्रदेश में पहले 6 मेडिकल कॉलेज थे। अब मेडिकल कॉलेज की संख्या 15 हो गई है। सीएम ने कहा कि, वर्तमान सरकार के 9 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और वे दावे के साथ कह सकते हैं कि इस सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में ज्यादा काम किए हैं।अगर कामों को गिनती के हिसाब से गिनवाया जाए तो विकास कार्यों की संख्या पिछली सरकार की तुलना में दोगुनी है।

## मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित

आइजोल/नई दिल्ली. कांग्रेस ने मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को सभी 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए. इनमें पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ललसावता का नाम भी शामिल है. पार्टी की ओर से पहले 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की गई और फिर देर शाम शेष बची एक सीट पर भी उम्मी-दवार घोषित कर दिया गया. उम्मीदवारों की सूची उस दिन जारी की गई, जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मिजोरम के दौरे पर थे. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ललसावता को आइजोल पश्चिम-3 विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है. आइजोल पूर्व-1 से ललसंगलरा रातले, आइजोल पश्चिम-1 से आर. ललबियाकथांगा और पलाक से आईपी जूनियर को

### डॉलर के बराबर था हमारा रुपया, 1 रुपये में आते थे 25 किलो चावल! इस बात में कितनी हवा, कितना दम?

आपने भी अवश्य ही सुना होगा कि किसी समय भारत के एक रुपये की कीमत डॉलर से बराबर थी. कई बार तो कहा जाता है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत ज्यादा होती थी. क्या सच में कभी ऐसा था? या फिर ये सिर्फ सुनी-सुनाई और कहने भर के लिए कही गई बातें हैं. चलिए आज इससे जुड़ी हर बात क्लीयर कर ही देते हैं. इसे समझने के लिए हमें इतिहास के पन्नों और आंकड़ों को टटोलना होगा, तभी जाकर एक पूरी तस्वीर उभरकर सामने आएगी.

इसमें तो शक नहीं कि भारत किसी समय में सोने की चिड़िया था. बाद में अलग-अलग जगहों से आए आक्राताओं ने भारत को दोनों हाथों से लूटा. 1947 में जब भारत आजाद हुआ तो समृद्धि की एक नई यात्रा शुरू की गई. 1947 से पहले भारत आज की तरह एक देश न होकर अलग-अलग रियासतों में बंटा हुआ था. सभी रियासतों ने अपने हिसाब से करेंसी बनाई हुई थी. आजादी के बाद भारत की एक करेंसी लागू की गई, जिसे पूरे देश में स्वीकार किया गया.

आज की बात करें तो एक डॉलर की कीमत भारतीय करेंसी में 83 रुपये से ज्यादा है. पिछले कुछ वर्षों में डॉलर के मुकाबले रुपया की वैल्यू कम हुई है. ऐसा नहीं कि केवल भारतीय रुपये के मुकाबले ही डॉलर मजबूत हुआ है, बल्कि लगभग सभी देशों की करेंसी के सामने भी डॉलर की साख बढ़ी है. विदेश जाने वाले लोग अकसर एक ट्रिक अपनाते हैं. वे पहले रुपयों को डॉलर में कन्वर्ट करवा लेते हैं और बाद में उसे लोकल करेंसी में बदलवा लेते हैं. इससे उन्हें डॉलर की मजबूती का लाभ मिल जाता है.

### 1947 में कितनी थी रुपये की वैल्यू

भारत की आजादी के समय रुपया डॉलर के बराबर नहीं था. इँङ्क्षेर-ङ्कङ्क’.ल्ल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1947 में एक डॉलर 3.30 भारतीय रुपयों के बराबर था. 1949 आते-आते 4.76 रुपयों में एक डॉलर आने लगा. इसके बाद रुपया लगातार कमजोर तो डॉलर मजबूत होता चला गया. 1980 में एक डॉलर 7.86 भारतीय रुपयों की वैल्यू तक पहुंच गया तो 1990 में 17.01 रुपये तक. सन 2000 में एक डॉलर खरीदने के लिए भारत के 43.50 रुपये खर्च करने होते थे. जनवरी 2010 में यह रेट 46.21 रुपये तक ही पहुंच सका.

# जेजे पी ने राष्ट्रीय और राजस्थान स्तर पर संगठन में किया विस्तार

**विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चंडीगढ़, अक्टूबर।ः जननायक जनता पार्टी ने राष्ट्रीय और राजस्थान में प्रदेश स्तर पर संगठन का विस्तार करते हुए 12 वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, हरियाणा जेजेपी अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राजस्थान जेजेपी अध्यक्ष पृथ्वी मील व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जेजेपी ने हिसार निवासी मुकेश सेठी को राष्ट्रीय प्रचार सचिव और जींद निवासी मियां सिंह सिहाग को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया है।

वहीं जेजेपी ने राजस्थान में झुंझुनू निवासी पूर्व विधायक प्रतिभा सिंह, सीकर निवासी पूर्व विधायक नंद किशोर मेहरिया और बीकानेर निवासी पूर्व विधायक मनीराम सियाग को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मुनेष हुड्डा और सीकर निवासी सरदार सिंह आर्य को प्रदेश महासचिव बनाया है। बीकानेर निवासी महेंद्र भादू और भागीरथ गोदारा को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। इनके अलावा भरतपुर निवासी डॉ. मोहन सिंह प्रदेश प्रचार सचिव, विनय कुमार शर्मा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष और चूरू निवासी उमेश साहू युवा प्रदेश महासचिव होंगे।

# हरियाणा के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खटखटाया द्वार

**विनोद कश्यपप्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब**
**हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 16अक्टूबरः हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पहुंच गए हैं। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात काफी अहम रहने वाली है।

विश्वास किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्मुख मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरियाणा में विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में चर्चा के साथ साथ आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व हरियाणा का दौरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में रैलियों के लिए कार्यक्रम का अनुरोध करने गए हैं।

वर्तमान में हरियाणा के अनेक ऐसे महत्वपूर्ण कार्य हैं जो केंद्रीय स्कीमों पर आधारित हैं। विभिन्न



राजमार्गों और एयरपोर्ट जैसी अनेक बातों पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से लम्बी बातचीत की योजना को अमलीजामा पहनाने की मांग रखने वाले हैं।

# अंबाला की कांग्रेस बैठक में सैलजा और हुड्डा गुट में एक दूसरे पर दबाव बनाने के लिए अपनाये गया हथकंडा हुआ जाहिर

## छोटे नेताओं और कार्यकताओं की बैठक में अनुपस्थिति की झलक

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़,16 अक्टूबरः हरियाणा के अंबाला में कांग्रेस की लोकसभा वर्कर्स की मीटिंग में फिर हंगामा देखने को मिला। कांग्रेस के अंबाला लोकसभा प्रभारी प्रभाकर झा के सामने सैलजा और हुड्डा ग्रुप की गुटबाजी नजर आई। सैलजा गुट ने नारेबाजी की तो हुड्डा गुट के कार्यकताओं ने स्पीकर चला दिया। इस स्पीकर के माध्यम से हुड्डा के पक्ष गीत बजते सुनाई दिए ।

हालांकि, अंबाला लोकसभा प्रभारी ने गुटबाजी से इनकार किया है, लेकिन सैलजा और हुड्डा गुट एक-दूसरे पर सवाल खड़े करते दिखाई दिए। बैठक के दौरान हंगामा बढ़ता देख लोकसभा प्रभारी बैठक उठकर चल पड़े। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है। यह वर्कर्स का जोश है। उधर, देखते ही देखते कुमारी सैलजा के गुट ने मीटिंग का बहिष्कार कर दिया।



### बैठक में केवल वो जिन्हें कांग्रेस के बारे में ज्ञान शून्य का भी नही

दरअसल, अंबाला में कांग्रेस के अंबाला लोकसभा प्रभारी प्रभाकर झा वर्कर्स की मीटिंग लेने पहुंचे थे, लेकिन इस दौरान सैलजा गुट ने जमकर हंगामा किया और कुमारी सैलजा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। कांग्रेस नेता एवं पूर्व कोषाध्यक्ष हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी रोहित जैन ने कहा कि जो लोग बैठक में है उन्हें कांग्रेस का क भी नहीं पता, असली कांग्रेसी तो बैठक के बाहर ही हैं। रोहित जैन की इस बात से एक ही मतलब निकला कि कुमारी सैलजा का गुट नारेबाजी करके यह साबित करने की कोशिश कर रहा है कि यह लोकसभा क्षेत्र कुमारी सैलजा के साथ है। जबकि इनमें अनेकों को अपने और पराए के बारे में भी नहीं पता।

### बैठक में आए लोगों की बोली थी अलग अलग और एक दूसरे से नहीं थे परिचित

वहाँ उपस्थित जिन पर सवाल उठाए गए उनकी बोली इस बात की गवाह बन गयी कि वो लोग पंजाब और राजस्थान के पश्चिमी और पंजाब के पश्चिम- दक्षिण की बोली बोलते हैं जिनके जिला सिरसा के साथ जुड़े इलाकों का माना जा सकता है।

### कितना क.ख.ग क्या ये जानते हैं सबकुछ

सैलजा गुट की नारेबाजी के बाद हुड्डा गुट ने स्पीकर पर हुड्डा के लिए गीत बजाने शुरू कर दिए। सैलजा गुट के आरोपों का जवाब देते हुड्डा गुट के युवा जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रतीक चौधरी ने कहा कि इन्हें कांग्रेस का कितना क. ख. ग. पता है, ये सभी अच्छे से जानते हैं।

इस मौके पर जो तस्वीर सामने आ रही थी उसमें अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के कुमारी सैलजा के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़े बड़े - छोटे नेताओं के झलक मीटिंग में एक से दूसरे छोर पर नजरें दौड़ाने पर भी नहीं दिखाई दी।

# सतलुज-यमुना सम्पर्क नहर मुद्दे पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखा पत्र

**पंजाब अपने क्षेत्र में सम्पर्क नहर का 1.9 एम ए एफ जल गैर कानूनी ढंग से कर रहा उपयोग**

**हरियाणा को बिना सम्पर्क नहर के नहीं मिल रहा 1.88 एम. ए. एफ. पानी**

**सर्वोच्च न्यायालय के 2 फैसलों के बावजूद पंजाब ने समझौता निरस्त्रीकरण अधिनियम बनाकर इस क्रियान्वयन में अटकाया रोड़ा**


**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण**
**पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़ "**

चण्डीगढ़, अक्टूबरः सतलुज-यमुना लिंक नहर (एसवाईएल) हरियाणा का हक है और इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल हर संभव कदम उठा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की पुरजोर तरीके से पैरवी करने के बाद अब मुख्यमंत्री ने अपने समकक्ष पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखा है और स्पष्ट किया कि वे एसवाईएल नहर के निर्माण के रास्ते में आने वाली किसी भी बाधा या मुद्दे को हल करने के लिए उनसे मिलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एसवाईएल को लेकर 4 अक्टूबर, 2023 को सर्वोच्च न्यायालय ने एक विस्तृत आदेश पारित किया है। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ह्यनिष्पादन जल के आवंटन से संबंधित नहीं हैह्ल।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा का प्रत्येक नागरिक 1996 के मूल वाद संख्या 6 के डिक्री के अनुसार पंजाब के हिस्से में एसवाईएल नहर के निर्माण के शीघ्र पूरा होने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा है।

इसके अलावा, वे अपने लोगों और दक्षिणी हरियाणा में हमारी सूखी भूमि के इस लंबे समय से प्रतीक्षित सपने को साकार करने के लिए कुछ भी करने को हमेशा तैयार हैं। उन्होंने उम्मीद जताई की पंजाब सरकार निश्चित रूप से इस मामले को हल करने में अपना सहयोग देगी।

दरअसल पंजाब के मुख्यमंत्री ने 4 अक्टूबर 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एक दिन पहले यानी 3 अक्टूबर की तारीख में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल को पत्र लिखा था और इस मुद्दे को लेकर द्विपक्षीय बैठक करने के लिए समय मांगा था। इससे पहले दोनों के बीच आखिरी बार 14 अक्टूबर, 2022 को द्विपक्षीय बैठक हुई थी।



इसके बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने 04 जनवरी 2023 को दूसरे दौर की चर्चा की जिसमें दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे। यहां गौर करने वाली बात है कि एसवाईएल नहर पर हुई सभी बैठकें पंजाब सरकार के नकारात्मक रवैये के कारण बेनतीजा रही थीं। सर्वविदित है कि सर्वोच्च न्यायालय के दो फैसलों के बावजूद पंजाब ने एसवाईएल का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों को लागू करने की बजाए पंजाब ने वर्ष 2004 में समझौते निरस्तीकरण अधिनियम बनाकर इनके क्रियान्वयन में रोड़ा अटकाने का प्रयास किया।

पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के प्रावधान के अंतर्गत भारत सरकार के आदेश दिनांक 24.3.1976 के अनुसार हरियाणा को रावी-ब्यास के फालतू पानी में से 3.5 एमएएफ जल का आबंटन किया गया था। एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न होने की वजह से हरियाणा केवल 1.62 एमएएफ पानी का इस्तेमाल कर रहा है।

पंजाब अपने क्षेत्र में एसवाईएल कैनाल का निर्माण कार्य पूरा न करके हरियाणा के हिस्से के लगभग 1.9 एमएएफ जल का गैर-कानूनी ढंग से उपयोग कर रहा है। पंजाब के इस रवैये के कारण हरियाणा अपने हिस्से का 1.88 एम.ए.एफ. पानी नहीं ले पा रहा है।

इस पानी के न मिलने से दक्षिणी-हरियाणा में भूजल स्तर भी काफी नीचे जा रहा है। एसवाईएल के न बनने से हरियाणा के किसान महंगे डीजल का प्रयोग करके और बिजली से नलकूप चलाकर सिंचाई करते हैं, जिससे उन्हें हर वर्ष 100 करोड़ रुपये से लेकर 150 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ता है।



पंजाब क्षेत्र में एसवाईएल के न बनने से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा जिसकी वजह से 10 लाख एकड़ क्षेत्र को सिंचित करने के लिए सृजित सिंचाई क्षमता बेकार पड़ी है।

हरियाणा को हर वर्ष 42 लाख टन खाद्यान्नों की भी हानि उठानी पड़ती है। यदि 1981 के समझौते के अनुसार 1983 में एसवाईएल बन जाती, तो हरियाणा 130 लाख टन अतिरिक्त खाद्यान्नों व दूसरे अनाजों का उत्पादन करता। 15 हजार प्रति टन की दर से इस कृषि पैदावार का कुल मूल्य 19,500 करोड़ रुपये बनता है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के एक दावे से हरियाणा की सियासत में आया उबाल

## भूपेंद्र हुड्डा के जाट मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का बयान अच्छा

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी, दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा**

चण्डीगढ़ अक्टूबरः पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह के दावे से हरियाणा की सियासत में एक बार फिर से गरमाहट आ गई है। उन्होंने कहा है कि 15-20 दिन में भाजपा-जजपा का गठबंधन टूट जाएगा। यह दावा उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से दो दिन पहले चंडीगढ़ में हुई मुलाकात के बाद किया है।

उन्होंने यह भी कहा है कि 2 अक्टूबर की रैली के बाद उनकी भाजपा के टॉप लीडर्स से बातचीत हुई है। भाजपा के भी सभी नेता जजपा से गठबंधन के पक्ष में नहीं हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जाट सीएम और डिप्टी सीएम के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि अब वाला बयान उनका अच्छा है।

### इन नेताओं से मिलने के बाद किया दावा



बीरेंद्र सिंह ने हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद ही वह दावा कर रहे हैं कि 10, 15, 20 या एक महीने के भीतर ही जजपा के साथ भाजपा गठबंधन टूट जाएगा। उन्होंने सीएम से मुलाकात को लेकर कहा है कि उनकी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई है। चुनाव कैसे जीतना है इसको लेकर भी बात हुई है।

### हरियाणा सरकार में सीटों का गणित

हरियाणा में जजपा के बिना भाजपा क्या है सेफ है? इस सवाल को ऐसे समझते हैं कि सूबे में कुल 90 विधानसभा हैं, बहुमत के लिए किसी भी दल को 46 सीटें चाहिएं। अभी भाजपा के पास 41 सीटें हैं। पांच सीटों की कमी अभी भाजपा अपनी सहयोगी जजपा से पूरी कर रही है। जजपा की 10 सीटों को मिलाकर हरियाणा में भाजपा सत्तासीन है। भाजपा के कोटे से मनोहर लाल खट्टर को सीएम और जजपा से दुष्यंत चौटाला को डिप्टी सीएम बनाया गया है।

### क्यों कर रहे हैं चौधरी बीरेंद्र सिंह दावा

हरियाणा के राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जजपा से गठबंधन तोड़ने का दावा बीरेंद्र सिंह क्यों कर रहे हैं। इसकी खास वजह यह है कि जजपा के बिना भी भाजपा सरकार बनाने की स्थिति में है। राज्य में भाजपा प्रभारी और त्रिपुरा के सीएम बिप्लब देब लगातार सूबे के निर्दलीय विधायकों से संपर्क बनाए हुए हैं। प्रभारी की जिम्मेदारी मिलने के बाद तुरंत ही उन्होंने राज्य के निर्दलीय विधायकों से वन टू वन मुलाकात की थी, जिसके बाद यह कयास भी लगाए जा रहे थे कि गठबंधन को लेकर कुछ खिचड़ी पक रही है।

# हरियाणा में जल्द शुरू होगी 5 जी सेवा - संजीव कौशल

## विभागीय बुनियादी ढांचे की मैपिंग की सुविधा के लिए तीन नए मोबाइल एप्लीकेशन विकसित

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में 5जी तकनीक को बढावा देने और विभागीय योजना को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए कदम उठा रही है।

श्री कौशल आज यहां 5जी के लिए राज्य की तैयारी और विभागीय योजना को सुव्यवस्थित करने को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने बीआईएसएजी-एन के सहयोग से सड़क बुनियादी ढांचे और अन्य विभागीय बुनियादी ढांचे की मैपिंग के लिए तीन नए मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किए हैं। यह पहल राज्य में 5जी की तैयारी को बढ़ावा देने और विभागीय योजना को सुव्यवस्थित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एप्लीकेशन विशेष रूप से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, शहरी स्थानीय निकाय और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड विभागों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

श्री कौशल ने 12 इनलाईन विभागों को 5जी लेयर को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर समय पर अपलोड करने के निर्देश दिये। यह 5जी डेटा तकनीक की कुशल तैनाती सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने उद्योग और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को पोर्टल पर डेटा अपलोड करने में विभागों के सामने आने वाली समस्याओं और चुनौतियों के समाधान के लिए नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिये।

# जन कल्याण की पेश की मिसाल, जनसंवाद में खुद गेट पर खड़े होकर मुख्यमंत्री ने सुनी एक-एक की फरियाद

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक को स्वैच्छिक कोष से मुख्यमंत्री ने दिए 50 हजार रुपये

चंडीगढ़(संदीप शर्मा) हरियाणा के मुख्यमंत्री हर दिन अपने जन कल्याणकारी कार्यों से कोई न कोई मिसाल पेश करते हैं। सोमवार को कैथल में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक बार फिर ऐसी ही मिसाल पेश करते हुए जनसंवाद में एक-एक व्यक्ति की स्वयं गेट पर खड़े होकर समस्या सुनी और उनका समाधान किया व कुछ शिकायतों में अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।


कैथल के इंदिरा गांधी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन पहुंचे और मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायतें रखी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सर्वप्रथम आमजन के बीच माइक देकर लोगों की शिकायतों को सुना। इसके बाद वह स्वयं सभागार के गेट पर खड़े हो गए और जिन भी व्यक्तियों ने शिकायते देनी थी, उन्हें एक-एक करके बुलाया गया। मुख्यमंत्री ने सभी की शिकायतें सुनी और समाधान किया। इस दौरान कैथल के राजेंद्र कुमार ने अपने बेटे की बीमारी के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी शिकायत रखी, इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने स्वैच्छिक कोष से 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त शहर से जुड़ी समस्याओं के लिए एसपी, डीसी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पहले की सरकारों से ज्यादा किए विकास के काम

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद के दौरान कहा कि हमारी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि हमने पिछली सरकारों की तुलना में ज्यादा काम किए हैं। अगर कामों को गिनती के हिसाब से गिनवाने लग जाऊं तो विकास कार्यों की संख्या पिछली सरकार की तुलना में दोगुनी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आई तो प्रदेश में 6 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन आज प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15 है। अभी 2185 एमबीबीएस की सीटें हैं जो आने वाले समय में 3 हजार होंगी।

### बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में हुआ विकास

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के हर क्षेत्र में विकास किया है। प्रदेश में 72 नए कॉलेज खोले गए हैं, इनमें से आधे कॉलेज



लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि हमने भ्रष्टाचार, क्राइम और जाति आधारित राजनीति पर प्रहार किया है। पहले स्थिति ये थी कि आम लोगों को छोटे-छोटे काम के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन हमने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के माध्यम से योजनाओं का लाभ घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। आज जो भी पात्र परिवार हैं, उन्हें योजनाओं का लाभ सीधे मिल रहा है। इसमें बुढ़ापा पेंशन हो या फिर अन्य योजनाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पात्र परिवार सरकार द्वारा लागू की गई आयुष्मान योजना से आज 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त करवा रहे हैं। आमजन को ध्यान में रखकर योजनाओं को बनाया जा रहा है।

### जनसंवाद के दौरान 6 लोगों की बनाई गई मौके पर पेंशन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद के दौरान 6 लोगों की मौके पर पेंशन बनवाई। इसमें कैथल की राजबाला और कन्हैया लाल की वृद्धावस्था सम्मान पेंशन, कैथल के प्रदीप, माई लाल, रामकरण और सतीश कुमार की विधुर तथा अविवाहित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता की पेंशन बनाई गई।

### कैथल में हर तरफ हो रहा विकास-विधायक लीलाराम

कैथल के विधायक लीलाराम ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि कैथल में हर तरफ विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने नवरात्र के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कैथल में पधारने पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैथल को परशुराम मेडिकल कॉलेज का तोहफा दिया है। कैथल में लंबे समय से पीजीआई और मेडिकल कॉलेज बनाने की बाते होती रही हैं लेकिन इस मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में पूरा किया। इससे कैथल वासियों को बहुत लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि कैथल से जुड़ी सड़कों के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि दी गई, वह भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दी। उन्होंने कैथल शहरवासियों, सभी पार्षदों की तरफ से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया।

इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभी गर्ग, भाजपा नेता सुरेश गर्ग, अशोक गर्ग, मुकेश जैन, हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत, हरपाल शर्मा, सुरेश संधू, अनिता चौधरी, डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना, एडीसी सुशील कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## न तो आपको खतरा और न...आखिर सुप्रीम कोर्ट ने महिला को क्यों नहीं दी गर्भपात की इजाजत, जानें उखकने क्या कहा

नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को लेकर सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया है. सुप्रीम कोर्ट ने 26 सप्ताह के गर्भ को गिराने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है. दरअसल एक गर्भवती महिला ने इस संबंध में अर्जी दाखिल की थी, जिस पर लंबी सुनवाई के बाद




देश की शीर्ष अदालत ने यह फैसला सुनाया है. इस मामले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (अक्क्टर) के डॉक्टरों की मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक अगर महिला बच्चा पैदा करती है तो महिला की जान को कोई खतरा नहीं है.

इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि कोर्ट एक जिंदगी को समाप्त नहीं कर सकती है. वहीं आज के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अक्क्टर की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे मे कोई असमान्यता नहीं है, बच्चे की स्थिति एकदम सही है और उसे जन्म मिलना ही चाहिए. प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि महिला, जो दो बच्चों की मां है, का गर्भकाल 24 सप्ताह से अधिक समय का हो गया है जो चिकित्सकीय गर्भपात की अनुमति की अधिकतम सीमा है और इसके बाद गर्भ गिराने की अनुमति नहीं दी जा सकती.

हालांकि महिला अभी गर्भ को जारी रखने को तैयार नहीं है. महिला की ओर से पेश वकील ने कहा कि महिला गर्भ को जारी रखने की मनोस्थिति में नहीं है. उसने मुझे, जज को ये मैसेज देने को कहा है कि अगर उसे गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जाता है तो यह उसके अधिकार का हनन होगा.

## एसवाईएल का पानी न देने की बात कहकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहे पंजाब के मुख्यमंत्री : अभय सिंह चौटाला

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी, जिलाध्यक्ष सतबीर सिसाय, राजेश गोदारा प्रभारी हिसार, हलकाध्यक्ष कलीराम खेडद, हल्का उकलाना प्रभारी बलराज सभ्रवाल, राजीव राजा, राज सिहँ मोर , ललिता टांक, मुकेश वाल्मिक, अन्नु सुरा, सरपंच नगंथला, हलका उकलाना के सभी पदाधिकारी, सभी जोनो के जोन अध्यक्ष और सभी कार्यकताओं ने आने वाले सभी नेताओं का जोरदार स्वागत किया और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आश्वासन दियो ▪ राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला को मुख्यमंत्री बनने तक दिन-रात मेहनत करने का वायदा कियो अभय चौटाला ने एसवाईएल नहर निर्माण में अड़चन डालने पर आम आदमी पार्टी व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद हरियाणा को पानी न देने की बात करके पंजाब के मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं।



राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व विधायक अभय सिंह चौटाला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि एसवाईएल का पानी हरियाणा की जीवन रेखा है और यह पानी मिलने के बाद दक्षिण हरियाणा की प्यास बुझ सकती है लेकिन पंजाब सरकार इसमें लगातार अड़चन डाल रही है। उन्होंने दक्षिण हरियाणा में पानी की कमी व जमीन का पानी नीचे जाने का विस्तार से ब्यौरा दिया और कहा कि हरियाणा में इनेलो सरकार बनने के बाद नहरों व टेलों में पानी पहुंचाया जाएगा। लेकिन एसवाईएल निर्माण हुए बिना दक्षिण हरियाणा की जरूरत पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। इनेलो सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

अभय चौटाला ने कहा कि एसवाईएल मसले पर हरियाणा के सभी दलों को अपने निजी स्वार्थ छोड़कर प्रधानमंत्री से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी दलो को एकजुट होकर एसवाईएल निर्माण की दिशा में प्रयास करने चाहिऐ यह हरियाणा की जीवन रेखा से जुड़ा मामला है। इनेलो हलका उकलाना प्रभारी बलराज सभरवाल ने हल्का उकलाना के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए इनेलो पदाधिकारियों व कार्यकताओं का धन्यवाद किया है

## उकलाना क्षेत्र के शिक्षाविद डॉ सुरेंद्र सेलवाल को किया गया भारतीय दलित साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय सचिव मनोनित

हरियाणा/ हिसार( राजेश सलूजा) अखिल भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर द्वारा उकलाना के शिक्षाविद डॉ सुरेन्द्र कुमार सेलवाल को अकादमी का राष्ट्रीय सचिव मनोनित किया गया है। आज ज्यों ही यह खबर जानकारों को मिली इन्हे ढेरों बधाई व शुभकामनाएं मिलने लगी।समाज सेवा व साहित्य क्षेत्र से जुड़े शिक्षाविद डॉ सुरेंद्र सेलवाल वर्तमान समय के जागरूक , सामाजिक कार्यकर्ता और अध्यापन से जुड़े विद्वान सख्सियत हैं। जोकि उकलाना खंड के गांव लितानी के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान के पद पर कार्यरत हैं । सामाजिक,शैक्षिक और राजनीतिक विषयों पर जबर्दस्त पकड़ रखते है- डॉ सुरेंद्र सेलवाल ने अध्यापन के साथ-साथ सामाजिक कार्यों और शैक्षिक बुनियादी सुविधाओं के सुधारो के लिए समय समय पर सम्मानित किया गया है। राजकीय महाविद्यालय जींद रोल ऑफ ऑनर नरवाना व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय स्तर पर अनेक राज्यों में सम्मान प्राप्त कर चुके है सरकारी स्कूल में बनियादी ढांचे में बदलाव विकास एवं नामांकन विधि से लेकर छात्र संख्या व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जहां भी गए डॉ सेलवाल द्वारा क्रांतिकारी सुधार किए गए ।वर्तमान में पिछले एक साल से लितानी स्कूल में शिक्षा की अलख जगा रहे है। इनका जुनून हर क्षेत्र में इनकी बहुमुखी प्रतिभा को दशार्ता है। समाज सेवा व साहित्यिक क्षेत्र में अनेक राज्यों सहित कई बार नेशनल लेवल पर सम्मान पा चुके डॉ सेलवाल साहित्य अकादमी द्वारा डॉ अंबेडकर विशिष्ट सेवा अवॉर्ड , डॉ अंबेडकर साहित्य सेवा अवार्ड व डॉ अंबेडकर नेशनल अवार्ड, केरला में बाबू जगजीवन राम पुरस्कार , 2018 में तेलंगाना साहित्य रत्न अवॉर्ड , उतराखंड, राजस्थान, कर्नाटक सहित मुंबई आदि में सम्मानित हो चुके हैं । डॉ सुरेंद्र सेलवाल डॉ आंबेडकर के जीवन से संबंधित विचारधारा को लेकर , गुरु रविदास जी की विचारधारा से बेहद प्रभावित हैं । उनकी विचारधारा को लेकर इनके शिक्षा व शिक्षक की गुणवत्ता को लेकर अनेक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं । गौर तलब है कि डॉ सुरेन्द्र सेलवाल अनुसूचित जाति,पिछड़े व शोषित समाज को न्याय,सुरक्षा तथा उनके उत्थान, कर्मचारियों के हितों सहित गरीब किसान और मजदूरों को उनके सविधानिक अधिकारों की मांग लगातार उठाते रहे है। इनकी कई मांगों को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। जनहित में जारी कार्यों ने इनकी अलग पहचान बनाई है ।डॉ सुरेंद्र सेलवाल राजनीतिक विषयों पर भी अपनी खास पकड़ रखते हैं । डॉ सुरेन्द्र सेलवाल को भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर द्वारा अकादमी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किए जाने का पत्र जारी होने की खबर सुनकर इन्हे हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का एक के बाद एक तांता सा लग गया है ।इस अवसर पर बधाई देने वालो में राष्ट्रीय महासचिव जय सुमनाक्षर्, डॉ विजय भगत जम्मू पी ए बाबू परमानंद पूर्व राज्यपाल हरियाणा,प्रदेशाध्यक्ष गुरदयाल सिंह मोरथला, महासचिव जरनैल सिंह रंगा,तीर्थ तोंगरिया पंजाब, डॉ लालती देवी यू पी,सुरेन्द्र लाल आर्य उत्तराखंड,राजेंद्र दहिया पानीपत, धर्म सिंह यमुनानगर, डॉ कमल किशोर रोहतक, डॉ राजपाल,जय भगवान चौहान, प्रवक्ता विनोद कुंडू, कुलदीप सिंह भुक्कल, नायब तहसीलदार रवि मेवात, भजनलाल नंगथला , सुरेश मेहरा,अमित गोयल मनोज रेवड़ी , जगदीश असीजा,कुलदीप सोनी, राजेश सलूजा, नरेश लितानी जय किशन, प्रवक्ता सुरेश खटक, दर्शन सिंह, सुरेश पातड, हरपाल रतिया, बालकिशन भास्कर,सज्जन

## मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल स्वयं कवि हृदय है और अकादमियों के कार्यों में बेहद रुचि रखते है-डॉ अमित अग्रवाल

### युवा पीढी को हिन्दी भाषा से जोडड्ढे के प्रयास किए जाने चाहिए




चण्डीगढ़(संदीप शर्मा)हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने आज अकादमी भवन सेक्टर-14 पंचकूला में हिंदी एवं हरियाणवी के सुप्रसिद्ध विद्वान एवं कवि स्वर्गीय डॉ नानकचंद द्वारा रचित उत्तर राम कथा पर आधारित "निर्झरी" काव्य कृति का लोकार्पण किया।

अकादमी भवन पंहुचने पर हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप अग्निहोत्री ने पुष्पगुच्छ देकर डॉ अमित अग्रवाल का स्वागत किया।

इस अवसर पर उपस्थित लेखको और साहित्यकारों को संबोधित करते हुए डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि वे इस काव्य कृति के लोकार्पण पर स्वर्गीय डॉ नानकचंद शर्मा को नमन करते है। हरियाण साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा प्रकाशित ह्यनिर्झरीह्ल श्री रामकथा पर आधारित काव्य कृति है। श्री राम का पावन चरित साहित्यकारों और विशेषकर कवि हृदयों के लिए हमेशा ही प्रेरणा का स्त्रोत रहा और उनकी प्रेरणा से साहित्य में समय समय पर नवीन कृतियों का सजृन होता रहता हैं। ह्लह्लनिर्झरीह्लह्ल भी इसी परंपरा की एक कृति है।

### काव्य कृति के प्रथम सर्ग वसन्तोत्सव में डॉ नानकचंद शर्मा ने राम राज्य का बड़ा ही मनोहरी वर्णन किया है।

उन्होनें कहा कि डॉ नानकचंद शर्मा ने हरियाणा के तात्कालिन भाषा विभाग के अंतर्गत सहायक निदेशक के पद पर रहते हुए जन साहित्य और सप्तसिंधु जैसी चर्चित साहित्य पत्रिकाओं का संपादन दायित्व भी सफलतापूर्वक निभाया। ह्यनिर्झरीह्ल काव्य कृति की प्रशंसा करते हुए डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि ह्यनिर्झरीह्ल में काव्यगत विशेषताओं के साथ साथ हमारी उन्नत सभ्यता, समृद्ध संस्कृति एवं रितिरिवाजों को सफलतापूर्वक रेखांकित किया गया है। काव्य कृति के प्रथम सर्ग वसन्तोत्सव में डॉ नानकचंद शर्मा ने राम राज्य का बड़ा ही मनोहरी वर्णन किया है। निर्झरी विशुद्ध साहित्यिक कृति होने के साथ साथ हमारी संस्कृति की सहवाहिका भी है। ऐसी कृतियों का प्रकाशन न केवल हमारी साहित्यिक धरोहर को संरक्षण प्रदान करता है वहीं हमारी संस्कृति के प्रचार प्रसार में सरकार के प्रयासो को रेखांकित भी करता है।

**पहली बार हरियाणा में इंजीनियरिंग कोर्सिज हिन्दी भाषा में शुरू किए गए**

डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल स्वयं कवि हृदय है और अकादमियों के कार्यों में बेहद रूचि रखते है। उन्होंने हिन्दी के साथ साथ अन्य भाषाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। राज्य में साहित्यिक परिवेश का निर्माण करने तथा विभिन्न भाषाओं एवं उनके साहित्य के समुचित विकास एवं सरंक्षण को बढ़ावा देने तथा साहित्य विकास की नई योजनाए प्रारंभ करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न भाषा अकादमियों के विलय के उपरांत हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का गठन किया गया। पहली बार हरियाणा में इंजीनियरिंग कोर्सिज हिन्दी भाषा में शुरू किए गए है और अगले चरण में मेडिकल कोर्सिज भी हिन्दी में शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि अब अधिकतम लिखित परीक्षाए भी हिन्दी भाषा में ली जा रही है।


हिन्दी हमारी राष्ट्रीय भाषा है और देश के स्वतंत्रता सग्राम में लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने में हिन्दी का अहम योगदान रहा

हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार पर बल देते हुए डॉ अमित अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रीय भाषा है और देश के स्वतंत्रता सग्राम में लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने में हिन्दी का अहम योगदान रहा। मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव ने कहा कि अंग्रेजी भाषा के अधिक प्रचलन के कारण हमारी युवा पीढ़ी हिन्दी भाषा से दूर जाती जा रही है। बच्चों को हिन्दी भाषा से जोडड्ढे और उन्हें हमारे पुरातन साहित्य के बारे में जागरूक करने के प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए हिन्दी भाषा में गद्ययों और पद्ययों का संकलन प्रकाशित कर स्कूलों और कॉलेजो में उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। उन्होंने साहित्यकारों का आह्वान किया कि वे नए लेखको को आगे बढ़ाने के साथ साथ प्राचीन कविताओं का संकलन करने के भी प्रयास करे ताकि लोगों को हमारे समृद्ध साहित्य के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने विश्वास दिलाया कि देश के पुरातन साहित्य को विभिन्न भाषाओं में आमजन तक पंहुचाने के लिए आकादमी द्वारा इस प्रकार की और कृतियों का भी प्रकाशन किया जाएगा। इससे पूर्व अकादमी के अतिरिक्त सचिव और सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ कुलदीप सैनी ने अपने स्वागतीय संबोधन में कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि स्वर्गीय डॉ नानकचंद द्वारा रचित "निर्झरी" काव्य कृति का लोकार्पण मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल द्वारा नवरात्र के पावन अवसर पर किया गया है। उन्होंने कहा कि रामायण, रामचरितमानस व भगवतगीता ऐसे धार्मिक ग्रन्थ है जिन पर लिखना अपने आप में एक चुनौति है। परंतु स्वर्गीय डॉ नानकचंद शर्मा ने भगवान श्री राम पर कृति का सजृन कर एक सहरानीय कार्य किया है। इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ नानकचंद शर्मा के सुपुत्र श्री शिव कुमार शर्मा, लेखक और साहित्यकार भी उपस्थित थे।

## शाम 5 बजे के बाद बीच सड़क सजता है फलों की अवैध मंडी

नोएडा सेक्टर 42ः अतिक्रमण का नायाब तरीका वह भी प्राधिकरण और पुलिस के मदद से । नोएडा सेक्टर 42 शनि मंदिर के पास और इंडियन आयल पेट्रोल पंप के सामने बीच सड़क पर सजते है अवैध मंडी। आप अगर यह सोच रहे होंगे कि इसमें नायाब क्या है तो आपको जानना जरूरी है कि यह मंडी 5 बजे के बाद लगते है क्योंकि 5 बजे नोएडा प्राधिकरण की छुट्टी हो जाती है। फिर भला जो प्राधिकरण के सर्किल आफिसर ड्यूटी के टाइम मे ही कार्यवाही नही करते है तो भला 5 बजे के बाद मे कार्यवाही करने का तो मतलब नही बनता है। रेहड़ी पटरी माफिया भी आजकल ठेली पटरी वालों को यही सलाह दे रहे है 5 बजे के बाद मे दुकान लगाओ।

बताते चले कि यहाँ पर अवैध मंडी लगने के कारण दुर्घटना की संभावना बढ़ जाता है। पेट्रोल पंप के सामने के मुड़ने वाली गाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही सेक्टर 46 के तरफ मुड़ने मे भी हमेसा एक्सीडेंट होने का संभावना बनी रहती है जो कि कभी भी एक बड़े एक्सीडेंट मे बदल सकती है। फल मंडी लगने के कारण फल के खरीदार भी उतने ही समझदारी दिखाते हुए बीच सड़क पर ही गाड़ी खड़ी करके खरीदारी करते है।




बताते चले कि यहाँ से पुलिस प्रशासन तथा अधिकारियों का हमेशा ही आना जाना लगा ही रहता है। नोएडा सेक्टर 39 थाना यहाँ से महज 2.5 किलोमीटर की दूरी पर है और सेक्टर 49 थाना महज 1 किलोमीटर पर। सेक्टर 45 की पुलिस चौकी मात्र 500 मीटर की दूरी पर और सेक्टर 43 की चौकी भी महज 500-600 मीटर की दूरी पर। इसके बावजूद यह अवैध मंडी फल फूल रहा है। अब तो मंडी लगने के कारण शराबियों ने भी शनि मंदिर के आस-पास अपना ठिकाना बना लिया है। यहाँ पर खड़े जूस वाले इनको पानी, नमकीन और जूस भी उपलब्ध करवा रहे है।

आजकल भंगेल जाना हो या फिर फेस-टू या फिर सेक्टर 37 की तरफ से सेक्टर 108 पुलिस कमीशनरेट सभी गाड़ी इसी फल मंडी के पास से मुड़ती है।

# डीलर पति पे लगा आरोप झूठा साबित हुआ

## कार्डधारीयो ने किया डीलर सनोज देवी का समर्थन

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)16अक्टूबर2023: - जिले के हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत के ढोलिया गांव मे संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान के संचालिका सनोज देवी के पति पर राशन देने के नाम पर मार पीट करने का आरोप लगाया गया जो पुरी तरह से बेबुनियाद साबित हुआ। बताते चले की विगत 04 अक्टूबर को डीलर सनोज देवी के पति रामबरत पासवान के खिलाफ हंटरगंज थाने मे आवेदन दिया गया था जिसमे ये अंकित किया गया था की डीलर पति के द्वारा कार्ड धारी के साथ मार पीट किया गया था जिस्के चलते डीलर सनोज देवी के जन वितरण प्रणाली की दुकान को पदाधिकारिओं ने सस्पेंड कर दिया था जिसके बारे मे रामबरत पासवान और जन वितरण प्रणाली दुकान के नियमावली के अनुशार हर माह मे 1 से 4 तक दुकान बंद रहती है और इस अंतराल मे दुकान का कोई भी कार्य नही होता है। इस मामले मे हंटरगंज थाना के द्वारा आवेदन को आपसी सुलह के लिए पाण्डेयपुरा पिकेट प्रभारी को आवेदन सुपुर्द किया गया।पिकेट प्रभारी के द्वारा दोनो पक्षो को बुलाया गया जिसमे डीलर सनोज देवी के कार्ड धारी के साथ साथ आम जनता और मीडिया कर्मी ने भी भाग लिया।बैठक मे बिंदु दर बिंदु जांचने के बाद पाया गया की डीलर पति रामबरत पासवान पर लगाया गया आरोप बेबिनियाद है और पिकेट प्रभारी विश्वेश्वर भगत के समक्ष दोनो पक्षो मे सुलहनामा भी सौपा गया। इसके बाद जब कार्ड धारियों से बात चीत किये जाने पर सैकड़ो की तादाद मे आये कार्डधारियों ने अपनी अपनी परेशानी से अवगत कराने कार्य किया जिसमे कार्डधारियों ने बताया की राशन दुकान गांव मे नही होगा तो काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और सैकड़ो की संख्या मे आये कार्डधारिओ ने विभाग से मांग किया की जल्द से जल्द डीलर सनोज देवी के जन वितरण प्रणाली के दुकान को सक्रिय किया जाये ताकि कार्ड धारियों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।



# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टुंडी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित ।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र**

वरीय संवाददाता धनबाद ( झारखंड ):- 16अक्टूबर2023:जिले के टुंडी प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नेहरू युवा केंद्र धनबाद के जिला युवा अधिकारी श्री रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आयोजित कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए महानिदेशक द्वारा नामित श्री अरुण कुमार राय ने कहा कि यह कार्यक्रम हमें माटी से जोड़ेगा और हमें अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जरिए शहीद और स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का ग्रामीणों द्वारा जो मान सम्मान किया जा रहा है वह आमजन को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर रहा है। आजादी के अमृत काल में यह नवाचार युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार कर रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी श्री मिश्र ने बताया की अभियान का उद्देश्य भारत के वीर सपूतों को आजादी के मौके पर याद करना है। इस दौरान देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी जा रही है तथा उन वीर सपूतो को याद किया जा रहा जिन्होंने हँसते हँसते स्वतन्र्ता की बलि बेदी पर अपने आप को न्यौछावर कर दिया था।

आज के कार्यक्रम के तहत मंगल गीतों एवं बैंड के साथ अमृत वाटिका के लिए कलश में प्रभातफेरी के साथ मिट्टी एकत्रित की गई । देशभक्ति गीतों का गायन, नृत्य, संगीत के साथ पिरामिड का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जय कुमार मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय परिवार से पूनम कुमारी, संध्या कुमारी, भारती कुमारी, आरती कुमारी नीरज कुमार, सतीश चंद्र, सरिता, ललिता , मधु , दीपक कुमार इत्यादि उपस्थित थे।



# जरूरतमंदों को स्पेशल भोजन कराकर केयर एंड सार्व फाउंडेशन मनाया अपना स्थापना दिवस।

## शहर के कई गण्या मान्य गन्य-मान्य व्यक्ति को किया गया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद समाज सेवी संस्था केयर एंड सार्व फाउंडेशन ने अपना दूसरा स्थापना दिवस आज शाम 7:00 बजे शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (पीएमसीएच हॉस्पिटल परिसर) में गरीब,असहाय और जरूरतमंदों को स्पेशल भोजन करवरकर मनाया,सबसे पहले उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया,इसके अलावा भी संस्थाओं ने शहर के कई गन्य-मान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया, जिसमें प्रमुख डॉ उमेश कुमार ओझा,प्रदीप मण्डल (जे पी हॉस्पिटल) के अलावे लायंस क्लब के सोमनाथ पूर्ति संस्था के रॉबिन चटर्जी और दिलीप चौधरी, इन लोगों को गुलदस्ता देकर और शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया। आज का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था के अध्यक्ष प्रभाष चन्द्र,सचिव राजेश कुमार,रोबिन चटर्जी,दिलीप चौधरी, सोमनाथ पूर्ति,दीपांकर बनर्जी,समीर सरकार,अभय कुमार,नीलकमल खवास,अजय चौधरी,राजीव शर्मा, अमीत कुमार,संजय कुमार,विजय कुमार,शम्भू शरण अम्बष्ट,प्रभात रंजन कुमार,संजय सजावट,पी एस अरोड़ा,राजू साव,अशोक भट्टाचार्य,नयन विश्वास,संजय सिंह,संजय वर्मा,संदीप घोष,और आलोक झा।



# बाल विवाह के खिलाफ विद्यालयों मे शपथ तथा अलख जगाने उतरीं इससे पीड़ित महिलाऐं

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- पूरे देश में चल रहे "बाल विवाह मुक्त भारत" अभियान के तहत 16 अक्टूबर को मनाए गए बाल विवाह मुक्त भारत दिवस के मौके पर बनवासी विकास आश्रम गिरिडीह द्वारा बगोदर, अटका, तुकतुको, धरगुल्ली, कुदर, तिरला, हेसला,औरा, पोखरिया, दोंदलो आदि में 30 जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में 15000 महिलाओं, बच्चों और आम लोगों ने शपथ ली कि वे न तो बाल विवाह का समर्थन करेंगे और न इसे बर्दाश्त करेंगे। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश के 300 से भी ज्यादा जिलों में चलाया जा रहा है। भारत से 2030 तक बाल विवाह के समग्र खात्मे के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से महिलाओं के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान से देश के 160 गैर सरकारी संगठन जुड़े हुए हैं। सोलह अक्टूबर को इस अभियान के एक साल पूरे हुए। इस अर्से में पूरे देश में हजारों बाल विवाह रुकवाए गए और लाखों लोगों ने अपने गांवों और बस्तियों में बाल विवाह का चलन खत्म करने की शपथ ली।

गांवों में पूरे दिन इस अभियान के समर्थन में उतरे लोगों की चहल पहल रही और इस दौरान शपथ ग्रहण, रैली जैसे तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल विवाह की पीड़ा से गुजरने के बाद अब इसके खात्मे के लिए अलख जगा रहीं गिरिडीह की भागीरथी देवी एवं यशोदा देवी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक एवं कानूनी अपराध है। बाल विवाह के कारण अनगिनत बच्चियों को स्वास्थ्य संबंधी बिमारियों का सामना आजीवन करना पड़ता है साथ ही उसकी पढ़ाई भी छुट जाती है इसलिए बाल विवाह से गिरिडीह जिला समेत भारत को जल्द से जल्द मुक्त करना आवश्यक है।

बनवासी विकास आश्रम, गिरडीह के निदेशक श्री सुरेश कुमार शक्ति ने कहा, ‟बाल विवाह वो अपराध है जिसने सदियों से हमारे समाज को जकड़ रखा है। लेकिन नागरिक समाज और झारखंड सरकार द्वारा राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के प्रति दिखाई गई प्रतिबद्धता और प्रयास जल्द ही एक ऐसे माहौल और तंत्र का मार्ग प्रशस्त करेंगे जहां बच्चों के लिए ज्यादा सुरक्षित और निरापद वातावरण होगा। इन दोनों द्वारा साथ मिल कर उठाए गए कदमों और लागू किए गए कानूनों के साथ समाज व समुदाय की भागीदारी 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत सुनिश्चित करेंगी।"



# उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय आमटाल के बच्चियों ने बाल विवाह मुक्त भारत का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

बलियापुर आमटाल स्कूल के बच्चो ने संकल्प लेते हुए कहा की न बाल विवाह करेंगे और इसकी रोक थाम के लिए हर संभव प्रयास करेंगे । ताकि बच्चें सुरक्षित हो और शिक्षित हो सके ।

**जानिए बाल विवाह होने का कारण**

शिक्षा का कमी ,निर्धनता ,परंपरा ,संयुक्त परिवार , कौमार्य भंग होने का डर।

**जानिए बाल विवाह का दुष्परिणाम**

शारीरिक दुष्प्रभाव से जीवन भर भोगना , तलाक की वृद्धि
कम उम्र में विधवा होने का डर ,

**बाल विवाह से सैकड़ों जिंदगियां हो रही तबाह; क्या कहता है भारत का कानून?**

भारत में बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानून बनाए गए है लेकिन इसके बाद भी देश के कई हिस्सों में बाल विवाह हो रहा है। इसका किसी भी पुरुष या महिला के जीवन पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। संसार के कई देशों में ऐसी कई प्रथाएं हैं, जो आज के समय में लोगों के लिए समस्या बन चुकी है। इसमें से कई ऐसी प्रथाएं, जो महिला वर्ग के लिए चुनौती बन गया है। इन्हीं में से एक प्रथा है बाल विवाह।बाल विवाह के नाम पर आज महिला वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है, वे चाह कर भी कुछ बोलने का सामर्थ्य नहीं उठा पाती है। हालांकि, ऐसा नहीं है कि यह देश के हर कोने में खुले तौर पर हो रहा है, लेकिन जहां भी हो रहा है, इसे रोकना बहुत जरूरी है।

**क्या है बाल विवाह?**

कानून के अनुसार, निश्चित आयु से पहले किसी भी बच्चे का विवाह यानि नाबालिग उम्र में बच्चे का विवाह कर देना बाल विवाह होता है। प्रत्येक देश में बच्चे के बालिग होने की एक आयु निश्चित की गई है, उससे पहले विवाह होना, बाल विवाह कहलाता है। इस विवाह से बच्चों का बचपन छिन जाता है और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है कि आगे उनके साथ क्या होने वाला है या उनका जीवन कैसा हो जाएगा।

इस प्रथा का शिकार ज्यादातर लड़कियां होती हैं, क्योंकि कई मामलों में देखा गया है कि लड़कियों की उम्र बहुत ही कम होती है और लड़कों की उम्र उनके मुकाबले बहुत ही ज्यादा होती है। इस तरह की शादी से लड़कियों को जीवन भर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। भारत में कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है। स्कूल के तरफ से मौजूद रहे राजू राम (एच एम),गातुल ग्रहाचार्जी, शंकर ठाकुर, राजेश महतो, कार्तिक रवानी, दुर्गा प्रसाद साहू, आनंद कुमार एवं स्कूल के सभी छात्र एवं छात्राएं शिक्षक शिक्षिका तथा कर्मचारी थे



# मां दुर्गा के कृपा है हमारे संस्था के ऊपर महिला ने किया गुप्त रक्तदान "समर्पण एक नेक पहल" संस्था के सहयोग से डायलिसिस चल रहे महिला के लिए उपलब्ध कराई रक्तं

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

दिनाँक 15/10/2023 दिन रविवार को संस्था को सूचित किया गया कि गिरिडीह से आई एक 58 वर्षीय महिला मरीज को सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद में डायलिसिस के लिए तत्काल एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता हैं, रक्त नहीं मिलने के कारण दो दिन से मरीज का डायलिसिस नहीं हो पा रहा हैं कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संस्थापक महोदय ने सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद ब्लड बैंक प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए तत्काल एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे पहले मरीज के परिजन ने 25 बार रक्तदान कर अपनी डायलिसिस की मरीज किशोरी देवी जी के लिए रक्त उपलब्ध कराया हैं इसीलिए ब्लड बैंक का भी यह कर्तव्य मानवता के नाते बनता हैं कि ब्लड बैंक में ब्लड यदि स्टॉक पड़ा हो तो ऐसे मरीजों को अपनी ओर से एकाद यूनिट रक्त की मदद कर दी जाए, और इसके बदले में एक महिला गुप्त रक्तदान करने के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद ब्लड बैंक पहुंच रही हैं, आप अभी मरीज के लिए एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त प्रदान करें क्योंकि दो दिनों से मरीज को रक्त उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उनका डायलिसिस रुका हुआ हैं, इसके कुछ ही देर बाद मरीज को ब्लड बैंक के द्वारा रक्त प्रदान कर दी गई और इसके बदले में नवरात्र के पहले दिन ही दुगार्माता का स्वरूप बन कर आई एक गुप्त महिला रक्तदात्री ने स्वयं रक्तदान किया, संस्था के संस्थापक दिपेश चौहान ने कहा कि यह एक अद्भुत संगम हैं आज नवरात्रि का प्रथम दिन हैं एक महिला का पिछले दो दिन से रक्त के अभाव में डायलिसिस नहीं हो पा रही थी और इसे पूरा भी एक महिला ने रक्तदान पूरा किया यह देखकर तो लगता हैं माँ दुर्गा का आशिर्वाद हमारी संस्था समर्पण एक नेक पहल पर बनी हुई हैं '



# बैंक ऑफ इंडिया अटका शाखा को सुचारू और व्यवस्थित रूप से अविलंब चालू कराये जाने की मांग ग्रमिणों ने की

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखण्ड क्षेत्र के अटका बैंक आफ ईण्डिया
अगलगी घटना के तकरीबन दो साल के बाद भी बैंक ऑफ इंडिया के अटका शाखा को सुचारू रूप से न खोलने व व्यवस्थित रूप से काम शुरू नही होने से आक्रोशित पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवी प्रबुद्ध लोगों ने सोमवार को भाकपा माले बगोदर प्रखण्ड सचिव पवन महतो के नेतृत्व में बीओआई के अटका शाखा प्रबंधक से मिला और बैंक को सुचारू व व्यवस्थित रूप से खोलने व संचालित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

बताते चलें कि तकरीबन दो साल पहले बैंक ऑफ इंडिया के अटका शाखा में शार्ट सर्किट की वजह से हुए भीषण आगलगी की घटना के बाद बैंक संबंधित कार्य बगोदर के जरमुने शाखा से संपादित किया जाने लगा लेकिन दो साल के बाद इंफ्रास्ट्रक्चर बहाल होने के बाद भी बैंक संबंधित कार्य अटका में शुरू नही हो पाया है।अभी एक छोटे जगह में बैंक के सिर्फ ऑफिसियल कार्य अटका में हो रहे हैं लेकिन वृद्धापेंशन,जमा-निकासी,आधार केवाईसी/सीडिंग,पासबुक अपडेटिंग व अन्य संबंधित कार्यों के लिए आम लोगों को बगोदर के जरमुने शाखा का चक्कर लगाना पड़ रहा है।इससे अदद वृद्धापेंशन के लिये बुजुर्ग लोगों को बगोदर आने-जाने में भारी मुश्कलों का सामना आये दिन करना पड़ रहा है।हालात यह भी है इलाके अंतर्गत लगभग आधे दर्जन सीएससी भी शायद इस वजह से बंद हो गए हैं जहां आम लोगों को कुछ सहूलियतें मिल जाया करती थी।

प्रतिनिधिमंडल में माले प्रखण्ड सचिव पवन महतो,अटका पश्चिमी पूर्व मुखिया जिबाधान मंडल,पंस टेकनारायन साव,पंस विकास कुमार दास,समाजसेवी मनोहरलाल मंडल,रमेश मेहता,अनुज कुमार,छोटी दास,अशोक मंडल,बिहारी महतो,राजू मंडल,बिहारीलाल मेहता,रामस्वरूप सिंह व अन्य शामिल रहे।

उक्त शाखा को अविलंब बहाल करने हेतु क्षेत्रीय शाखा प्रबंधक,बोकारो के नाम से संबंधित ज्ञापन की प्रतिलिपि बगोदर विधायक,एसडीओ बगोदर-सरिया,बीडीओ बगोदर को भी प्रेषितक किया गया है।



# जन सवालों पर संघर्ष के संकल्प के साथ कई लोग हुए माले में शामिल।

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह(झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- भाकपा माले की एक बैठक सदर प्रखंड के पालमो दास टोला में संपन्न हुई, जिसकी अगुवाई पंचायत प्रभारी संजय चौधरी ने करते हुए स्थानीय जन सवालों पर चर्चा कर उसके समाधान की मांग की। यहां अपने संबोधन में पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, इस गांव के अधिकांश गरीबों के पास जीने खाने लायक भी जमीन नहीं है। सरकार को ऐसे भूमिहीनों को चिन्हित कर उनके बीच सरकारी/ वन की खाली पड़ी जमीन को वितरित करना चाहिए। माले नेता ने कहा कि, धड़ल्ले से गरीबों के राशन की चोरी की जा रही है। दो महीने का अंगूठा लगवाकर एक महीने का राशन, वह भी कटौती करके बांटा जा रहा है। जनता परेशान है, वोट लेने वाले जन प्रतिनिधि निश्चिंत हैं। इसलिए अब जनता को जागना और संगठित होकर अधिकारों की लड़ाई शुरू करनी होगी। उन्होंने लोगों से भाकपा माले में शामिल होने की अपील की। श्री यादव की अपील पर दर्जनाधिक लोगों ने पार्टी में शामिल होने का ऐलान करते हुए जन सवालों पर संघर्ष का संकल्प लिया। शामिल होने वाले तथा उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मनोज कुमार यादव, रुस्तम अंसारी, तुलो दास, सुभाष तुरी, दुलारचंद, मुरली दास, पप्पू दास, मिथुन दास, सहदेव दास, राजू दास, अशोक सिंह, संजय पंडित, मनोज तुरी आदि शामिल थे।



# रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में लगाई आग, जांच में जुटी पुलिस।

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023:- रंगदारी नहीं मिलने से नाराज असामाजिक तत्वों ने मिक्सर मशीन में लगाई आग।यह मामला चतरा जिले के वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के प्रतापपुर-जोरी मुख्यपथ पर स्थित टंकु होसिल गांव की घटना है। डीएमएफटी योजना के तहत 45 लख रुपये की लागत से बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में लगा था मिक्सर मशीन। दो अज्ञात लोगों ने दिया घटना को अंजाम। कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट पर मजदूरों को कमरे में बंद कर गाड़ी में लगाई आग, रंगदारी नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी। आग लगी की घटना में मिक्सर मशीन आंशिक रूप से हुआ क्षतिग्रस्त। देररात ही सड़क निर्माण कार्य हो चुका था पूरा, प्रेमचंद सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 45 लाख रुपये के लागत से 640 मीटर सड़क का कराया गया है निर्माण। नक्सली या असामाजिक तत्वों की करतूत, पड़ताल में जुटी पुलिस। पूर्व में भी असमाजिक तत्वों ने निर्माण कार्य को प्रभावित करने का प्रयास किया था।



# अनोखा प्रयास रोटी बैंक यूथ क्लब छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे में लाया मुस्कान

## 100 बच्चों को आर लॉन्च की मदद से हेयर कटिंग करवाया !

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

धनबाद झआज रोटी बैंक यूथ क्लब के सौजन्य से करीब 100 झोपड़ीपट्टी के गरीब बच्चों का निशुल्क हेयर कटिंग करवाया गया!
रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर जी ने कहा कि इस नवरात्रि के शुभ अवसर पर हमारी संस्था उन लोगों के बीच भी खुशियां बांटने का प्रयास कर रही है जिनको यह सब नसीब नहीं हो पता हमारा मकसद है हर उस गरीब तक पहुँचना और उनकी मदद करना विशेष रूप से आर लॉन्च के सभी सदस्यों का धन्यवाद जिनके सहयोग से आज यह हम कार्य कर पाए है आर लॉन्च के मालिक राकेश जी ने बताया कि पिछले कई सालों से हम यह सेवा देते आ रहे हैं और आगे भी हम लोग रोटी बैंक के साथ कार्य करेंगे,सेवा ही धर्म है मुख्य रूप से राजकुमार मंडल आकाश गुप्ता,अनिमेष सिंह,सोनी कुमारी,राहुल पंडित ,निधि कुमारी ,माही शंकर सुधांशु विश्वकर्मा,ऋषभ राज आदि लोगों का सहयोग रहा!



# बिष्णुगढ़ में रोड़ पर गन्दी नाली के पानी बहाने वालों पर कार्रवाई करें थानेदार -- दशरथ राय

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 16 अक्टूबर 2023 :- बिष्णुगढ़ त्योहार को देखते हुए स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का धज्जियां उड़ाने वाले कुछ दबंग लोगों पर थाना प्रभारी को कानूनी कार्रवाई अविलंब करनी चाहिए । जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ दशरथ राय ने कहा कि अपने घरों से मंदिर तक पहुंचने के लिए भक्तों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , कुछ लोग जानबूझ कर अपने घरों के गंदा पानी रोड़ में बहाते हैं , इससे कई तरह के बिमारी भी फैलने की संभावना है । अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा बार बार आग्रह करने पर भी लोगों के कानों में जूं तक नहीं रेंगा है ! ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने से ग्रामीण जनता अपका आभारी रहेंगे उक्त सवालों के निदान के लिए कई बार प्रयास किया गया था , उन गलियों के निवासियों के साथ साथ राहगीरों को परेशानी होती है ।



# नीमडीह मुखिया संघ ने किया बीडीओ व सीओ को गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 16 अक्टूबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के मुखिया संघ नीमडीह के अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में मुखियाओं ने नीमडीह प्रखंड में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव व अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ठ को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सह अभिनंदन किया। इस अवसर पर वरुण कुमार सिंह ने कहा कि पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि निर्धारित समय पर योजनाओं को पूर्ण करने के लिए सहयोग करें। बीडीओ व सीओ ने कहा कि पदाधिकारी और कर्मचारी विकास कार्य



समेत जनता के अन्य कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग की अपेक्षा है ताकि विकास कार्य के कार्यान्वयन में नीमडीह प्रखंड मिसाल प्रस्तुत कर सकें। बीडीओ ने कहा कि किसी भी योजनाओं में बिचौलिया को हावी होने नहीं दें। इसमें विकास कार्य सही तरीके से नहीं हो पाता है और किसी व्यक्ति विषेश का नुकसान भी होता है। कहा कि पदाधिकरी, जनप्रतिनिधि और जनता के बीच समन्वय स्थापित कर नीमडीह प्रखंड को जनहित के कार्य में ऊंचाई तक पहुंचाने का प्रयास होगा। सीओ ने कहा कि वंशावली या अन्य किसी भी सफेद कागज पर जनप्रतिनिधि हस्ताक्षर न करें। इस अवसर पर उप प्रमुख शेफाली महतो, नीमडीह मुखिया संघ के सचिव सुलोचना देवी, मुखिया दमयंती सिंह, मुखिया सुभाष सिंह आदि उपस्थित थे।